e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 75
बुधवार
19.03.2025
RNI No. - JHAHIN/2022/81895
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 आमंत्रित मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जिंदगी में जिसने समय को मान लिया, उसने अपने आप को जान लिया!

ताजा खबरों के लिए देखें

**रोजा का समय**
इफ्तार (19.03.25) : शाम 6.01 बजे
सेहरी (20.03.25) : सुबह 4.31 बजे
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## क्विक न्यूज

### जेपी नड्डा ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री लक्सन से की मुलाकात

**नई दिल्ली** : भारतीय जनता पार्टी को जानो पहल के तहत नई दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से मुलाकात की और उनसे कई विषयों पर संवाद किया। मंगलवार को मुलाकात के बाद एक्स पर जानकारी साझा करते हुए नड्डा ने बताया कि मुलाकात के दौरान पार्टी-टू-पार्टी संबंधों को मजबूत करने और आपसी समझ को गहरा करने पर विचार-विमर्श किया। हमारी बातचीत भारत-न्यूजीलैंड संबंधों को मजबूत करने के हमारे साझा लक्ष्य पर भी केंद्रित थी। निरंतर सहयोग और आपसी प्रगति की आशा है।

### हिमाचल प्रदेश में खोले जाएंगे दो नए सैनिक स्कूल : सेठ

**धर्मशाला** : केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में दो नए सैनिक स्कूल खोले जाएंगे। उन्होंने यह जानकारी राज्य सभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी द्वारा पूछे गए सवाल के जबाव में संसद में दी। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार ने पार्टनरशिप मोड के माध्यम से हिमाचल प्रदेश ने दो नए सैनिक स्कूल खोलने का फैसला किया है।उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार ने वर्ष 2021 में एनजीओ, ट्रस्ट, प्राइवेट और सरकारी स्कूलों के साथ सांझेदारी बनाकर नए सैनिक स्कूल खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस निर्णय के अनुरूप केन्द्र सरकार ने पार्टनरशिप मोड के माध्यम से देश भर में 45 नए सैनिक स्कूल खोलने का निर्णय लिया है जिनमें से दो नए सैनिक स्कूल हिमाचल प्रदेश में खोले जाएंगे।

### शेख हसीना परिवार के 31 बैंक खाते फ्रीज करने का आदेश

**ढाका** : बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के दौरान अपदस्थ हुई पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनके पुत्र साजिब वाजेद जॉय, बेटी साइमा वाजेद पुतुल और बहन शेख रेहाना के हितों से जुड़े 31 बैंक खातों को अदालत ने फ्रीज करने का आदेश दिया है। इन खातों में जमा रकम 394 करोड़ 60 लाख 72 हजार 805 टका है। बांग्ला अखबार प्रोथोम अलो की खबर के अनुसार, ढाका शहर के वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश जाकिर हुसैन की अदालत ने मंगलवार को भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) के अलग आवेदन पर सुनवाई करने के बाद यह आदेश पारित किया। इससे पहले 11 मार्च को कोर्ट ने शेख हसीना, साजिब वाजेद जॉय, साइमा वाजेद पुतुल और शेख रेहाना के हितों से जुड़े 124 बैंक खातों को फ्रीज करने का आदेश दिया था।

### असम पुलिस ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर दो घुसपैठियों को पकड़कर वापस भेजा

**गुवाहाटी** : असम पुलिस ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर कड़ी चौकसी बरतते हुए दो बांग्लादेशी नागरिकों को घुसपैठ करते समय पकड़ लिया और उन्हें वापस भेज दिया। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को इस संबंध में जानकारी साझा की।मुख्यमंत्री ने बताया कि पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान इरफान खान और नुरुल अफसर के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में यह पता चला कि वे अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। श्रीभूमि पुलिस की मुस्तैदी से उन्हें समय रहते सीमा पर ही रोक लिया गया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद वापस भेज दिया गया.डॉ. सरमा ने कहा कि असम में अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं।

**रांची का तापमान**
अधिकतम 24°
न्युनतम 13°

### बजट सत्र में उठा सिरमटोली सरना स्थल और पॉलिटेक्निक कॉलेजों की मान्यता का मामला

# बढ़िया से मनेगा सरहुल : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची** : झारखंड विधानसभा में बजट सत्र की पहली पाली की कार्यवाही के दौरान सिरमटोली सरना स्थल आंदोलन और पॉलिटेक्निक कॉलेजों की मान्यता का मामला उठा.भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सिरमटोली सरना स्थल को लेकर हो रहे आंदोलन का जिक्र किया.उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर के रैंप की वजह से सरहुल शोभायात्रा पर पड़ने वाले असर को देखते हुए आंदोलन हो रहा है. चूंकि सदन में सीएम खुद मौजूद हैं, लिहाजा, उन्हें इस मामले का पटाक्षेप करना चाहिए ताकि लोग सरहुल का त्योहार मना सकें.इस पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि अलग-अलग सामाजिक संगठनों के माध्यम से उन्हें पूरे विषय की जानकारी मिली है. सभी संगठनों को आश्वस्त किया गया है कि उनको चिंता करने की जरुरत नहीं है. सरहुल मनेगा और बढ़िया से मनेगा. आपको बता दें कि सरना स्थल के पास सिरमटोली-मेकॉन फ्लाईओवर के रैंप की वजह से पूजा स्थल की गतिविधि प्रभावित होने की आशंका जताते हुए आंदोलन हो रहा है. सोमवार को केंद्रीय सरना स्थल सिरोमटोली बचाव मोर्चा के बैनर तले सीएम समेत विधायकों का पुतला फूंका गया था.इधर, सिसई से झामुमो विधायक जिगा सुसारन होरो ने ध्यानाकर्षण सूचना के तहत अपने विधानसभा क्षेत्र में निर्मित पॉलिटेक्निक भवन का जिक्र करते हुए सरकार से पूछा कि यहां पढ़ाई कब शुरू होगी. उन्होंने कहा कि साल 2022 में जो जवाब आया था, वही जवाब आज भी मिला है. उन्होंने जानना चाहा कि क्या अप्रैल माह से 2025-26 के सत्र की पढ़ाई शुरू हो जाएगी. कब तक एआईसीटीई यानी अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद से मान्यता मिलेगी.

इस पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि पॉलिटेक्निक कॉलेज के संचालन के लिए एआईसीटीई से मान्यता जरूरी है. राज्य सरकार ने प्रभारी प्राचार्य की नियुक्ति कर दी है. एआईसीटीई का अप्रूवल मिलते ही पढ़ाई शुरू हो जाएगी. उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान सत्र में अप्रूवल मिल जाता है तो अगले सत्र से पढ़ाई शुरू हो जाएगी. अगर 2025-26 का सत्र शुरू होने के कुछ माह बाद मिलेगा तो पढ़ाई 2027-28 से शुरू हो पाएगी. मंत्री ने कहा कि प्रभारी प्राचार्य को अनुमोदन प्राप्त करने के लिए अधिकृत किया गया है. पूरा मामला भारत सरकार से जुड़ा हुआ है. सीएम के इस सुझाव पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सीएम को अच्छी तरह से मालूम है कि एआईसीटीई एक स्वतंत्र एजेंसी है. यह मामला 2022 से लटका है. इससे लगता है कि राज्य सरकार के स्तर पर ढंग से प्रयास किया ही नहीं गया है. मंत्री कह रहे हैं कि प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया गया है. इसलिए सीएम को गंभीरता से प्रयास करना चाहिए. केंद्र में भाजपा की सरकार कहकर मामले को टालना सही नहीं है. फिर भी कहीं दिक्कत होगी तो जरुर मदद की जाएगी.

### सदन में गूंजा गिरिडीह में होली के दिन उपद्रव का मामला

रांची: बजट सत्र के प्रश्नकाल की कार्यवाही गिरिडीह हिंसा की भेंट चढ़ गई. सूचना के तहत नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आसन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पूरे मामले से सदन को अवगत कराया. नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि गिरिडीह के धनवार थाना क्षेत्र के घोड़थंबा में रंग-गुलाल खेल रही युवाओं की टोली को पुलिस ने जबरन रोका. इसके बाद दूसरे पक्ष के लोगों ने पेट्रोल बम, पत्थर से हमला बोल दिया.कई दुकानों और गाड़ियों को फूंक दिया लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी रही.बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बाद में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कराया, जिसमें दोनों पक्ष के 40-40 लोगों को नामजद बनाया गया. गिरफ्तारी भी दोनों पक्ष से 11-11 लोगों की हुई। इससे पुलिस की मंशा झलक रही है. लिहाजा, प्रश्नकाल की कार्यवाही स्थगित कर विधि व्यवस्था पर विशेष चर्चा करने की जरूरत है. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि होली जुलूस में शामिल लोग खाली हाथ थे. अब पुलिस रात में घरों में घुसकर निर्दोषों को गिरफ्तार कर रही है. इसपर संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि ऐसे मामलों की चर्चा गृह विभाग के अनुदान मांगों के दिन करना चाहिए. ऐसे मामलों पर राजनीति करना सही नहीं है. वहीं प्रदीप यादव ने कहा कि होली के दिन एकरा मस्जिद और बजरंग दल के लोगों ने एक साथ होली खेलकर मिसाल कायम की है लेकिन गिरिडीह में साजिश के तहत माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई.

सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि पूरे घटनाक्रम का एकपक्षीय चित्रण किया जा रहा है. इस मामले में प्रशासन ने संयम दिखाया था. उस जुलूस में कौन लोग थे जो प्रशासन से हाथापाई कर रहे थे. इस बीच भाजपा के विधायक वेल में हंगामा करते रहे. सरकार के खिलाफ नारेबाजी होती रही.



**सीएम के इस सुझाव पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सीएम को अच्छी तरह से मालूम है कि एआईसीटीई एक स्वतंत्र एजेंसी है. यह मामला 2022 से लटका है.**

### चुनाव आयोग और गृह मंत्रालय की मीटिंग में बड़ा फैसला

# वोटर आईडी से लिंक होगा आधार कार्ड



एजेंसी
**नई दिल्ली** : मतदाता पहचान पत्रों में गड़बड़ी के आरोपों से निपटने के लिए चुनाव आयोग ने अब देश भर के मतदाता पहचान पत्रों (इपिक) को आधार से जोड़ने का अहम और बड़ा फैसला लिया है।साथ ही कहा है कि इसे सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही आयोग और आधार तैयार करने वाली संस्था भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआइडीएआइ) के तकनीक विशेषज्ञ मिलकर काम शुरू करेंगे। आयोग के पास वैसे भी मौजूदा समय में 66 करोड़ से अधिक मतदाताओं के आधार मौजूद है, जिसे मतदाता पहचान पत्रों से जोड़ने के लिए मतदाताओं ने स्वैच्छिक रूप से ही आयोग को मुहैया कराया है।

चुनाव आयोग ने मंगलवार को यह फैसला केंद्रीय गृह सचिव, सचिव विधायी विभाग व यूआईडीएआई के सीईओ के साथ लंबी चर्चा के बाद लिया है। इस चर्चा के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ चुनाव आयुक्त डॉ. एसएस संधू व डा विवेक जोशी मौजूद थे। इस दौरान मतदाता पहचान पत्रों को आधार से जोड़ने से जुड़े सभी कानूनी और तकनीकी पहलुओं को सामने रखा गया। सूत्रों के मुताबिक इस बीच आयोग ने मतदाता पहचान पत्रों को आधार से जोड़ने के लिए तैयार किए एप्लीकेशन के बारे में भी जानकारी दी और बताया कि इससे किसी भी तरह का डाटा एक-एक दूसरे के साथ साझा नहीं होगा। यह सिर्फ मतदाताओं को प्रमाणित करेगी।

साथ ही फर्जी और गलत तरीके से कई बार जोड़े गए मतदाताओं की पहचान को सामने लाएगी। आधार से ईपिक के जुड़ने से मतदाताओं को भी लाभ होगा।आयोग ने बैठक में लोक प्रतिनिधित्व कानून के अनुच्छेद 326 का भी हवाला दिया और कहा कि इसके तहत वोट देने का अधिकार सिर्फ उसी को मिल सकता है जो देश का नागरिक हो। और यह बात सिर्फ आधार से प्रमाणित हो सकती है।

यही वजह है कि इसे आधार जोड़ना जरूरी है।आयोग के मुताबिक इस फैसले से पहले संविधान से जुड़ी धारा 23(4) (5) और (6) के भी कानूनी पहलुओं को देखा गया है। साथ ही इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट के 2023 के फैसले को भी ध्यान में रखा गया है जिसमें आधार को आवश्यक नहीं किया गया था। आयोग के सूत्र मानकर चल रहे हैं कि आधार से इपिक के जोड़ने के लाभ को देखते हुए मतदाता खुद ही इसके लिए आगे आएंगे।


## इंडियल ऑयल के डिपो में लगी भीषण आग



प्रभात मंत्र संवाददाता
**देवघर** : झारखंड के देवघर जिले के जसीडीह थाना क्षेत्र के इंडियन ऑयल के डिपो के परिसर में आग लग गई है। तेज हवाओं के कारण ये आग तेजी से फैल रही है। इस आग की चपेट में आने से कोंकरीबांक पंचायत के मुखिया बदलाडीह गांव निवासी सरस्वती मूर्मू, अनिता टुडू व रानी मरांडी का घर जलकर राख हो गया है।


एक मंदिर भी आग की चपेट में आ गया। दमकल की कई गाड़ियां और आइओसीएल की टीम आग पर काबू करने का प्रयास कर रही है। बताया जा रहा है कि आग लगातार बढ़ता ही जा रहा है। तेज हवा और गर्मी के कारण आग को काबू करने में काफी परेशानी हो रही है।आग की लपटों को देखते हुए पास के दो गांव बदलाडीह और संताली को खाली करा दिया गया है। आग इतनी भयानक है कि कई किमी दूर आसमान सिर्फ काला धुआं दिखाई दे रहा है।आसमान में काले बादल छा गए हैं। ये धुआं देवघर शहर में भी पूरी तरह से फैल चुका है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि इंडियन ऑयल की पार्किंग में उगे सूखे हुए घास में आग लग गई। देखते ही देखते आग आसपास के क्षेत्र में फैल गई। दमकल की गाड़ियां पहुंचकर आग बुझाने के प्रयास में जुट गई है। खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन व पुलिस की टीम भी लगातार नजर रखे हुए हैं। लोगों को इस इलाके से दूर रहने का निर्देश दिया जा रहा है।

## मुठभेड़ के बाद हुए आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ जवान घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता
**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराईकेला थानान्तर्गत राधा पोड़ा के जंगल में मंगलवार को नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली भाग निकले। इस दौरान नक्सलियों द्वारा लगाये गए आईईडी की चपेट में सीआरपीएफ 134 बटालियन के एसआई सुबोध कुमार आ गए। घायल एसआई को प्राथमिक उपचार के बाद एयरलिफ्ट के जरिए रांची भेजा गया है। डाक्टरों के अनुसार उनकी स्थिति स्थिर है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि आईईडी विस्फोट में एक एसआई घायल हुआ है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा गया है। पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई लेकिन पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल का फायदा उठाकर भाग गये। सर्च अभियान में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया है।वहीं दूसरी ओर गोइलकेरा थाना क्षेत्र में नक्सलियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान नक्सल डंप से गोला-बारूद बरामद किया गया है। सुरक्षाबलों को गोला-बारूद छुपाकर रखने की सूचना मिली थी। सूचना पर सर्च अभियान के दौरान गोईलकेरा थाना क्षेत्र के हाथीबुरू और लोवाबेडा के बीच एक नक्सल डम्प को सुरक्षा बलों ने ध्वस्त किया। नक्सल डम्प से 4 किग्रा का 2 केन आईईडी, 20 मीटर कॉर्डेक्स वायर, 50 पीस इलेक्ट्रिक स्विच, एक किग्रा स्प्लिंटर, 40 पीस सिरिंज, 2 एमएम का 100 मीटर इलेक्ट्रिक वायर, 4 एमएम का 20 मीटर इलेक्ट्रिक वायर सहित अन्य दैनिक उपयोग का सामान मिला है। बरामद विस्फोटक सामग्री को भी सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता की सहायता से नष्ट किया गया।

## मनरेगा के तहत न्यूनतम मजदूरी बढ़ाए सरकार : सोनिया गांधी



एजेंसी
**नई दिल्ली** : कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को व्यवस्थित रूप से कमजोर करने का आरोप लगाया. इस दौरान उन्होंने इस कानून के तहत न्यूनतम मजदूरी और कार्य दिवसों की संख्या बढ़ाए जाने की मांग की.राज्यसभा में शून्यकाल के तहत इस मुद्दे को उठाते हुए सोनिया गांधी ने इस कानून को जारी रखने और साथ ही इसका विस्तार करने के लिए पर्याप्त वित्तीय प्रावधान किए जाने की भी मांग की.उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक कानून लाखों ग्रामीण गरीबों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच रहा है. उन्होंने कहा, हालांकि यह गहरी चिंता का विषय है कि वर्तमान भाजपा सरकार ने व्यवस्थित रूप से इसे कमजोर कर दिया है. इसके लिए बजट आवंटन 86 हजार करोड़ रुपये पर स्थिर बना हुआ है, जो जीडीपी के प्रतिशत के रूप में 10 साल का सबसे कम प्रतिशत है.कांग्रेस संसदीय दल की नेता ने कहा कि इस कानून को आधार आधारित भुगतान प्रणाली और राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली समेत कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने यह भी कहा कि मजदूरी भुगतान और मजदूरी दरों में लगातार देरी मुद्रास्फीति की भरपाई के लिए पर्याप्त नहीं है. कांग्रेस नेता ने कहा कि इन चिंताओं के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि योजना को जारी रखने और इसका विस्तार करने के लिए पर्याप्त वित्तीय प्रावधान किए जाएं.सोनिया गांधी ने सरकार से मनरेगा को लेकर मांग करते हुए कहा, इसके साथ ही मजदूरी में प्रति दिन 400 रुपये की न्यूनतम वृद्धि की जाए.

## महाकुंभ में पूरे विश्व ने देखा भारत का विराट स्वरूप : पीएम मोदी



एजेंसी
**नई दिल्ली** : पीएम मोदी मंगलवार को लोकसभा में महाकुंभ के आयोजन पर बोले। उन्होंने इस दौरान इस आयोजन में योगदान देने वालों का धन्यवाद किया।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा,आज मैं इस सदन के माध्यम से देशवासियों को नमन करता हूं, जिनकी वजह से महाकुंभ का सफल आयोजन हुआ है। महाकुंभ की सफलता में अनेक लोगों का योगदान है। मैं सभी कर्मयोगियों का अभिनंदन करता हूं। मैं देश भर के श्रद्धालुओं, उत्तर प्रदेश व विशेष रूप से प्रयागराज की जनता का धन्यवाद करता हूं। पीएम ने कहा कि पिछले वर्ष अयोध्या के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह ने हम सभी को यह अहसास कराया कि देश अगले 1000 वर्षों के लिए कैसे तैयार हो रहा है। इस वर्ष महाकुंभ ने हमारी सोच को और मजबूत किया है, तथा देश की सामूहिक चेतना हमें देश के सामर्थ्य के बारे में बताती है। पीएम ने कहा,मानव जीवन के इतिहास में ऐसे कई मोड़ आते हैं, जो पीढ़ियों को दिशा देते हैं। पीएम मोदी ने महाकुंभ पर बोलते हुए कहा कि आयोजन के दौरान लोग सुविधा-असुविधा की चिंता छोड़कर इसमें शामिल हुए। पीएम ने कहा कि पीढ़ी दर पीढ़ी हमारे संस्कारों के आगे बढ़ने का क्रम जारी है।

**मैं मोदी जी की बात से सहमत हूं : राहुल गांधी**
पीएम मोदी के संबोधन पर बोलते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि हम भी उनकी बात से कुछ हद तक सहमत हैं। राहुल ने आगे कहा कि हमारी एकमात्र शिकायत यह है कि पीएम ने कुंभ में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि नहीं दी। महाकुंभ में गए युवा भी पीएम मोदी से एक और चीज चाहते हैं, वह है रोजगार।

## रिश्वत लेते अरेस्ट हुए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता
**रांची** : अपने कार्यालय में ही घुस लेते तमाड़ के प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को रांची एसीबी की टीम ने पकड़ा है. आरोपी पदाधिकारी अभिजीत चैल को 10 हजार घुस लेते रंगेहाथ पकड़ा गया है. पीड़ित धनंजय साहू ने रांची एसीबी में लिखित शिकायत किया था. जिसमे बताया गया था कि इनके पैतृक गाँव परसा में इनके नाम से सरकारी जन वितरण प्रणाली की दुकान है।. जिसे ये वर्ष 1989 से संचालित करते आ रहे है. वर्तमान में तमाड़ प्रखण्ड में प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अभिजित चैल के द्वारा जन-वितरण प्रणाली दुकान से 3000 प्रति माह अवैध रूप से रिश्वत की वसूली की जा रही है. 8 मार्च को प्रभारी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी अभिजीत चैल दुकान पर आकर सरकारी राशन की दूकान चलाने के लिए 20000 रुपये रिश्वत की मॉग की. एसीबी जब पीड़ित के दिये गए आवेदन पर सत्यापन किया तो अभिजीत चैल पर लगे आरोपों को सत्य पाया. इसके बाद रांची एसीबी थाना (कांड संख्या 04/2025) में मामला दर्ज किया गया.

**असर्फी कैंसर संस्थान**
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# सरस्वती विद्या मंदिर जपला में दीक्षांत सह स्नेह मिलन समारोह का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** स्थानीय नहर मोड़ स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में दीक्षांत सह स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह में कक्षा-दशम् के सभी भैया-बहनों ने भाग लिया। वहीं विद्यालय के यशस्वी एवं सक्रिय आचार्य अजय कुमार का स्नेह मिलन सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुमंडल पदाधिकारी सह उप समाहर्ता भूमि सुधार विभाग, हुसैनाबाद, सचिव राकेश तिवारी, अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र कुमार चंदेल, कोषाध्यक्ष कामख्या नारायण सिंह, सतीश कुमार सिंह, आलोक कुमार, अवकाश प्राप्त आचार्य अजय कुमार,प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती, ऊं तथा भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कक्षा नवम् में अध्ययनरत भैया-बहनों ने स्वागत गीत से कार्यक्रम का शुरुआत किया। इस दौरान नवम कक्षा के भैया-बहनों ने दसवीं के भैया-बहनों को उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान आचार्य अरविंद यादव ने बच्चों के बीच गीत से मनमोहित कर दिया, जिससे बच्चों ने विद्यालय में बीते पल को याद किया और रो पड़े। बच्चे ही नहीं शिक्षकों के आंखों में भी आंसू छलक पड़े। वहीं कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर एक देश भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने भैया-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि यह क्षण हमें दुःख के साथ सुख की भी अनुभूति कराता है। कई वर्षों से साथ रहकर जो अपनत्व का भाव है उससे आज बिछुड़न हो रहा है, किंतु जब यहां की अच्छाई, संस्कार एवं अनुशासन को समाज में बिखेरने के साथ अच्छे पद पर सुशोभित होंगे तो विद्यालय को गौरवान्वित महसूस होगा। यह हमारे लिए सुख की घड़ी होगी। विद्यालय परिवार ने दसवीं कक्षा के बच्चों को विदाई से पूर्व सम्मानित किया। विद्यालय के भैया -बहनों ने अपने दस बारह वर्षों के अनुभव को शेयर करते हुए कहा कि प्रारंभ में मन नहीं लगने के बावजूद धीरे-धीरे हमलोग आचार्य-दीदी जी से इतना घुल मिल गए कि यह विद्यालय एक परिवार सा लगने लगा और परिवार को छोड़कर जाने में दुःख तो होता ही है। वहीं मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे समय का हमेशा सदुपयोग करें और गुरु के बताए मार्गों पर हमेशा चलने का प्रयास करें तभी आपका जीवन सफल होगा। समय और धैर्य दोनों ही जीवन में सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं। हमेशा खुद पर भरोसा रखें, तब भी जब दूसरे आप पर संदेह करें। आप अद्भुत चीजें करने में सक्षम हैं, और कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ, आप वह सब कुछ हासिल कर सकते हैं जो आप अपने मन में ठान लें। वहीं आचार्य अजय कुमार ने समय को महत्व देते हुए एक कुशल शिक्षक के रूप में विद्यालय में सेवा दिया। विद्यालय को आगे बढ़ाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र कुमार चंदेल व सचिव राकेश तिवारी ने स्वस्थ्य व परिवार के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत करने की शुभकामनाएं दी। विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें शॉल ओढ़ाकर, अंगवस्त्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य दीपक पाण्डेय, रणजीत मिश्रा, राजेश्वर सिंह यादव, हर्षदा चौबे, राजकुमार सिंह, अभिषेक पाठक, मृत्युंजय प्रसाद, छाया कुमारी,शशि कुमार,नीतीश मिश्रा, सुनील गुप्ता सहित सभी आचार्य-दीदी जी का सराहनीय योगदान रहा।

## रामनवमी पूजा को लेकर महावीर नवयुवक दल जनरल की कमेटी का गठन, अध्यक्ष बने मुकेश



**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर-शाहपुर रामनवमी पूजा को लेकर महावीर नवयुवक दल जेनरल शाहपुर की बैठक मंगलवार को देवी मंदिर प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता शिव दुर्गा मंदिर के पुरोहित राजेंद्र मिश्र ने किया।बैठक में शाहपुर एवं आसपास के कई हिंदू धर्म प्रेमी शामिल हुए।बैठक के दौरान रामनवमी पूजा में होने वाले खर्च पर विचार विमर्श किया गया एवं अध्यक्ष के द्वारा पिछले साल का आय व्यय का जानकारी दी। बैठक का संचालन सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने किया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से अध्यक्ष मुकेश जायसवाल उर्फ लड्डू को चुना गया एवं लोगों के द्वारा माला पहनकर सम्मानित किया गया। वहीं दीपक जायसवाल, सोनू जायसवाल, पंकज जायसवाल, सुनील गुप्ता, शशांक सुमन, मोनू जायसवाल को उपाध्यक्ष बनाया गया है। मनोज जायसवाल, पिंटू जायसवाल को सचिव बनाया गया है। लाल बाबू पासवान, मिंशु जायसवाल को उप सचिव। सुनील कुमार गुप्ता को कोषाअध्यक्ष, लवलेश प्रजापति को कैप्टन।दिनेश पासवान,राजेंद्र पासवान को उपकैप्टन।गणेश प्रसाद जायसवाल एवं सत्यजीत जायसवाल को महामंत्री। अनिल रवि को संगठन मंत्री, मुन्ना सोनी, विश्वजीत जायसवाल, राकेश जयसवाल, जयप्रकाश गुप्ता उर्फ गुड्डू, जयप्रकाश सोनी, पंकज जायसवाल, कुलदीप विश्वकर्मा, बबन गुप्ता, विकास कुमार प्रभाकर, विशाल सोनी को मंत्री बनाया गया है। अमित सोनी को कार्यालय मंत्री तथा संरक्षक के रूप में पत्रकार धर्मेंद्र जायसवाल, रामजी प्रसाद जायसवाल, सहेंद्र जायसवाल डब्लू, धीरज जायसवाल, राजेंद्र मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे, त्रिपुरारी जायसवाल, बबलू अग्रवाल, शशिकांत गुप्ता उर्फ गुड्डू, बेचन जायसवाल, उमेश जायसवाल का नाम शामिल है। बैठक के दौरान अध्यक्ष मुकेश ने बताया कि रामनवमी पूजा इस वर्ष भी बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ शांति सौहार्द वातावरण में मनाया जाएगा एवं बाहर के कलाकारों के द्वारा झांकी की प्रस्तुति भी होगी एवं लाईट से स्वामी विवेकानंद चौक व मंदिरों को सजाया जाएगा।

## जपला आरपीएफ ने महिला बोगी में यात्रा कर रहे सात को पकड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** जपला रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने जांच अभियान चलाकर महिला बोगी में यात्रा करने के जुर्म में 7 यात्रियों को पकड़कर जुर्माना वसूल किया। बताया जा रहा है कि आरपीएफ को लगातार शिकायतें मिल रही थी कि महिला बोगी में पुरुष यात्री बैठ कर अवैध रूप से यात्रा करते हैं। जिससे महिला यात्रियों को काफी परेशानी होती है। शिकायत के आलोक में आरपीएफ ने जांच अभियान चलाया। अभियान में विभिन्न ट्रेनों से महिला व दिव्यांग बोगी में यात्रा करते 7 पुरुष यात्री को पकड़कर रेलवे एक्ट के तहत जुर्माना वसूल किया। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि महिला व दिव्यांग बोगी में अवैध रूप से पुरुष रेल यात्री बैठकर सफर करते हैं। जिससे महिला यात्रियों व दिव्यांगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसके आलोक में पुलिस ने जांच अभियान चलाकर 7 यात्री को पकड़कर जुर्माना वसूल किया है। उन्होंने सुरक्षित यात्रा के लिए पुरुष यात्रियों को महिला व दिव्यांग बोगी में यात्रा नही करने की अपील की है।इस अभियान में एसआई कार्तिक बिंझा, एएसआई उमेश चंद्रा, आरक्षी सुधीर कुल्लू, अनवर हुसैन, छोटेलाल यादव, बिनोद यादव समेत कई अन्य आरक्षी शामिल थे।

## डीपीआरओ ने मुखिया एवं पंचायत सचिवों के साथ की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को जिला पंचायती राज पदाधिकारी विनय श्रीवास्तव ने मुखिया व पंचायत सेवक के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें प्रखंड के सभी पंचायतों में संचालित पंद्रहवी वित्त मद की राशि की आय व्यय की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश कर्मियों को दिया। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023 - 24 में पंचायतों में पंद्रहवीं वित्त के मद से क्रियान्वित योजनाओं की वित्तीय अंकेक्षण करवाने, पंचायत भवन सुदृढ़ीकरण को लेकर आवंटित राशि का सदुपयोग करने का निर्देश दिया गया। सभी पंचायत भवन में बायोमीट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लगवाने का निर्देश दिया गया साथ ही उन्होंने कहा कि पूर्वडीहा, अवसाने, नरसिंहपुर पथरा पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिव 15 वें वित्त आयोग्य मद से क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा नहीं किया हैं वह शीघ्र करें और उन्होंने कहा कि नियमानुसार मुखिया व पंचायत सचिव पूर्ण योजनाओं का ही राशि खर्च करें और वहीं प्रखंड समन्वयक अमित चौबे ने डीपीआरओ के समक्ष तीन पंचायत में अवसाने, पूर्वडीहा व कोशियारा का सहायक चयन शीघ्र नहीं होने की जानकारी से अवगत कराया और जिसपर पंचायती राज पदाधिकारी ने पंचायत सचिव व मुखिया को अविलंब प्रस्ताव पारित कर प्रखंड कार्यालय को प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मौके पर समीक्षा बैठक में डीपीएम प्रकाश झा, प्रखंड समन्वयक अमित चौबे सहित दर्जनों मुखिया व पंचायत सचिव उपस्थित थें।

## सुरक्षा प्रहरी की तेजधार हथियार से की हत्या



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद बीआरसी कार्यालय में ऑन ड्यूटी सुरक्षा प्रहरी की शव को पुलिस ने मंगलवार की सुबह बरामद की है. मृतक रामदेव ठाकुर उर्फ सीता राम ठाकुर 55 थाना क्षेत्र के सदाजल गांव का रहने वाला था, जानकारी के अनुसार रामदेव ठाकुर सोमवार की शाम ब्लॉक रोड स्थित उतर कोयल सिंचाई विभाग परिसर में बीआरसी कार्यालय में ड्यूटी पर आया था, मंगलवार की सुबह जब वह घर नहीं लौटा तो उसके घर वालों ने उसके मोबाइल पर संपर्क किया, संपर्क नहीं होने पर मृतक का बेटा गौतम ठाकुर मंगलवार की सुबह कार्यालय पहुंचकर देखा तो मेन गेट अंदर से बंद था, उसने आवाज लगाई लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने पर कार्यालय के पिछे से किसी तरह अंदर जाकर देखा तो रूम में नहीं है, जब छत पर चढ़ा तो देखा की नीचे जमीन पर लगे एक गद्दे पर पड़े हुए है और उनका सिर खून से लथपथ था, उनका मोबाइल वहीं पर पड़ा हुआ था, इसकी सूचना बीआरसी कार्यालय के कर्मियों को दी, जानकारी मिलते ही कर्मियों ने इस घटना की जानकारी थाना को दी, सूचना मिलते ही हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस मोहम्मद याकूब, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी दल बल के साथ पहुंचकर घटना की जांच की, और शव का पंचनामा बनकर पोस्टमार्टम करवाने के लिये अनुमंडलीय अस्पताल भेजना चाहा, लेकिन वहां मौजूद बीआरसी कर्मी शिक्षक पारा शिक्षकों के अलावा मृतक के परिजनों ने पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक, को घटनास्थल पर बुलाने की मांग कर रहे थे, सूचना पर अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, सीओ, बीडीओ ने लोगों को समझाने की कोशिश की, और आश्वस्त कराया की सरकारी जो भी लाभ होगा उसके आश्रितों को दी जाएगी।

## चैनपुर में रामनवमी पूजा को लेकर बैठक, अध्यक्ष बने घनश्याम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** नगर निगम स्थित चैनपुर में एकता विकास संघ द्वारा रामनवमी पर्व धूम धाम के साथ मनाने को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए घनश्याम प्रसाद, उपाध्यक्ष पद के लिए राहुल शर्मा, श्याम गुप्ता, बीरू गुप्ता व सचिव पद के लिए सतनारायण यादव व सुमित गुप्ता का चयन किया गया है। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि रामनवमी पर्व के दौरान 100 तलवार का वितरण किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से सरयू प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, मनोज कुमार, मनोज गुप्ता, अर्जुन यादव, दीपक यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

## सांसद वीडी राम का प्रयास लाया रंग

# रूस से 19-20 मार्च को गढ़वा निवासी रवि चौधरी का पार्थिव शरीर भारत आने की उम्मीद : अलख दुबे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** रूस के चेरिपोवेट्स शहर में काम के दौरान मृत गढ़वा जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत औरईया गांव निवासी रवि कुमार चौधरी का पार्थिव शरीर भारत लाया जा रहा है। इस आशय की जानकारी विदेश मंत्रालय के अवर सचिव बिभूतिनाथ पांडेय ने सांसद विष्णु दयाल राम के पत्र के आलोक में उनके निजी सचिव अलख दूबे को दी है। साथ ही अवर सचिव ने श्री दूबे से सांसद को उचित रूप से अवगत कराने का अनुरोध किया है। सांसद के निजी सचिव अलख दूबे ने बताया कि विगत 15 मार्च को मेराल प्रखंड अंतर्गत औरईया गांव निवासी विरेंद्र चौधरी ने सांसद को आवेदन देकर रूस के चेरिपोवेट्स शहर में काम के दौरान मृत अपने पुत्र रवि कुमार चौधरी का पार्थिव शरीर को स्वदेश वापस लाकर उन्हें सुपुर्द कराने कराने की गुहार लगाई थी। जिसके आलोक में सांसद ने 15 मार्च को विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखकर तुरंत हस्तक्षेप करने और रूस की राजधानी मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क कर रवि कुमार चौधरी का पार्थिव शरीर स्वदेश लाकर परिजनों को सुपुर्द करने का अनुरोध किया था। जिसके आलोक में विदेश मंत्रालय ने हस्तक्षेप कर पार्थिव शरीर वापस लाने की प्रक्रिया शुरू हुई है। सांसद के निजी सचिव ने बताया कि विदेश मंत्रालय के अवर सचिव ने उन्हें अवगत कराया है कि मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास ने सूचित किया है कि रवि कुमार चौधरी रूस के चेरेपोवेट्स में सेवरस्टल पेलेट मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स में इएसटीए कंस्ट्रक्शन कंपनी के कॉर्पोरेट पार्टनर ओ ओ ओ लेव स्टोरी में काम कर रहे थे। कंपनी ने विगत 14 मार्च को उनकी पत्नी को रवि की मृत्यु के बारे में सूचित किया। दूतावास उनके परिवार और कंपनी द्वारा नियुक्त एजेंट के संपर्क में है। कंपनी उनके पार्थिव शरीर को भारत लाने के लिए सभी व्यवस्थाएं की है। एजेंट ने दूतावास को सूचित किया कि स्व. रवि कुमार चौधरी के पार्थिव शरीर को 17 मार्च को चेरेपोवेट्स से मॉस्को लाया गया है। रवि कुमार चौधरी की मृत्यु के पंजीकरण के लिए अंतिम संस्कार एजेंट सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ 19 मार्च को दूतावास का दौरा करेगा और 19/20 मार्च 2025 को पार्थिव शरीर को भारत ले जाने की उम्मीद है। इसके लिए दूतावास सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगा।

## वन संपदा को आग से बचाने के लिए वन विभाग का अनूठा पहल, प्रचार वाहन से गीत के माध्यम से ग्रामीणों को किया जा रहा है जागरूक



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वन संपदा को आग से बचाने के लिए वन विभाग का अनूठा पहल प्रचार वाहन से गीत के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। विदित हो की महुआ चुनने के समय महुआ चुनने वाले ग्रामीणों द्वारा पेड़ के नीचे सफाई करने के नाम पर आग लगाया जाता है जिससे पूरा जंगल आग की चपेट में चला जाता है यह आग कभी कभी विकराल रूप धारण कर लेता है जिसे बुझाने में विभाग को भारी मसकत करना पड़ता है इस कारण वन संपदा को भारी नुक्सान उठाना पड़ता है उक्त संबंध में जानकारी देते हुए धुरकी वन क्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार यादव ने बताया की महुआ चुनने के समय ग्रामीणों द्वारा पेड़ के नीचे सफाई करने के नाम पर आग लगा दिया जाता है कभी कभी आग विकराल रूप धारण कर पूरे जंगल को अपने चपेट में कर लेता है जिस कारण वन विभाग को भारी नुक्सान उठाना पड़ता है आग की चपेट में पेड़ो के साथ साथ अन्य जीव भी जल कर खाक हो जाते है या आग से बचने के लिए जंगली जानवर गांव की ओर अपना रुख कर लेते है इससे ग्रामीणों को नुकसान पहुंचता है इसे देखते हुए विभाग अपने प्रचार वाहन से गीत संगीत के माध्यम से जागरूक कर रहा है साथ ही उन्होंने बताया की आग लगने वाले ग्रामीणों को चिन्हित कर वन अधिनियम के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई किया जाएगा उन्होंने कहा की ग्रामीणों को आगाह किया जाता है की महुआ चुनने के लिए आग नहीं लगाए अन्यथा ग्रामीणों के जुर्माना के साथ साथ दश वर्ष तक कठोर कारावास की सजा भुगतना पड़ सकता है।

## श्री बंशीधर मंदिर में दर्शन के नए समय की घोषणा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव 2025 के दौरान भक्तों की सुविधा और मंदिर में सुचारू दर्शन व्यवस्था बनाए रखने के लिए विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक श्री बंशीधर कृष्ण बंशीधर मंदिर के दर्शन समय में बदलाव किया गया है। मंदिर प्रशासन के अनुसार, 19 और 20 मार्च को दोपहर 12:00 से 12:30 बजे तक मंदिर के कपाट बंद रहेंगे, जिसके बाद 12:30 बजे से पुनः दर्शन के लिए मंदिर खोला जाएगा। यह निर्णय श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट, आचार्यों और श्रद्धालुओं की बैठक में लिया गया। इस संबंध में जानकारी ट्रस्ट के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव ने दी।बताते चले कि हर साल राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव में देशभर से हजारों श्रद्धालु और पर्यटक शामिल होते हैं। इस बार भी भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन ने मिलकर दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए यह फैसला लिया है। महोत्सव के दौरान मंदिर में भक्तों की संख्या अधिक होने के कारण प्रबंधन को दर्शन और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता था। इसी को ध्यान में रखते हुए मंदिर के कपाट दोपहर 12ः00 से 12:30 बजे तक बंद रखने का निर्णय लिया गया है। श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट ने सभी श्रद्धालुओं से निर्धारित समय का पालन करने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। ट्रस्ट ने यह भी कहा कि मंदिर परिसर में शांति और अनुशासन बनाए रखें ताकि सभी भक्तों को सुगम दर्शन का अवसर मिल सके।श्री बंशीधर महोत्सव को लेकर पूरे शहर में उत्साह का माहौल है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इस बार महोत्सव में भक्ति, संगीत, कला और मनोरंजन का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। प्रशासन और मंदिर प्रबंधन मिलकर इस ऐतिहासिक आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे।

## गुरीः सात दिवसीय ज्ञान महायज्ञ को लेकर निकली कलश शोभा यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** जिला स्थित गुरी ग्राम में ज्ञान महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा को लेकर मंगलवार को कलश शोभा यात्रा निकाली गई. इस कलश यात्रा में काफी संख्या में लोग शरीख हुए कलश यात्रा की शुरुआत ग्राम गूरी से बाजे- गाजे के साथ राजहरा झरना शिव मंदिर तक पहुंची। जहां पहुंच कर आचार्य रमाकांत पाठक के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ कलस में जल भरा गया, और पुणः भगवान की जयकारा लगाते हुए कल शोभा यात्रा यज्ञ मंडप तक पहुंची। इस यज्ञ का मुख्य यजमान संजीव कुमार मिश्रा व उनकी धर्मपत्नी प्रियंका मिश्रा के द्वारा पूजा पाठ कर यज्ञ की शुरुआत की गई, यज्ञ कार्यक्रम आज दिन मंगलवार 18/3/2025से लेकर 26/3/2025 बुधवार को हवन पूर्णावती भंडारे के साथ यज्ञ संपन्न होगी।महायज्ञ कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश मिश्रा ने बताया.इस दौरान प्रतिदिन सायंकाल में गौरव कृष्ण पाठक के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा धर्म प्रेमी लोगों के बीच सुनाई जाएगी व अयोध्या नगरी के स्वामी अनंताचार्य जी महाराज शिवपुराण का कथा भी होगी। महायज्ञ का आयोजन रामवृक्ष मिश्रा मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा किया गया है, जिसमे स्थानीय लोगों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है. श्री मिश्रा ने आम लोगों से महायज्ञ में शामिल होने का आग्रह किया है. मौके पर समाजसेवी सह शिक्षाविद अशोक पांडे, भाजपा वरिष्ठ नेता सुनील कुमार पांडे, अखिल भारतीय हिंदू महासभा प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार पांडे, कांग्रेसी नेता संतोष कुमार चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ चलाया अभियान

**रांची** : शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सोमवार की देर रात जिला प्रशासन ने अभियान चलाया। इस दौरान कई वाहन चालक ऐसे मिले, जिन्होंने शराब पी रखी थी। ऐसे लोगों का चलान काटा गया और जुर्माने की वसूली की गई। जानकारी के अनुसार रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर बीती देर रात रांची शहर के विभिन्न इलाकों में क्ष्ड्रंक एंड ड्राइव अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व डीटीओ अखिलेश कुमार कर रहे थे। अभियान के दौरान वाहन चालकों से कहा गया कि वह वाहन चलाते वक्त सुरक्षा नियमों का पालन करें। खुद सुरक्षित रहें और दूसरों के लिए भी खतरा ना बनते हुए उन्हें सुरक्षित रखें। इस दौरान जो लोग शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गए, उनसे जुर्माना वसूला गया।

### रेलवे ट्रैक पर मिला महिला का शव

**रांची** : पुलिस ने रेलवे ट्रैक पर एक महिला का शव बरामद किया है। यह घटना रांची के नयासराय टुण्डुल के पास की है। यहां मंगलवार की सुबह डोरिया टोली रेलवे लाइन से एक महिला का शव बरामद किया गया है। महिला का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पाया गया है। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की पहचान नहीं हो पायी है। आशंका जतायी जा रही है कि महिला की मौत ट्रेन से गिरकर या फिर ट्रेन की चपेट में आकर हुई है। पुलिस महिला की पहचान कराने में जुटी है।

# झारखंड गठन के बाद पहली बार विस में विधायकों को दिया गया मांदर

परवेज कुरैशी@प्रभात मंत्र

**रांची** । सरहुल पर्व नजदीक है और इसकी तैयारी आदिवासी समुदायों द्वारा बढ़ चढ़कर किया जा रहा है ।

सरहुल पर्व प्राकृतिक पर्व है। प्राकृतिक पूजा के साथ-साथ मंदार की थाप पर थिरकना यहां की परंपरा रही है और इसी परंपरा को झारखंड बरसों से संजोए हुए हैं, लेकिन झारखंड गठन होने के बाद कभी विधानसभा में मंदार विधायकों को तौहफा दिया गया ऐसा नहीं है, लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार में अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने ही पहल की शुरुआत की है । उनकी पहल पर झारखंड विधानसभा में बजट सत्र के दौरान मंगलवार को नए मंदार सभी विधायकों को भेंट



स्वरूप दिया गया है। झारखंड विधानसभा में पहली बार यह पहल की गई है जो सभी विधायक प्रशंसा भी कर रहे हैं ।

इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन को भी मांदर भेंट की गई । मौके पर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन, अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा, सचिव अजय नाथ झा सहित कई लोग शामिल थे।

बता दें कि यह मांदर सिमडेगा जिला में पारंपरिक तरीके से बनाया जा रहा है। बतौर इसका प्रशिक्षण भी दिया गया था और कई स्थानीय लोक कलाकरों ने मांदर बनाने भी प्रशिक्षण भी प्राप्त कर रहें हैं।

## स्टाफ आर्म्ड गार्डस का दो दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया के स्टाफ आर्म्ड गार्डस का वित्तीय वर्ष 2024-25 का दो दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम महाप्रबंधक मनोज कुमार की गरिमामई उपस्थिति में किया गया। यह कार्यक्रम 18 मार्च और 19 मार्च को आयोजित किया जाएगा। आज दिनांक 18 मार्च को केस स्टडी और सुरक्षा उपकरणों के बारे में जानकारी दी गई। 19 मार्च को खेलगांव स्थित रेंज नंबर 2 में बैंक के गन से फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कुल 66 स्टाफ आर्म्ड गार्डस ने हिस्सा लिया। एफ.जी.एम.ओ रांची के सुरक्षा अधिकारी ओम प्रकाश, हजारीबाग अंचल के सुरक्षा अनिल लकरा, जमशेदपुर अंचल के सुरक्षा अधिकारी संजय पांडेय तथा मुन्ना लाल उपस्थिति थे।

## चुप चाप मार्च लूट की ओर बढ़ रही हेमंत सरकार: प्रतुल शाहदेव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की हेमंत सरकार चुप चाप मार्च लूट की ओर बढ़ रही है। प्रतुल ने कहा 2024 - 25 के बजट में जनवरी तक बजट की राशि का सिर्फ 60 प्रतिशत हिस्सा खर्च हुआ था।यानी 2 महीने में 40 प्रतिशत राशि खर्च होने की तैयारी है। जबकि नियमों और परंपराओं के अनुसार मार्च में अधिकतम सिर्फ 15 प्रतिशत राशि की निकासी हो सकती है। प्रतुल ने कहा कि सबसे अफसोस जनक स्थिति विकास से जुड़े विभागों की है जहां बड़ी संख्या में राशि अभी तक खर्च नहीं हुई। इसके बंदरबांट की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। प्रतुल ने कहा कि पहले से जल जीवन मिशन में फिसड्डी चल रही हेमंत सरकार ने मौजूदा बजट में तो सारी सीमाएं पार कर दी है। फरवरी तक पेयजल विभाग ने योजना और विकास की सिर्फ 10 प्रतिशत राशि ही खर्च की है। 4500



करोड़ रुपयों के विभाग के बजट के तुलना में फरवरी तक सिर्फ 438 करोड रुपए खर्च हुए हैं। ऐसी स्थिति में कई पेयजल योजनाएं अटक गए हैं। जल जीवन मिशन के लिए केंद्र सरकार झारखंड सरकार को बहुत बार नसीहत दे चुकी है। अभी भी झारखंड के लगभग लाख घरों में नल से जल नहीं पहुंच पाया है। प्रतुल ने कहा पेयजल विभाग में फरवरी तक सिर्फ 10त्न राशि का खर्च होना एक आपराधिक मामला है। आम जनों को राहत देने वाले विभाग में इस तरह के लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं हो सकती।अब या तो विभाग में बड़े पैमाने पर सिर्फ मार्च में 90 प्रतिशत राशि का खर्च दिखा के लूट करने की तैयारी है या पैसा सरेंडर हो जाएगा। दोनों स्थिति प्रदेश की जनता के लिए विकट है।

## राज्यपाल गंगवार ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्य के विकास और विधि-व्यवस्था से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल ने इस अवसर पर राज भवन की ओर से प्रकाशित राजभवन पत्रिका की प्रति प्रधानमंत्री को भेंट की। उल्लेखनीय है कि यह पत्रिका 31 जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 तक राजभवन झारखंड की विभिन्न गतिविधियों पर आधारित है।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डीएसपी रहे प्रदीप कुमार को कर दिया निलंबित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एटीएस के तत्कालीन डीएसपी रहे प्रदीप कुमार को निलंबित करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही चलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि डीएसपी प्रदीप कुमार के आचरण और कृत्यों से पुलिस की गरिमा और छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इसलिए, उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही के लिये विभाग को निर्देशित किया गया है। इस मामले के सामने आने के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने त्वरित ठोस कदम उठाया और आरोपी पुलिस पदाधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने



के आदेश दिये।

बताया जाता है कि बिहार के औरंगाबाद जिले के रहने वाले एक युवक ने डीएसपी प्रदीप कुमार पर गंभीर आरोप लगाये थे। युवक ने बताया था कि प्रदीप कुमार का उसकी पत्नी से नजदीकी संबंध है। वे रात-रात भर उनकी पत्नी से बात करते हैं। वहीं, जब उसने इसका विरोध किया, तो डीएसपी द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। व्यक्ति ने यह भी आरोप लगाया था कि डीएसपी प्रदीप कुमार उसे अपनी पत्नी को तलाक देने का दबाव बना रहे थे और न मानने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहे थे।

## सीएनआई चर्च छोटानागपुर डायसिस के बिशप ने भी भेजा पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया (डायसिस ऑफ छोटानागपुर) के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित सूबे के मंत्रियों से विधानसभा में मुलाकात की। इस दौरान छोटानागपुर डायसिस के बिशप बीबी बास्के द्वारा लिखित ज्ञापन भी सौंपा गया।

जिसमें हजारीबाग के संत स्टीफन चर्च परिसर में सदर सीओ द्वारा ईसाई के धार्मिक चिंह्न को लात मारने व क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज की गई। सौंपे पत्र में कहा गया कि 14 मार्च को सीओ बिना अनुमति के चर्च परिसर में आए और हमारे धार्मिक चिंह्न को पैर से मारकर तोड़ दिया और अनादर पूर्वक धार्मिक चिंह्न को उठाकर ले गए।

ज्ञापन में कहा गया कि चर्च परिसर समीप बने प्रार्थना स्थल में कई वर्षो से धार्मिक चिंह्न स्थापित है और जिसका सुंदरीकरण व नवीकरण विगत लेंटकाल में किया गया। उक्त जमीन पर 180 वर्षो से चर्च का दखल है और उस जमीन को सरकारी स्तर से हथियाने का प्रयास हो रहा है। जबकि इस जमीन का उपयोग चर्च कलीसिया के विश्वासी किसी धार्मिक समारोह में वाहनों की पार्किंग के रूप में करते आ रहे थे।

## मुगलों के वंशज बताएंगे कि कौन बाहरी है और कौन भीतरी है : पूर्णिमा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा का सत्र होली के अवकाश के बाद मंगलवार को शुरू हुआ । 12 वे दिन विधानसभा सत्र के दौरान राजधनवार के घोडथांबा थाना क्षेत्र में होली के दिन घटी घटना को लेकर सदन के अंदर और बाहर हाय तौबा मचा रहा । इसी दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने पत्रकार से अपने बयान में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को छत्तीसगढ़ी कहते हुए कहा कि उन्हें वहां जाने की क्या जरूरत थी और गए भी थे तो दोनों पक्षों में



बेहतर समन्वय बनाने की बात करते ना कि आग में घी डालने की बात करते । इस बयान के बाद पूर्व मुख्यमंत्री और उड़ीसा के राज्यपाल रहे रघुवर दास की बहू भाजपा विधायक पूर्णिमा साहू ने मंत्री डा इरफान अंसारी पर जमकर बरसी पूर्णिमा ने कहा कि अब मुगलों की वंशज हमें बताएंगे कि कौन बाहरी और कौन भीतरी है। पूर्णिमा ने कहा कि ये सरकार तुष्टीकरण के राजनीति कर रही है, यहां नहीं चलेगी । आप सरकार में हैं सत्ता में बैठे हैं जो घटनाएं घटी है तो जो दोषी हैं उस पर कार्रवाई कीजिए ना की किसी विशेष को खुश करने के लिए इधर के कुछ लोगों पर एफआईआर दर्ज करवा दिए और उधर से भी निर्दोष हिन्दू भाईयों पर एफआईआर दर्ज करवा दीजिये ऐसा नहीं चलेगा। जो दोषी है उस पर कार्रवाई होनी चाहिए और तुष्टीकरण की राजनीतिक बंद होनी चाहिए । जनता से जो वादा किए हैं वह वादा को पूरा कीजिए ।

## अजा, अजजा, पिछड़ा और अल्पसंख्यक विभाग का अनुदान मांग पारित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को भोजनावकाश के बाद अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का 30 अरब सात करोड़ 54 लाख और 33 हजार रुपए का अनुदान मांग पारित हो गया। अनुदान मांग पर विपक्ष की ओर से भाजपा विधायक प्रकाश राम ने कटौती का प्रस्ताव रखा, जिसे सरकार की ओर से वापस लेने का आग्रह किया गया। लेकिन विधायक प्रकाश राम ने कटौती वापस लेने से इंकार कर दिया। इसके बाद स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने उनके प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया। वहीं कटौती की मांग रखते हुए विधायक प्रकाश राम ने राज्य से आदिवासी समुदाय के पलायन और उनकी जमीन का हस्तांतरण सादे कागज पर होने का मामला उठाया।

**आदिवासियों को जमीन बेचने का मिले अधिकार : प्रकाश**

विधायक प्रकाश राम ने कहा कि आदिवासियों की 85 प्रतिशत जमीन सादे कागज पर हो रहा है। इससे वे दूसरे राज्यों में पलायन करने को विवश हैं। उन्होंने कहा कि वनों की अंधाधुंध कटाई से वनोपज पर आश्रित लोगों की आय कम हुई है। राज्य के वनोपज पर बड़ी-बड़ी कंपनियों की नजर है। उन्होंने कहा कि सरकार सीएनटी एक्ट को शिथिल कर आदिवासियों को 25 डिसमील जमीन बेचने का अधिकार दे। ताकि, वे इस पैसे का उपयोग बच्चों की पढ़ाई और उनके विवाह में इस्तेमाल कर सकें। प्रकाश राम ने कहा कि लातेहार जिला में दो डिग्री कॉलेज बनकर तैयार है, लेकिन यहां पढ़ाई शुरू नहीं की गई है। इससे आदिवासी बहुल जिला लातेहार के बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। सरकार से उन्होंने इन



दोनों कॉलेजों में पढ़ाई शुरू कराने की मांग की। साथ ही उन्होंने नेतरहाट में पर्यटन से संबंधित दर्जे को खत्म करने की मांग की। विधायक ने कहा कि नेतरहाट में पर्यटकों की आवागमन से वहां के प्रख्यात स्कूल में पठन-पाठन बाधित हो रहा है।

## श्री रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाने का लिया गया निर्णय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** श्री रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाने हेतु श्री राम बानर सेना की वार्षिक बैठक प्रधान कार्यालय श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मेन रोड राँची में सम्पन्न हुई ।बैठक की अध्यक्षता लंकेश सिंह ने की एवं संचालन श्री पवन कुमार झा ने किया ।बैठक में वर्ष 2024-25 के आय-व्यय का व्यौरा महासचिव पवन झा के द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसे सर्वसहमति से पारित किया गया। बैठक में वर्ष 2025 श्री रामनवमी मोहत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक की अध्यक्षता कर रहे लंकेश सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य झांकी प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में पुरानी कमिटी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जो कि इस प्रकार है : संयोजक - सूर्यनारायण दास त्यागी जी महाराज,संरक्षक - डॉ प्रदीप वर्मा (राज्यसभा सांसद) , राजीव रंजन मिश्रा , राजीव चटर्जी , हरिनारायण सिंह , ऋषिनाथ शाहदेव , संजय सहाय , किशोर साहू अध्यक्ष - लंकेश सिंह कार्यकारी अध्यक्ष - मंटू लाला उपाध्यक्ष - विक्रम सिंह , सतीश पांडेय , अखिलेश राय , बबलू सिंहमहासचिव - पवन कुमार झा प्रवक्ता - सुनील सिंह सचिव - अविनाश सिंह , सूरज पांडेय , मिंटू सिंह संगठन मंत्री - सुदामा सिंह , शिव कुमार , नीरज पांडेय , राजू सिंह , राणा राजवीर , कैलाश साहनी ,ज्योति पासवान , मंटू पासवान, कोषाध्यक्ष - चुटुन पांडेय कोषाध्यक्ष - गौतम सिंह प्रवक्ता - सुनील सिंह सहित 21 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में ओमकार दास त्यागी , वीरू दास , लाल दास सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित थे ।

## खेलगांव में लेफ्टिनेंट कर्नल ने 7 वें तल्ले से कूदकर दी जान

**रांची** : खेलगांव थाना क्षेत्र के हाउसिंग कॉलोनी के पार्किग एरिया में लेफ्टिनेंट कर्नल रैंक के 48 साल के सैन्य अधिकारी का शव मिला है। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर रिम्स लायी है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि खेलगांव हाउसिंग कॉम्पलेक्स में लेफ्टिनेंट कर्नल ने सातवें तल्ले से कूद कर जान दे दी है। मृतक व्यक्ति की पहचान दिवाकर कुमार के रुप में हुई है। मृतक रांची में स्टेशन मुख्यालय में तैनात थे। वह बिहार के मुजफ्फरपुर के रहने वाले थे।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने शहीद मजरुल हसन खान की 53वीं शहादत दिवस मनाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यालय के सभागार रांची में शहीद मजरुल हसन खान की 53वीं शहादत दिवस के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीद मजल हसन खान 1972 में रामगढ़ विधानसभा से निर्वाचित हुए थे, पटना विधायक आवास के फ्लैट न 302 में शपथ लेने से पहले ही उनको हत्या कर दी गई थी। उस वक्त पूरे बिहार वर्तमान झारखंड मे महाजनी जुल्म चरम पर था, महाजनों की आतंक के खिलाफ लगातार लड़ाई लड़ रहे थे,एक बड़े जमींदार के परिवार से होते हुए सब सुख सुविधा को त्याग कर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के झंडा को थाम कर शोषण जुल्म के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए लगातार संघर्ष में रहे, ढिशुम गुरु शिबू सोरेन जी को भी उन्होंने ही पार्टी में लाया था,कामरेड खान जेल में रहकर चुनाव जीते, पार्टी ने उन्हें जरीडीह विधानसभा एवं रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया था, एक जगह को छोड़कर दूसरे जगह रामगढ़ में उन्होंने जीत हासिल की, लेकिन शपथ लेने से पहले ही दुश्मनों ने उन्हें हत्या कर दी, तब से लेकर अब तक लगातार पूरे राज्य में शहादत दिवस मनाया जा रहा है, उनके याद में पार्टी ने कई जिलों में मंजूर भवन के नाम से कार्यालय का निर्माण कराया, इतने वर्ष बीत जाने के बावजूद आज भी लोगों के जहां में मंजूर खान के लिए दिल में जगह है, दुश्मनों ने सोच के तहत हत्या कर लाल झंडे को समाप्त करने की कोशिश कीलेकिन आज भी रामगढ़ में संघर्ष का इतिहास रहा है और पूरे झारखंड में लाल झंडा को आगे ले जाने में बढ़ाने में किसान मजदूर, नौजवानों के संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए मंजूर साहब के संकल्प को आगे ले जाने के लिए शपथ लेते हुए कार्यक्रम आयोजित की गई, कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक,राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडे, राज्य कार्यकारिणी के सदस्य जैनेंद्र कुमार भंते, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, एटक के राज्य माहासचिव अशोक यादव, युवा नेता संतोष कुमार रजक, कैमरून निशा, आरती कुमारी, किरण कुमारी,इसाक अंसारी, अनिरुल्लाह अंसारी,आदिल खान शहीद कई लोगों मौजूद थे।

## सैकड़ों लोगों ने लिया झामुमो की सदस्यता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रांची के हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय (कैंप) मे पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के मार्गदर्शन और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय के समक्ष चतरा जिला अंतर्गत बचरा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता बबलू सागर मुंडा के नेतृत्व मे सैकड़ों लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय के द्वारा सभी लोगों को अंगवस्त्र देकर पार्टी में शामिल किया गया 7सदस्यता लेने वालों मे मुख्य रूप से बबलू सागर मुंडा, सुनील मुंडा, अनिल उरांव, अनीश, रतन महतो, रविन्द्र साव, दिनेश महतो, निखिल, राजा सिंह, उपेंद्र कुमार, बादल, सूरज, मुंशी महतो, संजय डे, मुरारी सिंह, अश्विनी सागर, विकास, मुकेश साहू, मनीष, अभय, सोनू, रोबिन मिंज, संतोष सिंह मुकेश झा, दीपक



महतो,दिनेश महतो, शशिकांत सिंह, प्रशांत राम, बिट्टू, राजेश सिंह, दिनेश महतो, पप्पू लाल चंद्रवंशी, छोटे लाल, सतीश पांडेय, गुरजीत सिंह, धीरज सिंह, विकास पांडेय, चुन्नूलाल यादव, विक्रांत मुंडा सहित सैकड़ों लोग रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा, रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल मेहता एवं अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। इस दौरान पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा झामुमो परिवार लगातार मजबूत हो रहा है। राज्य के लोगों के जनाकांक्षाओं को पूरा करने हेतु पार्टी और राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व मे झारखण्ड सरकार संकल्पित है।

## बादल छाने से गर्मी से राहत, फिर बढ़ेगा तापमान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : झारखंड के अधिकांश जिलों में बादल छाने से लोगों को गर्मी से राहत मिली, लेकिन बुधवार से तापमान में फिर वृद्धि होने की आशंका है। इससे गर्मी फिर से बढ़ेगी।

मौसम विभाग के अनुसार 21 मार्च तक राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बादल छाए रहने और गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की सम्भावना व्यक्त की गई है। यह स्थिति हरियाणा, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में बने पश्चिमी विछोभ के चलते पैदा हुई है।



वहीं रांची और आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को दिनभर कड़ी धूप रही। इससे गर्मी का एहसास हुआ। रांची में अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री जमशेदपुर में 37.1, डालटेनगंज में 35.8 और बोकारो में अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# गेल फगुआ में धुरहैर मिलन समारोह में थिरके लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सिविल सोसाइटी अनगड़ा के द्वारा रविवार को गेल फगुआ में धुरहैर मिलन समारोह का आयोजन हुआ। अध्यक्षता आतिश कुमार महतो व संचालन डॉ रिझू नायक ने की। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार व विशिष्ट अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो थे। सभी ने एक दूसरे को गुलाल और अबीर लगाया। मिठाइयां बांटी गई। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। फगुआ गीत गया गया। पहली बार इस तरह का आयोजन किया जा रहा है। जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि होली के बाद इस तरह का आयोजन सराहनीय है। सिविल सोसाइटी के माध्यम से किया जा रहा कार्यक्रम से हमें अपने सांस्कृतिक विरासत पर गर्व की अनुभूति होती है। इस मौके पर मुखिया रौशनलाल मुंडा, जलनाथ चौधरी, रामपोदो महतो, शिवलाल महतो, साहेबराम महतो, राजू प्रमाणिक, जलेश महतो, विश्राम महतो, दुर्गा महतो, राजेश महतो, जयशंकर मुंडा, झब्बूलाल महतो, बरतू मुंडा, संजय नायक, मोतीराम मुंडा, शंकर महतो, ज्योतिष महतो, धर्मेंद्र सिंह, बिपिन मुंडा इत्यादि उपस्थित।



# रमजान फूड किट का वितरण किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** मुस्लिम धर्मावलंबियो के पाक माह रमजान में मंगलवार को आइडियल रिलीफ ट्रस्ट नई दिल्ली के तत्वाधान में दर्सगाह इस्लामी इटकी के प्रांगण में रमजान फूड किट वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें गरीब, यतीम, जरूतमंद रोजेदारों के बीच फूड किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर दर्सगाह के सचिव नूरुल हक ने कहा की असहाय लोगों की मदद करना एक सबाब का कार्य है। समारोह में डॉ मुर्शीद आलम, हाशिम अंसारी, नैयर इकबाल, सुहैब अख्तर सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।




# माउंट कार्मेल स्कूल में नए सत्र की शुरुआत व वृक्षा रोपण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** मंगलवार को माउंट कार्मेल विद्यालय में नए सत्र की शुरुआत हुई। वहीं कार्यक्रम में फादर पीटर सुपीरियर माउंट कार्मेल आश्रम मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। सत्र 2025–26 के शुरुआत में फादर पीटर ने बच्चों को अनुशासन के साथ जीवन में आगे बढ़ने की सलाह दी। मुख्य अतिथि के साथ विद्यालय के डायरेक्टर फादर दीपक उपस्थित थे। फादर दीपक ने बच्चों को कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय की प्रिंसीपल सिस्टर ब्रिजिट ने परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले बच्चों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के बच्चों ने इस अवसर पर विद्यालय कैंपस में वृक्षा रोपण किया और पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए संदेश दिया। बच्चों ने विद्यालय के आज के कार्यक्रम में अपना सराहनीय योगदान दिया।

# बकरी चोरी के आरोप में दो युवक गिरफ्तार, तीन नाबालिग निरुद्ध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बेड़ो थाना क्षेत्र के ग्राम तुको अम्बाटोली में सोमवार को ग्रामीणों ने पाँच युवकों को बकरी चोरी के आरोप में पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपियों से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे जयपुर (रनिया थाना, खूँटी) से बकरी चोरी कर बेचने की फिराक में थे। पुलिस ने मौके से दो बकरी और तीन चोरी की मोटरसाइकिल–पल्सर NS 200, डोमिनार D 250 व होंडा साइन–जब्त की हैं। साथ ही, दो बालिग आरोपियों–सरोज कच्छप (19) व सुरज लाल (19)–को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि तीन नाबालिगों को बाल संरक्षण अधिनियम के तहत निरुद्ध किया गया है। इस मामले में धारा 303(2)/317(2) BNS के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।



# पिपरवार के न्युमंगरदाहा मस्जिद में नमाजे तरावीह का हुआ समापन, खुशहाली की मांगी गई दुआ

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यूमंगरदाहा मस्जिद में रमजान के महीने पर चल रहे नमाजे तरावीह का समापन किया गया।जानकारी के अनुसार हजारीबाग के बड़कागांव से आये हुए हाफिज अदनान के द्वारा मुकम्मल नमाजे तरावीह पढ़ाई गई।नमाजे तरावीह के मुकम्मल होने के बाद न्युमंगरदाहा अंजुमन कमेटी के द्वारा हाफिज अदनान को अंग वस्त्र और नजराना देकर विदा किया गया।इधर नमाजे तरावीह के समापन पर न्युमंगरदाहा मस्जिद में मिलाद उन नबी का आयोजन किया गया,जिसमे रमजान महीने के महत्व एवं नमाजे तरावीह की विशेषता पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया।मिलाद के बाद क्षेत्र,राज्य एवं देश की सुख, शांति और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई।इस मौके पर मुख्य रूप से अंजुमन कमेटी के सरपरस्त व मजदूर नेता इस्लाम अंसारी,अब्दुल कादिर,डॉक्टर अहमद, लुकमान अंसारी के अलावा हदीस अली,बदरुद्दीन अंसारी,छोटा असगर,इस्माइल अंसारी,हैदर अली,जावेद इस्लाम,मुस्लिम अंसारी,उस्मान अंसारी, तफज्जुल अंसारी,दिलदार हुसैन सहित गांव के सैकड़ो लोग मौजूद थे।



# पिपरवार के बचरा निवासी रविन्द्र सिंह को बनाया गया सांसद प्रतिनिधि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बाजारटांड़ निवासी सह व्यवसायिक संघ बचरा के सचिव रविन्द्र कुमार सिंह को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चतरा जिला के अंतर्गत आने पंचायत का सांसद प्रतिनिधि बनाया गया है।हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी गई है।हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने चतरा उपायुक्त को पत्र जारी कर उक्त आशय की जानकारी दी है।ज्ञात हो कि बचरा बाजारटांड़ निवासी रविन्द्र कुमार सिंह बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी के पति और व्यवसायिक संघ बचरा के सचिव है।वही पिछ्ले कई वर्षो से रविन्द्र कुमार सिंह भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल मे सक्रिय सदस्य के रूप मे पार्टी के लिए काम कर रहे है।पार्टी के प्रति उनके बेहतर कार्य और लोकसभा चुनाव मे उनकी मेहनत को देखते हुए उन्हे सांसद प्रतिनिधि की बड़ी जिम्मेवारी दी गई है।इधर रविन्द्र कुमार सिंह को सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने पर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई भाजपा कार्यकर्ता सहित स्थानीय लोगो ने उन्हें बधाई दी है।बधाई देने वालो में भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार शर्मा, आजसु पिपरवार नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह उर्फ विधायक,मुखिया रीना देवी,ईश्वर पाण्डेय, अनिल कुमार पाण्डेय,सुनील प्रसाद, धनराज भोगत,अजय सिंह, दिलिप अम्बष्ट,अरूण उंराव, बासुदेव साव,महेश विश्वकर्मा,करण कुमार महतो,संजय कुमार भोगता सहित कई लोगो का नाम शामिल है।



# पिपरवार के कारो गांव से पिकअप वैन की हुई चोरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार थाना क्षेत्र के कारो गांव से बीती रात एक पिकअप वाहन चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है।जानकारी के अनुसार पिपरवार थाना क्षेत्र के कारो गांव निवासी सूरज कुमार की पिकअप वाहन की बीती रात्री चोरी हो गई। इस संबंध में भुक्तभोगी सूरज कुमार ने बताया कि रोज की तरह वह अपने पिकअप वाहन जिसका नंबर जेएच01 एफएन- 7232 को घर के बाहर खड़ा किया था,इसी बीच रात्री मे अज्ञात चोरों ने वाहन की चोरी कर ली।सुबह में वाहन चोरी होने की सूचना मिलने के बाद काफी खोजबीन की गई लेकिन कुछ पता नहीं चल सका।इसके बाद सूरज कुमार के द्वारा पिपरवार थाना को इसकी सूचना दी गई।वहीं सूचना मिलते ही पिपरवार पुलिस के द्वारा आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी कारो गांव से स्कॉर्पियो वाहन की चोरी हो चुकी है।जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं चल सका है।

# पिपरवार के बचरा मे मैट्रिक्स फिटनेस क्लब जिम का हुआ उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा ठाकुर महतो चौक स्थित शॉपिंग मॉल में मैट्रिक्स फिटनेस क्लब जिम का उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार और विशिष्ट अतिथि के रूप में बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी मौजूद थी।मैट्रिक्स फिटनेस क्लब जिम के संचालक के द्वारा अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया गया।इसके बाद मुख्य अतिथि एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार ने फीता काटकर जिम का उद्घाटन किया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि बेहतर और स्वस्थ शरीर के लिए वर्तमान में सभी को जिम योगा करने की जरूरत है।कोयलांचल क्षेत्र में इस तरह के जिम के उद्घाटन होने से यहां के स्थानीय लोगों को इसका लाभ मिलेगा।बेहतर एवं कुशल प्रशिक्षक के द्वारा यहां पर जिम करने वालों को प्रशिक्षण दिया जाएगा जो काफी सराहनीय पहल है।इस मौके पर एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार,मुखिया रीना देवी,व्यावसायिक संघ बचरा के सचिव रविंद्र कुमार सिंह,सुनील कुमार,रोशन मुंडा,राजा कुमार,तनवीर आलम, रोहित कुमार,संतोष कुमार,सूर्य कुमार,सुमित कुमार,शादाब अंसारी,प्रेम कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



# विधायक प्रतिनिधि मंतोष कुमार ने सहिया बहनों को भी मईयां सम्मान योजना का लाभ देने का सरकार से किया आग्रह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि मंतोष कुमार (मोनु रजक) ने खलारी प्रखंड के चौदहों पंचायतों में कार्यरत सहिया बहनों से मुलाकात कर उनके कार्यो से अवगत हुए। इस दौरान सहिया बहनों ने अपनी समस्याओं को भी बताई। सहिया बहनों ने बताया कि झारखण्ड सरकार की मईयां सम्मान योजना का लाभ उन्हे नही मिल पा रहा है। उन्होने आग्रह किया कि सरकार सहिया बहनों को भी मईयां सम्मान योजना का पात्र उन्हे माने और योजना का लाभ दे। वहीं विधायक प्रतिनिधि मंतोष कुमार ने कहा कि सहिया बहने बहुत ही विकट परिस्थितियों में भी 24 घंटे सेवा देने के लिए तत्पर रहती हैं और अपना कार्य पूर्ण निष्ठा के साथ निभाती है। कहा कि कोरोना काल जैसी महामारी में भी बिना अपने स्वास्थ्य की चिंता किए बिना लोगों की मदद के लिए हमेशा तैयार रही। लेकिन आज इनको मईयां सम्मान योजना से वंचित रखा जा रहा है जो उचित नही है। सहिया बहनों का कहना है कि उन्हे मासिक मानदेय 2000 रूपये दिया जाता है जबकि मईयां सम्मान योजना में बिना कुछ किए सरकार 2500 रूपये दे रही है, इसलिए हम यह नौकरी छोड़कर मईयां सम्मान योजना का ही लाभ क्यों ना उठाएं। विधायक प्रतिनिधि कहा कि अगर सहिया बहनें नौकरी छोड़ देती है तो बहुत सा कार्य प्रभावित होगा और नही हो पाएगा। साथ ही स्वास्थ्य सेवा रूक जाएगी। उन्होने कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा से आग्रह किया कि सहिया बहानों का दर्द समझते हुए इनकी मांगों को स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी तक पहुंचाया जाए और यथा संभव इनकी मदद की जाए। मौके पर प्रखड अध्यक्ष साबीर असांरी, बशीर असांरी भी मौजुद थे।



# नुगा बेस्ट थर्मो थेरेपी के संस्थान का उद्घाटन आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी प्रखंड के केडी मार्केट हिन्दू गढ़ी चौक में साउथ कोरिया की नुगा बेस्ट थर्मो थेरेपी के संस्थान की उद्घाटन बुधवार सुबह 11 बजे किया जाएगा। जिसका उद्घाटन खलारी पक्ष्मी जिप सदस्य सरस्वती देवी करेंगी। उक्त संबंध की जानकारी श्री साई हेल्थ केयर के संस्थापक अजीत कुमार सिंह एवं राधा सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि नूगा बेस्ट थेरेपी के उद्घाटन की तुरंत बाद सभी लोगों के लिए समय सारणी अनुसार नुगा बेस्ट थर्मो थेरेपी के संस्थान स्थाई रूप से फ्री सेवा के लिए खोल दिया जाएगा। जिसका लाभ खलारी क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों के लोग ले सकते हैं।

# 30 करोड़ का ड्रग्स जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में ड्रग्स सप्लाई के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। पुलिस ने एक और ड्रग्स तस्करी का भंडाफोड़ किया है। इस बार रघुनाथगंज की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 3 किलो हेरोइन (नशीला पदार्थ) के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब्त हेरोइन की कीमत तकरीबन 30 करोड रुपए से अधिक है। इस संबंध में रघुनाथगंज थाना के आईसी संजीव विश्वास ने बताया कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। पुलिस के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि बरहमपुर होते हुए लालगोला के कृष्ण साई गांव के एक व्यक्ति के द्वारा भारी मात्रा में हाई क्वालिटी के हेरोइन लाने की गुप्त सूचना मिली थी।



इसी सूचना के आधार पर तलाई मोड़ के पास 12वीं राष्ट्रीय सड़क पर पुलिस की टीम पहुंची और चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान एक व्यक्ति को पकड़ कर पूछताछ शुरू किया गया।

पूछताछ के दौरान उसे व्यक्ति ने अपना नाम कुर्बान शेख बताया, जो मुर्शिदाबाद जिले के लालगोला के कृष्णासाई गांव का रहने वाला है। इस दौरान उसके पास से भारी मात्रा में हेरोइन बरामद हुआ। जिसका वजन 3 किलो पाया गया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जब्त कर हेरोइन की कीमत तकरीबन 30 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ किया जाएगा। ताकि हेरोइन जैसे नशीले पदार्थो के धंधे के तह तक पहुंच सके। यह कार्रवाई रविवार दोपहर को की गई थी। उल्लेखनीय है कि रविवार को ही शमशेरगंज थाना की पुलिस ने भी 35 लाख कीमत के हेरोइन के साथ तीन व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। यह भी बता दें कि जब्त हेरोइन झारखंड के पाकुड़ जिले में किसी दूसरे व्यक्ति को सप्लाई करने वाला था। इससे पहले ही शमशेरगंज पुलिस ने तीनों को दबोच लिया।

## इंडियन पब्लिक स्कूल का 10वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया



गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) : कोलाबीरा स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल का 10वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ज़िप चेयरमैन सोनाराम बोदरा, ज़िप सदस्य शंभु मंडल और लक्ष्मी सरदार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश के भाग्य निर्माता हैं। इनके भविष्य का निर्माण जैसा होगा, देश का भविष्य भी उसी प्रकार होगा। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक केके मिश्रा ने स्कूल की गतिविधियों के बाबत विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में कई बच्चों को उनकी प्रतिभा के अनुसार पुरस्कार प्रदान कर उन्हें उत्साहित किया गया। इस मौके पर शिक्षक बी मिश्रा समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, सभी बच्चे व काफी संख्या में अभिभावक व अन्य स्थानीय प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

## टांगराईन स्कूल के बच्चों का एक्सपोजर विजिट : रेल यात्रा के माध्यम से सीखने का अनुभव




जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : उत्क्रमित मध्य विद्यालय, टांगराईन के बच्चों ने मंगलवार को एक्सपोजर विजिट के तहत सिदिरसाई रेलवे स्टेशन से बादाम पहाड़ रेलवे स्टेशन तक रेल यात्रा की। इस रेल यात्रा के दौरान उन्होंने यातायात के साधन, रेल की कार्यप्रणाली और रेल कर्मचारियों से बातचीत कर रेल यातायात की जानकारी प्राप्त की। एक्सपोजर विजिट में बच्चों के साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी भी शामिल थे। सभी छात्र सुबह सिदिरसाई रेलवे स्टेशन से रवाना हुए और देर शाम बादाम पहाड़ स्टेशन से वापस लौटे। इस दौरान उन्होंने रेल यात्रा के दौरान विभिन्न पहलुओं का अनुभव किया और रेलवे स्टेशन की कार्यप्रणाली को समझा।

## गोपाल मैदान से पत्रकार की बाइक चोरी



जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में रविवार शाम को बंगीय उत्सव के तीसरे वर्षगांठ समारोह का समाचार संकलन करने पहुंचे झारखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन रांची, प्रदेश महासचिव सह झारखंड वाणी प्रबंध संपादक प्रमोद कुमार झा की हीरो होंडा सीडी डिलक्स बाइक (जेएच 05यू 8459) लाल रंग की गाड़ी चोरी गई। श्री झा ने इस बाबत बिष्टुपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने लोगों से अपील की है जिसे इस नंबर की गाड़ी दिखे उन्हें 8789630429, 9334612826 में सूचित करें।

## भाषा संस्कृति झारखंड की पहचान : महावीर मुर्मू



गुराबांडा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : गुड़ाबांधा प्रखंड के मुड़ाकाटी पंचायत अंतर्गत बाहुटिया में मंगलवार को दिशोम जाहेरगाढ़ बाहा बोंगा कमिटी द्वारा दिशोम बाहा बोंगा (पूजा) का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल झामुमो नेता महावीर मुर्मू ने जाहेरगाढ़ में जाहेर आयो व अन्य देवी-देवताओं के समक्ष माथा टेक कर क्षेत्र की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर महावीर मुर्मू ने कहा कि बाहा पर्व आदिवासी संथाल समुदाय की प्रकृति उपासना का महापर्व है। प्रकृति व धरती को बचाने में आदिवासियों का सबसे बड़ा योगदान है। क्योंकि आदिवासी ही जल, जंगल, जमीन, नदी, पहाड़, पर्वत को पूजते हैं। यही हमारी पहचान है। इस अवसर पांडरपाथर एवं जोनबोनी के नृत्य दल द्वारा आदिवासी बाहा नाच प्रस्तुत किया गया। जिसमें सभी दर्शक मांदर एवं नगाड़ा के साथ नृत्य में शामिल हुए। मौके पर राम चंद्र हांसदा, साकिला हेम्ब्रम, कमिटी के मुख्य संरक्षक रामाई मुर्मू, माझी बाबा सिताराम सोरेन, नायके बाबा कालाचांद मांडी, साहेब राम सोरेन, दाशमत सोरेन, बंकिम सोरेन, शैलेन बास्के, श्यामु बानरा व हाड़ीराम सोरेन आदि उपस्थित थे।

## कालिंदी ने उठाई खरकाई नदी पर वीयर डैम निर्माण की मांग



जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : झारखंड विधानसभा के द्वितीय (बजट) सत्र के शून्यकाल के दौरान जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने सदन में कहा कि जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत जुगसलाई नगर परिषद एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है। इस क्षेत्र में इंटेक वेल के माध्यम से घरों में पानी की सप्लाई की जाती है। गर्मी के दिनों में इंटेक वेल का जल स्तर काफी नीचे चले जाने के कारण उक्त क्षेत्रों में पानी की सप्लाई कम हो जाती है जिस कारण क्षेत्र के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यदि खरकाई नदी में वीयर डैम का निर्माण होने से पानी की समस्या से निजात पाया जा सकता है।

## उलीडीह के खड़िया बस्ती में लाखों की चोरी



जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : जमशेदपुर के उलीडीह ओपी क्षेत्र के शंकोसाई रोड नंबर चार स्थित खड़िया बस्ती निवासी रजनीश सिंह के घर चोरी हो गई रजनीश अपने परिवार संग शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपने गांव गए थे। मंगलवार सुबह जब वे लौटे तो पाया कि घर में चोरी हो गई है। तलाशी लेने पर जानकारी मिली कि चोरों ने घर में रखे 80 हजार नकद, 2.50 लाख के गहने समेत चुक्का में रखे रुपए की चोरी की है। उन्होंने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। रजनीश ने बताया कि वे अपने परिवार संग बाहर गए थे। मंगलवार को लौटे और घर का दरवाजा तोड़ अंदर घुसे तो पाया कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। चोर पीछे की खिड़की तोड़ घर में घुसे थे और नकद समेत गहनों की चोरी की। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है

## पटमदा में आयोजित हरिनाम संकीर्तन में जागरण रात्रि को उमड़े श्रद्धालु

पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) : बोड़ाम प्रखंड के बारियादा, पटमदा के पटमदा बाजार, बिड़रा व सुंदरपुर गांव में आयोजित 24 प्रहर हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ के अंतिम दिन मंगलवार को आसपास के गांवों से काफी संख्या में श्रद्धालु हरिनाम श्रवण करने पहुंचे। पटमदा बाजार में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने शामिल होकर मंदिर में मत्था टेका और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस दौरान झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, माणिक महतो समेत अन्य कई लोग शामिल थे। पटमदा बाजार में कमेटी की ओर से सैकड़ों श्रद्धालुओं को नारायण सेवा कराया गया।

### राज्य के +2 शिक्षकों के वरीय वेतनमान, स्थानांतरण प्रक्रिया का मामल उठा सदन में

# शिक्षकों को जल्द मिले उनका वरीय वेतनमान, स्थानांतरण की प्रक्रिया हो सरल : संजीव सरदार



प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर/रांची : राज्य के सरकारी +2 विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को 12 वर्षों की सेवा के बाद भी निर्धारित वरीय वेतनमान का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वहीं, शिक्षकों के स्थानांतरण की कोई सुगम व्यवस्था भी विभाग द्वारा नहीं की गई है। इस गंभीर विषय को पोटका विधायक संजीव सरदार ने मंगलवार को विधानसभा के शून्यकाल में उठाया। उन्होंने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग की कि शिक्षकों को जल्द से जल्द उनका वरीय वेतनमान दिया जाए और उनके स्थानांतरण की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। उन्होंने यह मुद्दा न सिर्फ अपने क्षेत्र बल्कि पूरे राज्य के शिक्षकों के हक में उठाया। श्री सरदार ने कहा कि राज्य के विभिन्न +2 विद्यालयों में कार्यरत स्नातकोत्तर शिक्षकों (पीजीटी) को एक स्थान पर वर्षों से पदस्थापित रखा गया है, जिससे वे स्थानांतरण की उचित व्यवस्था न होने के कारण असुविधा झेल रहे हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि शिक्षकों की मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए ताकि वे बिना किसी प्रशासनिक बाधा के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। शिक्षक संगठनों ने विधायक संजीव सरदार के इस दिशा में सकारात्मक पहल के लिए आभार जताया है।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय चिलगू में चोरों ने ताला तोड़ दो पंखे चुराए



प्रभात मंत्र संवाददाता

चांडिल : चांडिल थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चिलगू चाकुलिया में अज्ञात चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर दो पंखे की चोरी कर ली है। इस बाबत विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगायी है। जानकारी के अनुसार रात को विद्यालय में अज्ञात चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर दो पंखे की चोरी कर ली। प्रधानाध्यापक आशीष सरकार ने बताया कि इससे पूर्व में भी कई बार अज्ञात चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर दो रूम में लगा हुआ इलेक्ट्रिक बोर्ड तार, पुस्तक, कॉपी चोरी किया गया था। बताया कि स्कूल में चारदीवारी नहीं होने के कारण बार-बार इस तरह की घटना होती रहती है। कई बार शराब की बोतलें और गंदगी देखी जाती है जो स्कूल के लिए गलत संदेश है।

## मानगो पेयजल परियोजना के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई शुरू, मिलेगा शुद्ध पानी



प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने 16 मार्च की रात साढ़े 11 बजे से ढाई बजे रात तक जो रात्रिकालीन निरीक्षण मानगो पेयजल परियोजना के इंटक वेल और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का किया था, उसके परिणाम अब सामने आने लगे हैं। श्री राय ने मानगो क्षेत्र की सात पानी की टंकियों, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट आदि का निरीक्षण किया था और उनकी स्थिति देख कर बिफरे थे। उन्हें चार घंटे के इस औचक निरीक्षण में कई खामियां मिली थीं और इसका इजहार उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा नगर विकास विभाग के आला अफसरों के समक्ष किया था। श्री राय की नाराजगी का मुख्य कारण था ट्रीटमेंट प्लांट और टंकियों का वर्षों से सफाई न होना। यह श्री राय के इस दबाव का ही असर था कि वर्षों से साफ-सफाई से वंचित मानगो के जवाहरनगर, 15 नंबर स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का मंगलवार को साफ-सफाई प्रारंभ हुआ। विधायक के निर्देश पर उनके प्रतिनिधि नीरज सिंह, पप्पू सिंह और संतोष भगत मंगलवार को जवाहरनगर, 15 नंबर स्थित पानी टंकी की सफाई का जायज़ा लेने स्थल पर गये। नीरज सिंह ने बताया कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और सातों पानी की टंकियों का विगत कई वर्षों से साफ-सफाई नहीं हुई थी।

## उत्कृष्ट कार्य करने के लिए 10 सहिया सम्मानित

- सिदगोड़ा टाउन हॉल में सहिया एवं सीएचओ सम्मेलन आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : मंगलवार को जमशेदपुर के सिदगोड़ा टाउन हॉल में जिला स्तरीय सहिया एवं सीएचओ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू एवं उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, विधायकगण के प्रतिनिधि, परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी, सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, एमओआईसी, बीपीएम आदि शामिल हुए। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी सहिया एवं सीएचओ के योगदान को अतिथियों ने रेखांकित किया तथा उनके कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर 10 सहिया को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। सहिया एवं सीएचओ सम्मेलन के आयोजन का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा में सहिया एवं कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) के द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डालना रहा ताकि सभी कर्मियों में बेहतर करने की ललक बनी रहे। कार्यक्रम में सहिया चंपा हेंब्रम, प्याली राणा, चाइना नमाता, चिता मुर्मू, काजल सिंह, सीमा देवी, पुनगी मुर्मू, वर्षा रानी महतो, पिंकी पात्रो, पदमा देवी तथा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी दीपिका कुजूर, रश्मि बागय, निर्मला सिंह, बरसा बघेल, सुप्रिया डे, नविता कुमारी, शिशिर पूर्ति, शिखा रानी महतो व अंजना कुमारी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ. जोगेश्वर प्रसाद, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. रंजीत पांडा, जिला वीबीडी पदाधिकारी एवं रांची से आए राज्य कंसल्टेंट कम्युनिटी प्रबंधक अकाई मिंज एवं कंसल्टेंट मीडिया एण्ड्रयम अजय कुमार शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## खरसावां डिग्री कॉलेज में सभी विषयों के शिक्षकों का पदस्थापन किया जाये : दशरथ गागराई



प्रभात मंत्र संवाददाता

खरसावां : खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने खरसावां डिग्री कॉलेज में सभी विषयों के शिक्षकों के पदस्थापन करने की मांग की है। विधायक ने मंगलवार को विधानसभा में शून्यकाल के दौरान इस मामले को उठाते हुए कहा कि डिग्री कॉलेज खरसावां में मात्र दो असिस्टेंट प्रोफेसर वर्तमान समय में पदस्थापित है। कॉलेज में स्नातक एवं एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई की व्यवस्था है। परंतु शिक्षकों के अभाव के कारण स्थानीय छात्र इस कॉलेज में नामांकन लेने से कतराने लगे है। विधायक ने कहा कि आसन के माध्यम से सरकार के समक्ष यह मांग रखता हूं कि डिग्री कॉलेज खरसावां में सभी विषयों के शिक्षकों का पदस्थापन किया जाए।

# बाल श्रम के विरुद्ध चलेगा व्यापक अभियान : उपायुक्त

- बेरोजगारों को स्थानीय कंपनियों की मांग के अनुसार प्रशिक्षण एवं नियोजन पर हुई चर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्रम विभाग के अधिकारियों को जिले में बाल श्रम के खिलाफ व्यापक अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एडीएम लॉ एंड ऑर्डर के साथ बैठक कर कार्ययोजना तैयार करें और बाल श्रम के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करें। इसके साथ ही उन्होंने श्रम विभागीय योजनाओं में प्रगति की भी समीक्षा की, जिसमें भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण योजना, निर्माण श्रमिक सुरक्षा किट योजना, मातृत्व सहायता योजना (15,000 रुपये की सहयोग राशि), मेधावी पुत्र-पुत्री छात्रवृत्ति योजना (5,000 से 50,000 रुपये की सहयोग राशि), अंत्येष्टि सहायता योजना (10,000 रुपये), झारखंड निर्माण कर्मकार मृत्यु दुर्घटना/ सहायता योजना (2 लाख से 4 लाख रुपये सहायता राशि), चिकित्सा सहायता योजना, विवाह सहायता योजना और विभिन्न पेंशन योजनाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को इन योजनाओं से जागरूक कर उन्हें लाभान्वित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने इस बात पर भी जोर दिया कि असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हित में श्रम कानूनों का कड़ाई से पालन किया जाए, ताकि उन्हें सही लाभ मिल सकें। उपायुक्त ने सीआईआई के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करने करने की बात कही जिसमें स्थानीय कंपनियों के लिए कार्ययोजना तैयार की जाएगी ताकि बेरोजगारों को कंपनियों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण दिलवाकर उन्हें नियोजित किया जा सके। इसके अतिरिक्त, नियमित अंतराल पर रोजगार मेला का आयोजन कर बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर, अरविंद कुमार, जिला कौशल विकास पदाधिकारी, नियोजन पदाधिकारी जमशेदपुर एवं घाटशिला तथा फैक्ट्री इंस्पेक्टर व अन्य उपस्थित थे।

## गोड़गोड़ा में श्मशान भूमि व पूजा स्थल का किया गया शुद्धिकरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : मंगलवार को एमजीएम थाना अंतर्गत बालीगुमा, गोड़गोड़ा स्थित बिदु चांदन गाढ़ और श्मशान भूमि पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार बालीगुमा और गोड़गोड़ा ग्राम सभा ने पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार शुद्धिकरण किया। महिला-पुरुष उपवास में रहकर पारंपरिक वेशभूषा पहनकर बिदु चांदन गाढ़ पहुंचे। धनीराम माडी एवं हाड़ीराम सोरेन के नेतृत्व में अपने इष्ट देवता को नमन करते हुए प्रार्थना की गई। ग्राम सभा ने घोषणा किया कि अब बाहरी लोगों के बिना अनुमति के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने ग्राम सभा से बिना अनुमति लिए मानगो नगर निगम कार्यालय एवं मानगो अंचल कार्यालय के निर्माण हेतु स्थल चयन और सीमांकन भी कर चुका था जिसके कारण यह धार्मिक स्थल अपवित्र हो गया था। धार्मिक स्थल और शमशान घाट को छेड़छाड़ करने के विरोध में उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम कार्यालय के समक्ष जन आक्रोश रैली प्रदर्शन सोमवार को किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि आदिवासी परंपरा, संस्कृति एवं धार्मिक भावनाओं को आघात नहीं पहुंचाया जाय। राज्य सरकार ग्राम सभा को सशक्तिकरण की बात करती है दूसरी ओर प्रशासन द्वारा अंकुश एवं नजरअंदाज करना चिंता का विषय है। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता मदन मोहन सोरेन, माझी बाबा रमेश मुर्मू, माझी बाबा सोमाय सोरेन, परानिक बाबा सनातन टुडू, मोहन हांसदा, परानिक बाबा पप्पू सोरेन, धनीराम मार्डी, लुगु हांसदा, हाड़ीराम सोरेन, भगीरथ सोरेन, राखल सोरेन, बलराम सोरेन, पृथ्वी सोरेन, भारत धोरा, सोनाराम टुडू, इन्द्र हेम्ब्रम, राज बंकिरा, रोबोनी मुर्मू, चूड़ामनि हांसदा, पूजा किस्कू, पानो मार्डी, सानिया सोरेन, रुयवारी सोरेन, मेनका सोरेन, बसंती सोरेन, किरण टुडू, सरला टुडू, पूर्णिमा टुडू, सुनीता सोरेन, आभा सोरेन, माही टुडू, सबिता हांसदा व शोभा सोरेन आदि उपस्थित थे।

## 23 मार्च के तिरंगा यात्रा की तैयारी को लेकर हुई बैठक




प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : जमशेदपुर स्थित एग्रिको मैदान में आगामी रविवार, 23 मार्च को शहीदों के सम्मान में आयोजित 10वीं अखंड तिरंगा यात्रा की तैयारी को लेकर गम्हरिया के पूंजीहूंरी, जगन्नाथपुर में एक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से नमन संस्था के संस्थापक सह कार्यक्रम के मुख्य आयोजक अमरप्रीत सिंह काले एवं गम्हरिया क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक, कई युवा एवं महिलाएं उपस्थित थीं। इस मौके पर बताया गया कि वर्ष 2016 में दिल्ली के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान में देश विरोधी नारे लगे थे जिसके प्रतिकार में %नमन - शहीदों के सपनों को% संस्था का गठन हुआ था और जमशेदपुर में अखंड तिरंगा यात्रा निकाली गई थी जिसमें भारत माता के जयघोष का नारा पूरे लौहनगरी में गूंजा था। तभी से प्रत्येक वर्ष अमर स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस के शौर्यमय अवसर पर 23 मार्च को देशभक्ति से ओत- प्रोत अखण्ड तिरंगा यात्रा निकाली जाती है। इस मौके पर उक्त तिरंगा यात्रा में इस वर्ष गम्हरिया क्षेत्र से भी सैकड़ों की संख्या में देशभक्तों द्वारा शामिल होने का निर्णय लिया गया।

## सरकारी कार्यालयों के नामपट्टों पर ओलचिकी लिपि शामिल करने की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

ईचागढ़ : सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ प्रखंड में संथाली भाषा और उसकी लिपि ओलचिकी को सम्मान देने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। संथाल समुदाय के पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। बीडीओ की अनुपस्थिति में मुख्य लिपिक को ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस मांग पत्र को वरीय पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए अग्रसारित किया जाएगा। ज्ञापन में कहा गया है कि ईचागढ़ प्रखंड सरायकेला-खरसावां जिले के अंतर्गत आता है, जो झारखंड के पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में शामिल है। इस क्षेत्र में संथाल समुदाय की आबादी काफी अधिक है और उनकी भाषा संथाली की अपनी स्वतंत्र लिपि ओलचिकी है, जिसे भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में मान्यता प्राप्त है। झारखंड सरकार द्वारा पूर्व में जारी आदेशों के अनुसार, संथाल बहुल क्षेत्रों में सरकारी कार्यालयों और गांवों के नामपट्टों पर ओल चिकिलिपि में भी अंकन किया जाना चाहिए। मौके पर माझी बाबा घनेश्याम मुर्मू, धनेश्वर मुर्मू, कारण किस्कू, बुद्धेश्वर किस्कू, रोड़े बेसरा, महावीर हांसदा, सरजू किस्कू, मोतीलाल मुर्मू व मिरू मुर्मू आदि उपस्थित थे।

## ओपन बॉडी बिल्डिंग एंड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 21 से 23 तक जेआरडी में




प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर: झारखंड बॉडी बिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन और लाइफस्टाइल फिटनेस जिम के द्वारा पहला स्टील सिटी क्लासिक ओपन बॉडी बिल्डिंग एंड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया जा रहा है। चैंपियनशिप का आयोजन आगामी 21 से 23 मार्च को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा। प्रतियोगिता में झारखंड से करीब 250 प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। प्रतियोगिता में पहले दो दिन 21 और 22 मार्च को पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन होगा। वहीं अंतिम दिन 23 मार्च को बॉडी बिल्डिंग मेंस/ वीमेंस फिजिक और डेनिम फिटनेस मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इस चैंपियनशिप में प्रतिभागी को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार के तौर पर मेडल, गिफ्ट हैंपर और सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक श्रेणी के चैंपियन ऑफ द चैंपियंस को एक स्पोर्ट्स साइकिल, 5001 रुपए नकद के साथ ही ट्रॉफी और सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से जेबीबीएफए अध्यक्ष एल के सिंह, महासचिव मानिक मोहंती कोषाध्यक्ष ए के सिंह, उप सचिव अधिवक्ता जावेद जमाल, और लाइफस्टाइल जिम के संचालक सुदेशना रॉय फिटएक्सपो के एंबेसडर संजीव महतो उपस्थित थे।

संपादकीय

# होली पर इतना तनाव क्यों

**होली** गुजर गई, लेकिन माहौल बेहद तनावपूर्ण रहा। हमने जिस भाव और रंगों में होली को देखा और खेला है, वे आज गायब लगे। रंगों के इंद्रधनुष थे, उल्लास और उमंग के भाव भी थे, लेकिन विभाजन और कड़वाहट भी थी। जब मस्जिदों को तिरपाल से ढका जा रहा था, तब मन स्तब्ध था। लगातार सवाल उठते रहे कि आखिर हम किस देश में रह रहे हैं? हमारी धर्मनिरपेक्षता, सहिष्णुता और भाईचारा कहां गायब हो गए? मस्जिद को तिरपाल से क्यों ढका गया था? क्या होली के रंगों से भी कोई नापाक होता है? उप्र के 15 जिलों में तिरपालबाजी की गई। यह कोई सामान्य स्थिति नहीं थी? हमने तो ऐसा कभी नहीं देखा। होली के दिन तो रूठने वाले भी खुश हो जाते हैं। यह त्योहार ही सद्भाव, सौहार्द और उल्लास का है। बेशक 2020 के बाद कुछ मस्जिदों पर तिरपालें डाली जाती रही हैं, लेकिन उनमें न तो तनाव था, न नफरत, न सांप्रदायिक दंगों की साजिशें और न ही वे सुर्खियां बनीं। अद्र्धसैन्य बलों, पीएसी, पुलिस और सरकार के तनाव और सुरक्षा के फोकस उप्र के संभल जिले पर ही थे। गली-मुहल्लों में इतने जवान तैनात थे अथवा मार्च कर रहे थे कि आम आदमी के गुजरने की जगह ही बेहद संकरी थी। ऐसा लगता रहा मानो किसी आतंकी हमले की आशंका हो! साल भर में '52 जुमे (शुक्रवार) बनाम होली का एक जुमा' मुहावरा एक पुलिस अधिकारी ने उछाला और उप्र सरकार ने उसे नोटिस थमाने के बजाय होली का एजेंडा ही बना लिया। नेता उसी तर्ज पर बयान देने लगे। मंत्री संजय निषाद ने कहा कि जिन्हें रंगों से परहेज है, वे देश छोड़ कर पाकिस्तान चले जाएं। हरियाणा सरकार के मंत्री अनिल विज एक कदम और आगे बढ़ गए- 'हिंदुस्तान हिंदुओं के लिए ही है।' कइयों ने यह व्यंग्य भी कसा कि रंग न खेलने वाले अपने घरों में ही बंद रहें, बच्चों के साथ खुश रहें और नमाज भी घर में ही पढ़ लें। आखिर यह किस संविधान के अनुच्छेद या कानून की धारा में लिखा है? क्या यह देश किसी धर्म, समुदाय विशेष की बपौती है? सवाल यह भी है कि शुक्रवार को होली या किसी अन्य पर्व के साथ दूसरे समुदायों के त्योहार भी हो सकते थे! ऐसे तनाव हिंदुओं और जैन, सिखों, पारसी, ईसाई, बौद्धों के बीच कभी नहीं देखे गए। हिंदू और मुसलमान के दरमियान ही तनाव, नफरत क्यों होती है? 1964 में भी होली और रमजान का जुमा साथ-साथ मनाए गए थे। तनाव की न तो तिरपालें ढकी गईं और न ही कोई सांप्रदायिक दंगा हुआ। अब बेशक उप्र सरकार दावा कर रही है कि होली शांति से मनाई गई। कहीं, कुछ भी गलत या अनिष्ट नहीं हुआ, लेकिन उप्र के ही शाहजहांपुर, उन्नाव, बिजनौर, अलीगढ़, मुरादाबाद के अलावा लखनऊ और अयोध्या तक में तनावग्रस्त झड़पें क्यों हुईं? सवाल यह भी किया जाना चाहिए कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर वक्त 'सनातन' और '80:20' की माला क्यों फेरते रहते हैं? यह भाजपा का वोट-मंत्र हो सकता है, लेकिन प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री तो सभी के होते हैं। उप्र ही नहीं, झारखंड के रांची, हजारीबाग, गिरिडीह, बिहार के पटना और मुंगेर, राजस्थान के सीकर और पंजाब के लुधियाना आदि में खूब पथराव किए गए, कांच की बोतलों से प्रहार किए गए, दुकानों और पुलिस वाहनों को फूंक दिया गया। मुंगेर में तो हत्या की होली खेली गई। आखिर इतना गुस्सा, इतनी नफरत, एक-दूसरे को मार देने की खुंदक क्यों थी? होली पर इन कुत्सित भावों और जानलेवा हमलों के मायने ही क्या हैं? यह पर्व देश के करीब 116 करोड़ हिंदुओं और करीब 21 करोड़ मुसलमानों की अग्निपरीक्षा थी, जिसमें समग्र रूप से सभी नाकाम रहे। होली तो मुगल बादशाह भी खेलते थे। याद करो अमीर खुसरो और बुल्ले शाह की कविताएं। तनाव की तिरपालें बेमानी थीं और विभाजक थीं।

रंगों के इंद्रधनुष थे, उल्लास और उमंग के भाव भी थे, लेकिन विभाजन और कड़वाहट भी थी। जब मस्जिदों को तिरपाल से ढका जा रहा था, तब मन स्तब्ध था। लगातार सवाल उठते रहे कि आखिर हम किस देश में रह रहे हैं? हमारी धर्मनिरपेक्षता, सहिष्णुता और भाईचारा कहां गायब हो गए? मस्जिद को तिरपाल से क्यों ढका गया था? क्या होली के रंगों से भी कोई नापाक होता है? उप्र के 15 जिलों में तिरपालबाजी की गई। यह कोई सामान्य स्थिति नहीं थी? हमने तो ऐसा कभी नहीं देखा। होली के दिन तो रूठने वाले भी खुश हो जाते हैं। यह त्योहार ही सद्भाव, सौहार्द और उल्लास का है। बेशक 2020 के बाद कुछ मस्जिदों पर तिरपालें डाली जाती रही हैं, लेकिन उनमें न तो तनाव था, न नफरत, न सांप्रदायिक दंगों की साजिशें और न ही वे सुर्खियां बनीं। अद्र्धसैन्य बलों, पीएसी, पुलिस और सरकार के तनाव और सुरक्षा के फोकस उप्र के संभल जिले पर ही थे। गली-मुहल्लों में इतने जवान तैनात थे अथवा मार्च कर रहे थे कि आम आदमी के गुजरने की जगह ही बेहद संकरी थी। ऐसा लगता रहा मानो किसी आतंकी हमले की आशंका हो! साल भर में '52 जुमे (शुक्रवार) बनाम होली का एक जुमा' मुहावरा एक पुलिस अधिकारी ने उछाला और उप्र सरकार ने उसे नोटिस थमाने के बजाय होली का एजेंडा ही बना लिया। नेता उसी तर्ज पर बयान देने लगे। मंत्री संजय निषाद ने कहा कि जिन्हें रंगों से परहेज है, वे देश छोड़ कर पाकिस्तान चले जाएं।

### भारत ने वर्ष 2024 में अमेरिका को लगभग 74,000 करोड़ रुपए की दवाईयों का निर्यात किया

# ट्रम्प प्रशासन के टैरिफ सम्बंधी निर्णयों से कैसे निपटे भारत

**प्रह्लाद सबनानी**

चीन, कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर तो टैरिफ को बढ़ा भी दिया गया है। इसी प्रकार भारत के मामले में भी ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि भारत, अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है अतः अमेरिका भी भारत से आयात किए जा रहे कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा।

**ट्रम्प** प्रशासन अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के हो रहे आयात पर टैरिफ की दरों को लगातार बढ़ाते जाने की घोषणा कर रहा है क्योंकि ट्रम्प प्रशासन के अनुसार इन देशों द्वारा अमेरिका से किए जा रहे विभिन्न उत्पादों के आयात पर ये देश अधिक मात्रा में टैरिफ लगाते हैं। चीन, कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर तो टैरिफ को बढ़ा भी दिया गया है। इसी प्रकार भारत के मामले में भी ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि भारत, अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है अतः अमेरिका भी भारत से आयात किए जा रहे कुछ उत्पादों पर 100 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा। इस संदर्भ में हालांकि केवल भारत का नाम नहीं लिया गया है बल्कि "टिट फोर टेट" एवं "रेसिप्रोकल" आधार पर कर लगाने की बात की जा रही है और यह समस्त देशों से अमेरिका में हो रहे आयात पर लागू किया जा सकता है एवं इसके लागू होने की दिनांक भी 2 अप्रेल 2025 तय कर दी गई है। इस प्रकार की नित नई घोषणाओं का असर अमेरिका सहित विभिन्न देशों के पूंजी (शेयर) बाजार पर स्पष्टतः दिखाई दे रहा है एवं शेयर बाजारों में डर का माहौल बन गया है। भारत ने वर्ष 2024 में अमेरिका को लगभग 74,000 करोड़ रुपए की दवाईयों का निर्यात किया है। 62,000 करोड़ रुपए के टेलिकॉम उपकरणों का निर्यात क्या है, 48,000 करोड़ रुपए के पर्ल एवं प्रेशस स्टोन का निर्यात किया है, 37,000 करोड़ रुपए के पेट्रोलीयम उत्पादों का निर्यात किया है, 30,000 करोड़ रुपए के स्वर्ण एवं प्रेशस मेटल का निर्यात किया है, 26,000 करोड़ रुपए की कपास का निर्यात किया है, 25,000 करोड़ रुपए के इस्पात एवं अल्यूमिनियम उत्पादों का निर्यात किया है, 23,000 करोड़ रुपए सूती कपड़े का निर्यात का किया है, 23,000 करोड़ रुपए की इलेक्ट्रिकल मशीनरी का निर्यात किया है एवं 22,000 करोड़ रुपए के समुद्रीय उत्पादों का निर्यात किया है। इस प्रकार, विदेशी व्यापार के मामले में अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा साझीदार है। अमेरिका अपने देश में विभिन्न वस्तुओं के आयात पर टैरिफ लगा रहा है क्योंकि अमेरिका को ट्रम्प प्रशासन एक बार पुनः वैभवशाली बनाना चाहते हैं परंतु इसका अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर ही विपरीत प्रभाव होता हुआ दिखाई दे रहा है। अमेरिकी बैंकों



के बीच किए गए एक सर्वे में यह तथ्य उभरकर सामने आया है कि यदि अमेरिका में विभिन्न उत्पादों के आयात पर टैरिफ इसी प्रकार बढ़ाते जाते रहे तो अमेरिका में आर्थिक मंदी की सम्भावना बढ़कर 40 प्रतिशत के ऊपर पहुंच सकती है, जो हाल ही में जे पी मोर्गन द्वारा 31 प्रतिशत एवं गोल्डमैन सैचस 24 प्रतिशत बताई गई थी। इसके साथ ही, ट्रम्प प्रशासन के टैरिफ सम्बंधी निर्णयों की घोषणा में भी एकरूपता नहीं है। कभी किसी देश पर टैरिफ बढ़ाने के घोषणा की जा रही है तो कभी इसे वापिस ले लिया जा रहा है, तो कभी इसके लागू किए जाने के समय में परिवर्तन किया जा रहा है, तो कभी इसे लागू करने की अवधि बढ़ा दी जाती है। कुल मिलाकर, अमेरिकी पूंजी बाजार में सधे हुए निर्णय होते हुए दिखाई नहीं दे रहे हैं इससे पूंजी बाजार में निवेश करने वाले निवेशकों का आत्मविश्वास टूट रहा है। और, अंततः इस सबका असर भारत सहित अन्य देशों के पूंजी (शेयर) बाजार पर पड़ता हुआ भी दिखाई दे रहा है। हालांकि, ट्रम्प प्रशासन द्वारा टैरिफ को बढ़ाए जाने सम्बंधी लिए जा रहे निर्णयों का भारत के लिए स्वर्णिम अवसर भी बन सकता है। क्योंकि, भारतीय जब भी दबाव में आते हैं तब तब वे अपने लिए बेहतर उपलब्धियां हासिल कर लेते हैं। इतिहास इसका गवाह है, कोविड महामारी के खंडकाल में भी भारत ने दबाव में कई उपलब्धयां हासिल की थीं। भारत ने कोविड के खंडकाल में 100 से अधिक देशों को कोविड बीमारी से सम्बंधित दवाईयां एवं टीके निर्यात करने में सफलता हासिल की थी। विदेशी व्यापार के मामले में चीन, कनाडा एवं मेक्सिको अमेरिका के बहुत महत्वपूर्ण भागीदार हैं। वर्ष 2021-22 के आंकड़ों के अनुसार, उक्त तीनों देश लगभग 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का व्यापार प्रतिवर्ष अमेरिका के साथ करते हैं। इसके बावजूद अमेरिका ने उक्त तीनों के साथ व्यापार युद्ध प्रारम्भ कर दिया है। भारत के साथ अमेरिका का केवल 11,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ही व्यापार था। अब ट्रम्प प्रशासन की अन्य देशों से यह अपेक्षा है कि वे अमेरिकी उत्पादों के आयात पर टैरिफ कम करे अथवा अमेरिका भी इन देशों से हो रहे विभिन्न उत्पादों पर उसी दर से टैरिफ वसूल करेगा, जिस दर पर ये देश अमेरिका से आयातित उत्पादों पर वसूलते हैं। यह सही है कि भारत अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर अधिक टैरिफ लगाता है क्योंकि भारत अपने किसानों और व्यापारियों को बचाना चाहता है। भारत में कृषि क्षेत्र के उत्पादों पर 25 से 100 प्रतिशत तक आयात कर लगाया जाता है जबकि कृषि क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य उत्पादों पर कर की मात्रा बहुत कम हैं। भारत ने विनिर्माण एवं अन्य क्षेत्रों में उत्पादकता बढ़ा ली है परंतु कृषि क्षेत्र में अभी भी अपनी उत्पादकता बढ़ाना है। हाल ही के समय में भारत ने कई उत्पादों के आयात पर टैरिफ की दर घटाई भी है। भारत के साथ दूसरी समस्या यह भी है कि यदि भारत आयातित उत्पादों पर टैरिफ कम करता है तो भारत में इन उत्पादों के आयात बढ़ेंगे और भारत को अधिक अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता पड़ेगी इससे भारतीय रुपये का और अधिक अवमूल्यन होगा तथा भारत में मुद्रा स्फीति का दबाव बढ़ेगा। विदेशी निवेश भी कम होने लगेगा और अंततः भारत में बेरोजगारी बढ़ेगी। भारत में सप्लाई चैन पर दबाव भी बढ़ेगा। इन समस्त समस्याओं का हल है कि भारत अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करे। परंतु, अन्य देश चाहते हैं कि द्विपक्षीय समझौतों में कृषि क्षेत्र को भी शामिल किया जाय, इसका रास्ता आपसी चर्चा में निकाला जा सकता है। अमेरिका एवं ब्रिटेन के साथ भी द्विपक्षीय व्यापार समझौते सम्पन्न करने की चर्चा तेज गति से चल रही है। हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान यह घोषणा की गई थी कि भारत और अमेरिका के बीच विदेशी व्यापार को 50,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर प्रतिवर्ष के स्तर पर लाए जाने के प्रयास किए जाएंगे। इस सम्बंध में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर तेजी से काम चल रहा है। दूसरे, अब भारत को उद्योग एवं कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ानी होगी।

दृष्टि कोण

# रंग, लोकगीत और परंपराओं का उत्सव

**पुरानी** रामपुर बुशैहर रियासत के दो सुप्रसिद्ध मेले, एक अंतरराष्ट्रीय लवी मेला तथा दूसरा जिला स्तरीय फाग मेला होता है। फाग मेला हिंदू त्योहार होली के एक दिन बाद शुरू होता है। यह मेला बुशैहर रियासत के पदम पैलेस में शुरू होता है। यहां होली वाले दिन तीन भाई देवता साहिब रचोली जाख, देवता साहब गसो तथा देवता साहिब बसाहुरू एक-दूसरे को होली लगाते पदम पैलेस पहुंचते हैं। तभी से फाग मेले का आगाज शुरू हो जाता है। बसाहरा देवता ब्रह्मा, महेश और विष्णु का रूप हैं। ऐसी मान्यता है कि पुराने समय में बुशैहर रियासत के साथ लगते चार क्षेत्र जिसमें प्रमुख शिमला, कुल्लू, किन्नौर तथा मंडी के सुकेत परगना के देवी-देवता तथा देवलू अपने-अपने वाद्य-यंत्रों के साथ अपने पारंपरिक वेशभूषा को जीवंत रखते हुए रामपुर बुशैहर में आगमन करते थे, जो बदस्तूर आज भी जारी है। आज भी इस रियासत के राज परिवार को अपना आशीर्वाद देने आते हैं। फाग मेले को मनाने की प्रथा द्वापर युग से चली आ रही है। बुशहर रियासत की राजधानी शोणितपुर हुआ करती थी। देवताओं के प्रति असीम प्यार एवं श्रद्धा पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री वीरभद्र सिंह का भी किसी से छुपा नहीं था। इस मेले का जब आगाज होता है तो राज परिवार का मुखिया या परिवार का अन्य वरिष्ठ सदस्य का यहां होना निश्चित होता है। अन्यथा कई बार देवता लोक रुष्ट होकर वापस भी चले जाते हैं। वैसे ऐसा बहुत कम हुआ है। कभी स्व. श्री वीरभद्र सिंह जी के निजी व्यस्तता के चलते यह परंपरा का निर्वहन राजपरिवार के अन्य सदस्यों के द्वारा पहाड़ी नाटी के धुरे में चोंरें (याक के बाल का) को हिलाते हुए नृत्य को और भी लुभावन कर देता है। पुरानी परंपराओं का स्थान आधुनिकता ने ले लिया है। किसी समय फाग मेले में बुशहर रियासत के लोग अपनी पारंपारिक वेशभूषा में शिरकत कर नाटी का आनंद लेते थे। यहां नाटी आज भी लगती है, परंतु पुराने लोग ही अपनी पारंपरिक वेशभूषा में देखे जाते हैं, क्योंकि युवाओं को पारंपरिक वेशभूषा से शायद परहेज शुरू हो गया है। इसी प्रकार मेले में विशेष प्रकार के व्यंजन परोसे जाते थे। लोग गांव से पोलडु, बटुरु तथा अन्य व्यंजन लाते थे जिसका आधुनिकता में फास्ट फूड ने स्थान ले लिया है। बुशहर के मेलों में मौढ़ी का विशेष महत्व रहता था। मौढ़ी को चावल और गेहूं के दानों को भूनकर बनाया जाता है जिसमें चुली की गुठली, अखरोट, गरी, भांग का बगुडू तथा गुड़ मिलाकर तैयार किया जाता था। पुराने समय में फाग मेला आपसी मिलन का भी स्थान होता था। दूरदराज के दुर्गम क्षेत्रों से लोग पैदल चल कर मेले में आते थे। अपने एक साल से बिछुड़े रिश्तेदारों व मित्रों से मिल कर मौढ़ी का आदान-प्रदान करते थे। उनका मानना था कि मौढ़ी के आदान-प्रदान से आपसी भाईचारा बढ़ता है। ऐसी भी मान्यता है कि पुराने समय में फाग मेला में गर्मी शुरू होने के कारण जनजातीय और दुर्गम क्षेत्रों के लोग बर्फ लाकर राजदरबार में बेचा करते थे। हर साल तकरीबन 20 से ऊपर देवी-देवताओं को निमंत्रण भेजा जाता है। कई बार नगर परिषद तथा स्थानीय प्रशासन की इच्छाशक्ति से लोक संगीत संध्या का प्रावधान भी किया जाता है, जो निहत पारम्परिक बुशैहर की संस्कृति के अनुरूप होता है। ताकि डेविड कार्ड, क्रेडिट कार्ड, फ्री फायर, रील की एक्टिंग और मोबाइल फोन की आभासी दुनिया के अलावा यह भी पता चल सके कि वाद्य यन्त्रों की देव धुनों में भी संगीत पनपता है। देवते नचाते है, देव लोक नाचता है, किसी बन्द कमरे में मोबाइल कैद से बेहतर मेले में लोग अपनत्व होने का आनंद प्राप्त करते हैं। रामपुर बुशैहर का फाग मेला हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर का एक अनमोल हिस्सा है, जो परंपरा, भक्ति और लोकजीवन के रंगों को एक साथ समेटे हुए है। अपनी भव्यता, लोकनृत्य, पारंपरिक रीति-रिवाजों और आध्यात्मिकता के कारण क्षेत्र के सबसे महत्वपूर्ण उत्सवों में से एक माना जाता है। अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए यह मेला बसंत ऋतु के आगमन और रंगों के त्योहार होली का उत्सव मनाने के लिए आयोजित किया जाता है। स्थानीय लोग पारंपरिक वेशभूषा में लोक नृत्य और संगीत प्रस्तुत करते हैं, जो क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करता है। यह मेला न केवल स्थानीय निवासियों के लिए, बल्कि पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र है, जो हिमाचल प्रदेश की संस्कृति और परंपराओं का अनुभव करना चाहते हैं। रामपुर बुशैहर, जो कि सतलुज नदी के किनारे बसा एक ऐतिहासिक नगर है, अपने समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास के लिए प्रसिद्ध रहा है। यह स्थान प्राचीन समय से व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का केंद्र रहा है, जहां तिब्बत, किन्नौर और अन्य पड़ोसी क्षेत्रों से व्यापारी आया करते थे। बुशैहर रियासत के शासकों ने इस क्षेत्र में कई परंपराओं को बढ़ावा दिया, जिनमें मेलों और त्योहारों का विशेष स्थान रहा है। फाग मेले की परंपरा भी इसी गौरवशाली अतीत से जुड़ी हुई है।

कुछ अलग

# चाय की चुस्की

**अंग्रेजों** ने चर्चा के लिए स्कैंडल प्वाइंट बनाए या कॉफी हाउस में आपसी बातचीत का माहौल पैदा किया। इसमें दो राय नहीं कि चाय पर चर्चा की लंबाई पूरे देश को जीत सकती है। विषय कोई भी हो, चाय के सामने उबल सकता है। चाय बेझिझक, बेतकल्लुफ व बेकायदा हो सकती है, लेकिन कॉफी नहीं। एक दिन चाय व कॉफी के बीच भारतीयता व राष्ट्रीयता तक के सवाल उलझ गए। चाय ने चुस्की भरते ही कॉफी को घूर कर देखा और उलाहना देते हुए कहा, 'क्या तू भी ऐसे घूंट खींच सकती है। कॉफी ठहरी सभ्य और संभ्रांत, लिहाजा उसने सहज और तरल भाषा में जवाब दिया, 'मैं अंतिम घूंट को भी शांत रखना चाहती हूं, कभी पीने वाले पर दबाव नहीं डालती। इसलिए मेरे प्यालों में प्यास बची रहती है।' चाय वैसे तो खूब उबल कर आई थी, लेकिन कॉफी की शांति पर अंदर ही अंदर उबलने लगी। वैसे उबलने की संगत निभाती चाय ने अधिकांश भारतीयों को उबलने का कोई न कोई बहाना दिया है। यह इसलिए कि चाय का अपना कोई घर-बार तो है नहीं, जहां दिल किया वहीं उबलने लगी, पेड़ के नीचे या पहाड़ के ऊपर। दूसरी ओर कॉफी को हमेशा हाउस चाहिए, इसलिए पीने वाले मानते हैं कि कॉफी किसी सुलझी हुई गृहिणी की तरह शालीन और समर्पित है। एक समय में एक ही काम करती है, जबकि चाय पीने वाले एक साथ बहुत कुछ कर सकते हैं। चाय का क्या, जले भुने लोग पी लेते हैं और दबे-कुचले भी। यही वजह है कि जो देश चाय पीते हैं, उनके बाशिंदे कुछ भी कर सकते हैं। दरअसल किसी व्यक्ति की योग्यता चाय की प्याली बता सकती है। चाय न होती, तो लोग सात समुद्र पार न करते, बल्कि इमिग्रेशन की वजह भी यही है। अब अगर ट्रंप कुछ घुसपैठिया टाइप प्रवासी भारतीयों के खिलाफ दिखाई दे रहे हैं, तो वहां भी मसला मसाला चाय का है। ट्रंप ठहरे कॉफी पीने वाले, वह क्या जानें कि अदरक की चाय का स्वाद क्या होता है। हम हिंदोस्तानी चाय पीते-पीते बड़े-बड़े काम कर लेते हैं। हरियाणा के किसी गांव के किसी खोखे पर उबली चाय ने ही ये विमर्श पैदा किया होगा कि अमरीका जाने के लिए डंकी रूट पकडऩे का साहसी काम किया जाए। उधर गुजरात की चाय अगर देश की सत्ता जीत सकती है, तो अमरीका किस खेत की मूली। इसलिए जिसने चाय के ज्यादा घूंट पीये, विदेश चला गया। अब हमारे विदेश मंत्री को चाहिए कि वह अपने हाथों से एक-दो प्याली अदरक वाली चाय ट्रंप को पिला दें और फिर देखें सारी विदेश नीति कैसे बदल जाएगी। सारे देश को मिलजुल कर कोशिश यह करनी होगी कि ट्रंप से कॉफी छुड़वा कर चाय की प्याली थमा दी जाए। पिछले दिनों यह सर्वे हो गया कि भारतीय चुनावों में चाय की भूमिका क्यों बढ़ गई। दरअसल भाजपाइयों ने चाय केवल पी नहीं, बल्कि उसे पिलाया भी बड़े इत्मिनान से। कांग्रेस को कॉफी हाउस से बाहर निकलने की फुर्सत ही नहीं मिली। जिस दिन राहुल गांधी अपनी चाय को पीने लायक बना पाएंगे, पार्टी के आगे किसी की सत्ता नहीं बचेगी। देश चाय पर निवेश करता है। मजदूर से नौकरीपेशा तक, हर कोई चाय पर निवेश कर रहा है। चाय सरल है, इसीलिए इस देश के अधिकांश लोग इसके घूंट के साथ किसी भी बात पर यकीन कर लेते हैं। कॉफी पीने वाले यूं ही अर्बन नक्सल नहीं हुए, वे जो पी रहे हैं, उस तरह से देश महान नहीं बनता। दूसरी ओर चाय पीने वाले देश के लिए यकीन करते हुए इसे 'विश्व गुरु' मानते हैं। प्रयागराज के महाकुंभ पर यकीन न हो तो कॉफी पी लीजिए, वरना वहां हर पहुंचने वाले ने चाय के भरोसे तीर्थ यात्रा कर ली। कुछ न मिले तो चाय पी लीजिए, वरना मिजाज में इसे भर लीजिए।

देश दुनीया से

# मजबूत घरेलू मांग की नई अहमियत

**यकीनन** इस समय जब अमरीकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की टैरिफ मार से बचने के लिए दुनिया के देश अलग-अलग रणनीतियां अपना रहे हैं, ऐसे में ट्रंप के टैरिफ की मार से मुकाबला करने के लिए भारत की मजबूत घरेलू मांग भारत के लिए एक बड़ी शक्ति के रूप में उभरकर दिखाई दे रही है। निश्चित रूप से इस समय देश के उपभोक्ता बाजारों में तेजी से बढ़ती खपत भारत के लिए ट्रंप के टैरिफ से जंग में मजबूत हथियार है। हाल ही में 27 फरवरी को डेलॉयट इंडिया और रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएआई) के द्वारा जारी इंडियाज डिस्क्रेशनेरी स्पेंड इवॉल्यूशन रिपोर्ट के मुताबिक भारत का उपभोक्ता बाजार दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रहा है। भारत के उपभोक्ता बाजार में जो निजी खपत वर्ष 2013 में 87 लाख करोड़ रुपए मूल्य की थी, वह वर्ष 2024 में दोगुनी से भी अधिक 183 लाख करोड़ रुपए से ऊपर निकल गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2026 में भारत तेजी से बढ़ती खपत के कारण दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बन जाएगा। निःसंदेह देश के उपभोक्ता बाजार को देश का मध्यम वर्ग नई आर्थिक ताकत दे रहा है। देश में आर्थिक सुधारों के साथ ऊंची विकास दर और शहरीकरण की ऊंची वृद्धि दर के बलबूते भारत में मध्यम वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढ़ी है। हाल ही में प्रकाशित द राइज ऑफ मिडल क्लास इंडिया नामक डॉक्यूमेंट के मुताबिक भारत के मध्यम वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढक़र 2020-21 में लगभग 43 करोड़ हो गई है और 2047 तक यह संख्या बढक़र 102 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इस वर्ग को 5 लाख से 30 लाख रुपए की वार्षिक आय वाले परिवारों के रूप में परिभाषित किया गया है। रिसर्च फर्म कांतार की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2030 तक सालाना 10 हजार डॉलर से अधिक आय वाले भारतीयों की संख्या तीन गुना हो जाएगी। यह 2024 में लगभग 6 करोड़ थी, जो 2030 तक 16.5 करोड़ होगी। निश्चित रूप से नए टैरिफ युद्ध की बढ़ती आशंकाओं के बीच भारत का मध्यम वर्ग भारतीय अर्थव्यवस्था की नई शक्ति बन गया है। भारत के मध्यम वर्ग की मुट्ठियों में बढ़ती क्रय शक्ति और जेन जी एवं मिलेनियल्स की आंखों में उपभोग और खुशहाली के जो सपने दिखाई दे रहे, उनके कारण जहां दुनिया के कई देश भारत से आर्थिक और कारोबारी संबंध बढ़ाने के लिए तत्पर हैं, वहीं दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने नामी ब्रांडों के साथ भारत के बहुआयामी उपभोक्ता बाजार में नई रणनीतियों के साथ दस्तक दे रही हैं। वैश्विक खुदरा सेवाओं से जुड़ी कंपनियां भारत में तेजी से पैर पसार रही हैं। प्रौद्योगिकी लेकर परिधान, सौंदर्य, फैशन और मनोरंजन क्षेत्र के दिग्गज ब्रांड अब भारत के बड़े महानगरों से होते हुए टियर-2 और टियर-3 शहरों की तरफ बढ़ चले हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि तमाम वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत घरेलू मांग की मजबूती से दुनिया में सबसे तेज गति से विकास करने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। पिछले 10 वर्षों में खपत बढऩे की दर सबसे अधिक भारत में ही रही है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.2 फीसदी रही है। भारत की यह विकास दर चीन, अमरीका, इंडोनेशिया, ब्राजील जैसे तमाम विकसित व विकासशील देशों की तुलना में अधिक है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में 27 फरवरी को वल्र्ड बैंक ने अपनी 'ग्लोबल इकोनॉमिक प्रॉस्पेक्ट्स' रिपोर्ट में भारत की अर्थव्यवस्था को निवेश और खपत के मद्देनजर दुनिया की सबसे तेजी से बढऩे वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बताया है। वल्र्ड बैंक के कंट्री डायरेक्टर ऑगस्टे तानो कोउमे ने कहा कि अगर कोई भारत के आर्थिक आंकड़ों से चिंतित है, तो हम कहना चाहेंगे कि चिंता न करें। भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक चमकता सितारा है। भारत सरकार की नीतियों से बढ़ती खपत और बढ़ते निवेश भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं। चूंकि घरेलू मांग और खपत भारत की शक्ति है, अतएव निश्चित रूप से एक अप्रैल 2025 से प्रभावी होने वाला वित्त वर्ष 2025-26 का बजट करदाताओं, निवेशकों तथा मध्यम वर्ग की खरीदी की क्षमता बढ़ाते हुए दिखाई दे रहा है। वित्तमंत्री के द्वारा टैक्स में कटौती और टैक्स ढांचे को आसान बनाकर खर्चों और सेविंग्स को बढ़ाने की कोशिश इस बजट में दिखाई दी है। वित्तमंत्री ने मजबूत वित्तीय मुट्ठी से आयकर के नए टैक्स रिजीम की व्यवस्थाओं के तहत करदाताओं को अभूतपूर्व राहतों से लाभान्वित किया गया है। नई टैक्स रिजीम के तहत आयकर स्लैब में बड़ा बदलाव है ताकि अधिक से अधिक करदाता इसे अपनाने के लिए प्रेरित हों। वित्तमंत्री ने नए बजट के तहत न्यू टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव और अतिरिक्त रिबेट की घोषणा की, जिसके तहत 12 लाख रुपए तक की आमदनी पर कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा। निश्चित रूप से इस बजट से सरकार लंबे समय से लंबित मध्यम वर्ग की आर्थिक वित्तीय शिकायतों का समाधान करते हुए आर्थिक वृद्धि की गति को फिर से तेज कर उपयुक्त कर राहत से एक अच्छा आर्थिक चक्र करने की डगर पर आगे बढ़ी हैं। निश्चित रूप से मध्यम वर्ग पर कर का बोझ कम करने से खपत बढ़ेगी। इससे जीएसटी संग्रह में वृद्धि होगी और कर योग्य आय वालों का आधार बढ़ेगा। निःसंदेह इस समय जब ट्रंप के टैरिफ वार की आशंका से दुनिया में बहुत तेजी के साथ आर्थिक और कारोबारी उठापटक चल रही है, तब दुनिया में होते इस बदलाव के मद्देनजर हमें भी भारत के आर्थिक और कारोबारी हितों को सबसे पहले और सबसे ऊपर रखना होगा। इस समय वैश्विक व्यापार नए सिरे से दोबारा स्थापित होने जा रहा है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) अब मुख्य स्तम्भ के रूप में नहीं बचा है और सबसे पसंदीदा राष्ट्र (एमएफएन) के दर्जे के तहत गैर-भेदभावपूर्ण शुल्क खत्म हो रहे हैं। हर देश चाहता है कि उसके साथ विशेष व्यवहार किया जाए। हमें उसी रास्ते पर चलना होगा तथा देश की मजबूत घरेलू मांग और मध्यम वर्ग की चमकती हुई क्रय शक्ति का आधार बनाकर दुनिया के विभिन्न देशों के साथ आर्थिक और कारोबारी संबंधों को नई दिशा देना होगी। निःसंदेह ट्रंप की टैरिफ संबंधी नई चुनौतियों के बीच भारतीय नीति निर्माताओं के द्वारा ट्रंप प्रशासन की नीतियों से भारत पर होने वाले प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभावों का सतत मूल्यांकन करते हुए मजबूत घरेलू मांग की ताकत के आधार पर रणनीतिक रूप से आगे बढऩा होगा। चूंकि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है और 2047 तक विकसित भारत के लिए 7.8 फीसदी विकास दर पाने का लक्ष्य है, ऐसे में भारत को भारतीय बाजार में तेजी से खपत बढ़ाने की रणनीति के साथ अमरीका से टैरिफ मार के मुकाबले के लिए सुनियोजित रूप से आगे बढऩा होगा। तभी हम सफल होंगे।

आप का नजरीया

# गोलियों के बीच बंबर सिंह

**बिलासपुर** का गुंडा कौन। एक सवाल जो मुड़-मुड़ कर बिलासपुर से पूछने लगा है कि हे भाई 'यह पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर आक्रमण क्यों हो रहे और इस बार तो गोली ने गहरे जख्मों से पूरे परिवेश को कलंकित किया।' कुछ तो है जो तेरी गली में डाकू आने लगे, वरना इसी राह से तो वो पुजारी जाता है। हो सकता है बंबर ठाकुर किसी सियासी आक्रोश का प्रतीक हो। उनके निजी मसलों में खोट हो, लेकिन कानून व्यवस्था के दर्पण अगर यूं टूटने लगे, तो हिमाचल का चेहरा न जाने कितना विकृत नजर आएगा। विडंबना यह कि होली के दिन अपराध की बारात निकल आई और पिचकारी से गोली निकल आई। यह पहला चित्र नहीं, इससे पूर्व भी युद्ध का मैदान सजा था। वहां कौन लड़ रहा है और हर बार यह बंबर सिंह ठाकुर ही क्यों मिल रहा है। यह कोई गुटीय संघर्ष है या सियासत का नायक अब यूं ही गोलियों के बीच मिलेगा। कम से कम इस गोली कांड ने सैकड़ों तोहमतें बटोर ली हैं और अब चर्चाओं के सदमे रोज मिलेंगे। चर्चाएं कयामत तक पहुंचने लगीं, तो कसूर कहने का नहीं आंखों देखी ने, नफरत के दीये देखे हैं। बिलासपुर की आंखों देखी अब गोलियों के इस षड्यंत्र से डरने लगी। पहले बीबीएन में गोलियों की गलियों से सियासत का प्रभुत्व नाचा और अब सियासत की दौलत में बिलासपुर का अमन चकनाचूर होने लगा है। अपराध नंगे पांव चलकर आ रहा है, लेकिन इसके बीच सियासी चरित्र, सियासी पहचान और सियासत के प्रभाव को हर दौर और हर रुतबे में समझना होगा। आखिर हिमाचल क्यों असामान्य दिखाई देने लगा है और क्यों अपने सामान्य व्यवहार से दूर रहने लगा है। क्या यहां भी सियासत अपने प्रोफेशन से धंधे तक पहुंच गई या तमाम धंधों ने सियासत को पूज लिया। वो रेत-वो बजरी, तेरे महलों ने तो दुकान खोल ली। वो शराब, वो शराबी, तेरे गल्ले ने उसकी जेब लूट ली। कहना न होगा कि हिमाचल में माफिया अब सिर पर चढक़र बोल रहा है। बहुत पहले पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने माफिया के प्रवेश को हर भूमिका में इंगित किया था। अब यह नई सज्जनता है, जिसके पीछे सारा दारोमदार चल रहा है। हिमाचल में जिंदगी के हर पहलू में अगर सियासत रहेगी, तो माफिया हर कदम पे अपना कदम गिनेगा। यह जारी है। देखते ही देखते यह प्रदेश अगर पहाड़ को काटने का हुनर सीख गया, नदी-नालों को छान कर व्यापार सीख गया या चिट्टे की खान में धंधा चला पाया, तो जुर्म की गलबहियों में आर्थिक अपराध बढ़ गए हैं। एक वक्त था जब खच्चरों पर राशन और रेत ढोया जाता था। आज खच्चर के आगे टैक्सी और जेसीबी खड़ी हो गई। यह आर्थिक क्रांति हो सकती है, लेकिन जब इनका संचालन समाज के साथ सियासत करने लगे, तो हर छतरी के नीचे असामान्य राजनीतिक प्रश्रय पैदा हो रहा है। कभी बिकते शराब के ठेके को देखना, कभी सडक़-इमारत के निर्माण से पहले ठेका हासिल करने का तरीका देखना। देखना विकास की उड़ती हुई धूल के नीचे और पीछे कौनसा सियासी पक्ष मजबूती से खड़ा है। इसलिए हिमाचल में राजनीति अब सीधी ठेकेदारी से जुड़ गई है। चाहे कोई भी सत्ता आए, हर विधायक के कुछ कार्यकर्ता ठेकेदार बन जाते हैं। पहले छोटे, फिर बड़े बन जाते हैं।

# चतरा में विदेशी शराब की अवैध मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के कारोबार एवं शराब कारोबारियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 18 मार्च को उत्पाद विभाग के द्वारा सदर थाना अंतर्गत डहुरा गांव में छापामारी कर अवैध विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया। इस मिनी फैक्ट्री का संचालन शंकर यादव एवं अरविंद यादव के द्वारा अपने मुर्गी फार्म में किया जा रहा था, जहां स्पिरिट में कैरेमल और एसेंस मिलाकर नकली शराब तैयार कर ब्रांडेड शराब की बोतलों में भर कर नकली लेबल और होलोग्राम लगाकर पैक करने का काम किया जाता था। मौके से अवैध शराब कारोबारी जंगल की ओर भागने में सफल रहे, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। जब्त समानों में बोतलबंद विदेशी शराब (720 बोतल) = 270 लीटर, तैयार रंगीन शराब = 20 लीटर, स्पिरिट = 600 लीटर,कैरेमल = 3 लीटर, रॉयल स्टेज विस्की एंपोरियल ब्लू विस्की रॉयल चैलेंज विस्की का ढक्कन और लेबल , होलोग्राम, विभिन्न ब्रांड का खाली बॉटल, स्पिरिट का खाली जार,शराब बोतलबंदी के उपकरण, **एक महिंद्रा सवारी वाहन आदि शामिल है।** मामले में संलिप्त आरोपीयों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग दर्ज किया जा रहा है। अधीक्षक उत्पाद, चतरा के द्वारा जानकारी दी गई कि उपायुक्त महोदय के निर्देशानुसार गुप्त सूचना के आधार पर यह छापामारी की गई है। आगे भी अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध इसी प्रकार सघन छापामारी अभियान जारी रहेगा। छापामारी दल में आशीष कुमार पांडेय, अवर निरीक्षक उत्पाद, अभिषेक आनंद, अवर निरीक्षक उत्पाद, उत्पाद आरक्षी, गृहरक्षक बल, महिला गृह रक्षक आदि लोग शामिल थे।

## पूर्व मुखिया सह भाजपा नेता के अग्नि संस्कार में हजारों की संख्या में पहुंचे चाहने वाले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड क्षेत्र के गाड़ीलौंग पंचायत के पूर्व मुखिया सह भाजपा नेता 74 वर्षीय शंकर प्रसाद चौरसिया ने बीते रात्रि राज हॉस्पिटल रांची में अंतिम सांस लिया। बताया गया कि होली के दो दिन पूर्व शंकर प्रसाद चौरसिया को सांस लेने में काफी समस्या हो रहा था। जिसको लेकर राज हॉस्पिटल रांची में भर्ती कराया गया था। चिकित्सक द्वारा एक दिन बाद छुट्टी देने को लेकर जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया था। इसी दौरान उन्हें अचानक हार्ट अटैक आने से अकास्मिक निधन हो गया। मृतक के परिजन द्वारा शव को लेकर अहले सुबह सात बजे अपने पैतृक गांव गाड़ीलौंग लाया गया। जिसके बाद दिन में 12 बजे अंतिम संस्कार किया गया इसके साथ ही दिवंगत पंचतत्व में विलीन हो गए।इनके अग्नि संस्कार के कार्यक्रम में लगभग हजारों की संख्या में उनके शुभचिंतक व चाहने वाले शामिल हुए। इधर समाजसेवी सुभान अंसारी ने शव यात्रा में कंधा देकर गहरा शोक संवेदना व्यक्त किया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुनील चौरसिया, पूर्व विधायक किशुन कुमार दास, गाड़ीलौंग पंचायत के मुखिया शाबिदा खातून, मीनू गुप्ता, शिक्षक जगदीश राम, प्रताप चौरसिया, महेंद्र यादव, अक्षयवट पांडे, गणेश गुप्ता, पंकज राज, गोविंद तिवारी, सुभान अंसारी, मंजूर आलम, तस्दीक आलम, विकी मालाकार, देवकी रजक, राजेश बरई, दीपू चौरसिया, सुरेंद्र सोनी, संतोष नायक ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर ढाढस बंधाते हुए एवं दुख प्रकट करते हुए शोक संवेदना व्यक्त किया।

## राजस्व शिविर का हुआ आयोजन, पांच आवेदन हुए प्राप्त, सभी लंबित



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड परिसर सभागार में राजस्व के तहत शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। यह कार्य अंचला अधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा के अध्यक्षता में की गई। जहां कुल पांच आवेदन प्राप्त हुए। आवेदन द्वारी एवं गांगपुर से आया है। अंचलाधिकारी ने सिआइ, कर्मचारियों को जांच करने का निर्देश दिए हैं। उसके बाद निष्पादन किया जाएगा?। तब तक आवेदन लंबित है।

## जल एवं मिट्टी संरक्षण के बारे में एक देश व्यापी वाटरशेड यात्रा अभियान के सफल आयोजन हेतु बैठक



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित जलछाजन विकास अवयव प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड यात्रा से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। झारखण्ड और पुरे देश में जल एवं मिट्टी संरक्षण के बारे में एक देश व्यापी वाटरशेड यात्रा अभियान की शुरुआत की गयी है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों में जल एवं मिट्टी संरक्षण के प्रति जन जागरूकता, जनभागीदारी, खेती को बढ़ावा देना आदि है। वाटरशेड यात्रा आपकी संस्था के लिए एक अच्छा अवसर है एवं इस अभियान में सभी स्वंयसेवी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। वाटरशेड यात्रा में आप सभी की संस्था निम्न प्रकार से कार्य कर सकती है जिसमें जिले में निर्धारित कार्यक्रम में अपने परियोजना क्षेत्र के केएसएस, लाभुकों एवं अन्य ग्रामीणों को भाग लेने हेतु प्रेरित करना। जलछाजन परियोजनाओं में अधिक से अधिक श्रमदान कराना। परियोजना क्षेत्र में अधिक से अधिक वृक्षारोपण कराना। सोशल मीडिया के माध्यम से वाटरशेड यात्रा का Promotion करना। उपायुक्त ने उपस्थित सभी संबंधित पदाधिकारियों को वाटरशेड यात्रा में अपनी संस्था की भागीदारी सुनिश्चित करने को बात कही। उन्होंने कहा वर्षा जल को संरक्षण करना, मिट्टी संरक्षण करना और नई तकनीकी रूप से खेती करने के प्रति जागरूकता जनभागीदारी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मनिंदर भगत, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, जिला तकनीकी विशेषज्ञ डब्लू सी डी सी चतरा ऋतुराज कुमार समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## जल एवं मिट्टी संरक्षण के बारे में एक देश व्यापी वाटर शेड यात्रा अभियान के सफल आयोजन हेतु बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित जलछाजन विकास अवयव प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड यात्रा से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। झारखण्ड और पुरे देश में जल एवं मिट्टी संरक्षण के बारे में एक देश व्यापी वाटरशेड यात्रा अभियान की शुरुआत की गयी है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों में जल एवं मिट्टी संरक्षण के प्रति जन जागरूकता, जनभागीदारी, खेती को बढ़ावा देना आदि है।वाटरशेड यात्रा आपकी संस्था के लिए एक अच्छा अवसर है एवं इस अभियान में सभी स्वंयसेवी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। वाटरशेड यात्रा में आप सभी की संस्था निम्न प्रकार से कार्य कर सकती है जिसमें जिले में निर्धारित कार्यक्रम में अपने परियोजना क्षेत्र के केएसएस, लाभुकों एवं अन्य ग्रामीणों को भाग लेने हेतु प्रेरित करना। जलछाजन परियोजनाओं में अधिक से अधिक श्रमदान कराना। परियोजना क्षेत्र में अधिक से अधिक वृक्षारोपण कराना। सोशल मीडिया के माध्यम से वाटरशेड यात्रा का प्रमोशन करना। उपायुक्त ने उपस्थित सभी संबंधित पदाधिकारियों को वाटरशेड यात्रा में अपनी संस्था की भागीदारी सुनिश्चित करने को बात कही। उन्होंने कहा वर्षा जल को संरक्षण करना, मिट्टी संरक्षण करना और नई तकनीकी रूप से खेती करने के प्रति जागरूकता जनभागीदारी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मनिंदर भगत, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, जिला तकनीकी विशेषज्ञ डब्लू सी डी सी चतरा ऋतुराज कुमार समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## मईया सम्मान की राशि न मिलने से नाराज दिखी सैकड़ों महिलाएं, बीडीओ को दिया आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** मईया सम्मान योजना की राशि न मिलने पर कुंदा प्रखंड की सैकड़ों महिलाओं ने बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा को आवेदन दिया है। महिलाएं इस योजना के तहत राशि ना मिलने के कारण परेशान हैं और उन्होंने अपनी समस्या का समाधान करने के लिए बीडीओ से गुहार लगाई है। ज्ञात हो कि मईया योजना झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत राज्य की महिलाओं को प्रति माह पच्चीस रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने का वादा किया है । यह योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए शुरू की गई है। वही महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया है कि मईया सम्मान योजना की राशि भुगतान मे बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई है सक्षम महिलाओं के खाते में योजना की राशि पहुंच चुकी है, जबकि मजदूरी करने वाली महिलाओं को अभी तक यह राशि नहीं मिली है। वही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दो मंजिला भवन में रहने वाली महिलाओं के खाते में योजना की राशि भुगतान हो चुकी है जिससे यह स्पष्ट होता है कि राशि भुगतान में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई है इस मामले में कुंदा मुखिया ने कहा है कि वे किसी भी परिस्थिति में योग्य और पात्र महिलाओं को इस योजना से वंचित नहीं होने देंगे। यदि कोई त्रुटि हुई होगी, तो वे इसकी जांच कर सुधार करने का प्रयास करेंगे। वही बीडीओ ने महिलाओं की समस्या को गंभीरता से लेने की बात कही है उन्होंने महिलाओ को भरोसा दिलाया है वे उनकी समस्या को चतरा उपायुक्त को अवगत कराकर समाधान करने का प्रयास करेंगे। आवेदन देने मे अनिता कुमारी, सरोज देवी, रश्मि कुमारी, चिंता देवी, संगीता कुमारी, निर्मला कुमारी, चांदनी कुमारी, रीना देवी, सुनैना कुमारी, रीता कुमारी, खुशबू कुमारी समेत सैकड़ों महिलाएं शामिल थी।

## महुआडांड़ बस स्टैंड में बंद पड़ा शौचालय, महिला यात्रियों को हो रही परेशानी



**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ बस स्टैंड परिसर में स्थित शौचालय पिछले छह महीनों से बंद पड़ा है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर महिला यात्रियों के लिए यह स्थिति बेहद असुविधाजनक हो गई है।

**छह माह से बंद पड़ा शौचालय**

जानकारी के अनुसार, कुछ माह पूर्व तक यह शौचालय यात्रियों के लिए खुला था, लेकिन पिछले छह महीनों से इसे बंद कर दिया गया है। इसके चलते यात्रियों, खासकर महिलाओं को काफी मुश्किलें हो रही हैं।

**सरकार को मिलता है राजस्व, फिर भी सुविधा नहीं**

स्थानीय निवासी लक्ष्मण जायसवाल, संजय, प्रदीप कुमार, कैलाश जायसवाल, संजू कुमार आदि ने बताया कि महुआडांड़ बस स्टैंड की नीलामी से सरकार को हर साल लाखों रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। इसके बावजूद यहां यात्रियों के लिए बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। शौचालय जैसी आवश्यक सुविधा न होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

**केयरटेकर ने बताई मरम्मत की जरूरत**

शौचालय के केयरटेकर मजहर खान ने बताया कि उन्होंने 36 हजार रुपये राजस्व देकर शौचालय की देखरेख का टेंडर लिया था, लेकिन वर्तमान में इसकी स्थिति बहुत जर्जर हो चुकी है। कई पाइप फट चुके हैं, जिससे इसका उपयोग करना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन को आवेदन देकर शौचालय की मरम्मत कराने की मांग की गई है। मरम्मत होने के बाद ही इसे पुनः चालू किया जा सकेगा।

**यात्रियों और स्थानीय लोगों की मांग**

यात्रियों और स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द शौचालय की मरम्मत कराने और इसे फिर से चालू करने की मांग की है, ताकि बस स्टैंड पर आने-जाने वाले लोगों को राहत मिल सके।

## पुल का टूटा अप्रोच दुर्घटना को दे रहा निमंत्रण, ग्रामीणों ने मरम्मत की उठाई मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड के गढ़बुढ़नी पंचायत अंतर्गत ग्राम केनाटोली स्थित पुल का अप्रोच पिछले कई महीनों से टूटा हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। टूटा हुआ अप्रोच आए दिन दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है, जिससे खासकर दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**बड़ी दुर्घटना की आशंका**

स्थानिय ग्रामीणों ने बताया कि पुल से होकर भारी वाहन भी गुजरते हैं, जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। पिछले साल करोड़ों की लागत से इस पुल से जुड़ी 24 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य पूरा किया गया था, जिससे इस क्षेत्र के करीब दो दर्जन गांवों के लोगों को आवागमन में सहूलियत मिली थी। लेकिन अब पुल का अप्रोच टूट जाने से यह सुविधा बाधित हो रही है।

**प्रशासन से जल्द मरम्मत की मांग**

स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से पुल के अप्रोच की मरम्मत जल्द से जल्द कराने की मांग की है, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो मजबूरन उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

## जन शिकायत निवारण शिविर आयोजित, 13 मामलों पर हुई सुनवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन उपायुक्त कार्यालय में किया गया। इस दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें नियुक्ति, भूमि अधिग्रहण और मुआवजा से जुड़े मामले शामिल थे। कुछ मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के त्वरित निपटारे के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन कर जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त के निर्देशानुसार, प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय कार्यालयों में जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जाता है।

## धान अधिप्राप्ति के महीनों बाद किसानों को नहीं मिले पैसे, किसान मायुस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड के बेबस और लाचार किसान मायुस नजर आ रहे हैं क्योंकि धान अधिप्राप्ति के महीनों बाद उनके गाढ़ी कमाई के पैसे का भुगतान सरकार अबतक नहीं कर पाई है। जहां प्रखंड अंतर्गत आने वाले तीनों लैंपसों में धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य लगभग पच्चीस सौ क्विंटल था जोकि लक्ष्य से आधा भी धान की खरीद नहीं हो सका बावजूद इसके कई किसानों का भुगतान लंबित है जिससे छोटे किसानों का मनोबल गिर गया और वे परेशान हैं। वैसे किसान जिनके भुगतान लंबित है वे बताते हैं कि किसानों को तत्काल नकदी की जरूरत होती है ताकि वे दुसरी फसल के लिए खाद बीज और अन्य जरूरत का साधन जुटा सके साथ ही किसानों के नमी वाले धान का बाजार भाव भी मिल जाता है इसलिए वे बाजार में ही अपने धान की बिक्री कर देते हैं। वहीं दूसरी तरफ किसान ऑनलाइन निबंधन के बाद स्थानीय लैंपस में धान बेचने जाते हैं तो धान की नमी की जांच के बाद उनके धान की खरीद की जाती है जिससे किसानों को नूकसान उठाना भी पड़ता है। किसान लैंपस की भुगतान व्यवस्था को लेकर नाखुश हैं। ऐसे में जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से किसानों की अपील है कि मामले पर संज्ञान लेते जल्द भुगतान किया जाए।

# लातेहार में निःशुल्क मेगा आई कैंप का आयोजन 22 मार्च को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जीवन ज्योति ट्रस्ट एनजीओ एवं जिला अंधापन नियंत्रण समिति डीबीसीएस (DBCS), लातेहार के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 22 मार्च 2025 (शनिवार) को किया जा रहा है। यह शिविर आदिम जनजातीय अस्पताल, मनन चोटांग, स्टेशन रोड, लातेहार में आयोजित होगा। इसके लिए आपको आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड अनिवार्य, यदि मरीज को बीपी, शुगर या कोई अन्य बीमारी है, तो उसकी पूर्व जांच करवाकर आएं,दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं मोबाइल नंबर अनिवार्य है। जांच का समय सुबह 10 बजे से रखी गई है।इस संबंध में जानकारी देते हुए जीवन ज्योति ट्रस्ट के अध्यक्ष सुधीर प्रसाद ने बताया कि इस शिविर में जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क मोतियाबिंद जांच, ऑपरेशन, लेंस, चश्मा, दवाइयां एवं भोजन (खिचड़ी) प्रदान किया जाएगा। श्री प्रसाद ने सभी जरूरतमंद मरीजों से अनुरोध किया है कि इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ उठाएं और अपने नेत्र स्वास्थ्य का ध्यान रखें। एवं अधिक जानकारी के लिए दिए गए मोबाइल नंबर 8294206399/ 8709240985 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# अंचलाधिकारी ने की टेमराई माइंस की जांच, कार्रवाई की बात कही



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने मंगलवार को टेमराई माइंस की जांच की।कार्रवाई की बात कही। उन्होंने कहा कि होली के बाद से माइंस में काम बंद है। पूरे क्षेत्र का जायजा लिया गया। जांच की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि समाचार पत्रों में लगातार खबर छपने के बाद उन्होंने माइंस की जांच की है। बताते चलें की 'प्रभात मंत्र' के द्वारा पिछले दिनों माइंस में नियमानुसार खनन नहीं होने और दैनिक मात्र से अधिक पत्थर निकाले जाने के संबंध में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की गई थी।मुखिया जमीला बीवी ने भी माइंस में हो रहे खनन कार्य को अवैध बताते हुए विस्फोट से होने वाले नुकसान की जानकारी दी थी और नियमानुसार माइंस नहीं चलने की बात कही थी। मुखिया ने यह भी बताया था कि पत्थर उत्खनन से ग्रामीणों के कच्चे मकान पर हमेशा खतरा बना रहता है। सड़क पर लगातार वाहनों के चलने से धूल उड़ाते रहती है, जिससे धूलजनित बीमारी की संभावना बढ़ गई है। संवेदक सड़क में पानी का छिड़काव नहीं करता। खबर में यह भी बताया गया था कि स्थानीय लोगों के साथ शोषण किया जाता है लोग दहशत में रहते हैं।

## अनियंत्रित बेलोरो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, तीन घायल



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकत्रित बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बारीखाप ग्राम के समीप मंगलवार को एक अनियंत्रित बोलेरो ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे दुर्घटना में बाइक में सवार सकेन्द्र गंझू 35 वर्ष पिता साहेब गंझू एवं उसकी पत्नी देवती देवी 30 वर्ष पुत्री सपना कुमारी 17 तीनों ग्राम बनवार थाना बरियातू निवासी गगंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद सभी घायलों को स्थानीय लोगो की मदद से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बालूमाथ अस्पताल इलाज कराने आ रहे थे तभी बारीखाब के पास यह घटना हुई।

## बरही अनुमंडल में स्टेडियम निर्माण को लेकर उठाया सवाल, जल्द पूरा होगा निर्माण कार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही विधानसभा के विधायक मनोज कुमार यादव ने प्रश्न के माध्यम से सवाल पूछा है कि हजारीबाग जिले के बरही अनुमंडल में स्टेडियम निर्माण कार्य की स्थिति पर सरकार से जवाब मांगा है। बरही विधायक मनोज यादव ने सरकार से तीन प्रमुख सवाल पूछे है। उन्होंने पूछा है कि क्या यह सच है कि वर्ष 2017 में बरही अनुमंडल में अनुमंडल स्तरीय स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था? क्या उपायुक्त, हजारीबाग ने वर्ष 2023 में इस निर्माण कार्य का पुनरीक्षित प्राक्कलन खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, रांची को स्वीकृति हेतु भेजा था, जो अब तक स्वीकृत नहीं हुआ? यदि उपरोक्त दोनों बिंदु सही हैं, तो क्या सरकार इस स्टेडियम के निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति देकर कार्य प्रारंभ करने का विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक, और यदि नहीं, तो क्यों? जिसके बाद मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने जवाब दिया है कि वर्ष 2017-18 में बरही में अनुमंडलीय स्तरीय स्टेडियम निर्माण के लिए 3,15,79,900 रुपये की स्वीकृति दी गई थी। उपायुक्त, हजारीबाग ने इस निर्माण कार्य के पुनरीक्षित प्राक्कलन को 3,52,12,600 रुपये के रूप में खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग को भेजा था, लेकिन यह अब तक सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त नहीं कर सका है। इस संबंध में विभाग द्वारा पत्रांक-498, दिनांक 12.03.2025 के माध्यम से उपायुक्त, हजारीबाग से पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन की मांग की गई है। सरकार उपायुक्त से स्वीकृत प्राक्कलन प्राप्त होने के बाद बजट उपलब्धता के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई करेगी।

**जनता में नाराजगी, स्टेडियम निर्माण में हो रही देरी :** बरही अनुमंडल के युवा और खेल प्रेमी लंबे समय से इस स्टेडियम के निर्माण की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हालांकि, सरकार द्वारा वित्तीय स्वीकृति दिए जाने के बावजूद, तकनीकी स्वीकृति में हो रही देरी से निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ सका है। अब सभी की निगाहें उपायुक्त, हजारीबाग द्वारा आवश्यक दस्तावेज सरकार को भेजने और बजट मंजूरी पर टिकी हैं। बताते चलें कि विधायक मनोज कुमार यादव के इस प्रश्न के बाद सरकार पर इस मामले में तेजी से कार्रवाई करने का दबाव बढ़ गया है। विधायक मनोज यादव ने बताया कि यदि उपायुक्त द्वारा जल्द आवश्यक स्वीकृति प्रदान कर दी जाती है, तो सरकार बजट उपलब्धता के आधार पर कार्य प्रारंभ कर सकती है। बरही के स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही इस स्टेडियम के निर्माण का कार्य शुरू होगा, जिससे क्षेत्र के युवाओं को खेल-कूद के लिए बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

## भाजपा से सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने विधानसभा में सरकार के खिलाफ जमकर बरसे




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शिक्षा, पर्यावरण और वन संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार को घेरा। उन्होंने सरकार से सीधे सवाल किए और उसकी नीतियों पर गंभीर सवाल उठाए।

**कोचिंग संस्थानों की अनियमितता पर सरकार मौन क्यों?**

विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में यह गंभीर मुद्दा उठाया कि झारखंड में हजारों कोचिंग संस्थान बिना किसी नियमन के संचालित हो रहे हैं, जिससे छात्रों और अभिभावकों का शोषण हो रहा है। उन्होंने सवाल किया कि क्या यह सच है कि कोचिंग संस्थान बिना किसी सरकारी मान्यता के मनमाने तरीके से छात्रों से फीस वसूल रहे हैं? सरकार ने इस पर स्वीकार किया कि कोचिंग संस्थानों का संचालन अनियमित है और इन्हें नियमित करने के लिए दिशा-निर्देश तैयार किए जा रहे हैं। इस जवाब से संतुष्ट न होते हुए विधायक ने सरकार से दो टूक सवाल किया आखिर यह दिशा-निर्देश कब तक लागू होंगे? क्या सरकार तब तक छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करती रहेंगी.

**कागजों में योजना, धरातल पर जंगल कट रहे हैं :** पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे पर भी विधायक प्रदीप प्रसाद ने सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने सदन में पूछा कि झारखंड में 40.56त्न संरक्षित वन क्षेत्र और 48.34त्न ओपन फॉरेस्ट क्षेत्र होने के बावजूद वन क्षेत्र घटता क्यों जा रहा है? सरकार ने जवाब दिया कि राज्य में 24 जिलों में 92 स्थायी पौधशालाएँ कार्यरत हैं। इनमें कुल 96 लाख पौधे तैयार किए जा रहे हैं। जंगलों के संरक्षण के लिए विभिन्न योजनाएँ चलाई जा रही हैं। इस पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सरकार की विफलता को उजागर करते हुए कहा की अगर सरकार के दावों में सच्चाई होती, तो झारखंड के जंगल लगातार खत्म क्यों हो रहे हैं? सरकार सिर्फ आँकड़ों की बाजीगरी कर रही है, जबकि जमीन पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जंगलों की अवैध कटाई और अतिक्रमण पर तत्काल रोक लगाई जाए। वन क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय लोगों को पुनर्वास और रोजगार दिया जाए। वन संरक्षण की योजनाओं का सार्वजनिक ऑडिट कराया जाए। विधायक प्रदीप प्रसाद ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भाजपा जनता के साथ खड़ी है और सरकार को इन मुद्दों पर जवाब देना ही होगा। उन्होंने कहा कि अगर जल्द हीकोचिंग संस्थानों का नियमन नहीं हुआ, वन संरक्षण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए,अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई नहीं हुई,सदन से सड़क तक आवाज को बुलंद करेंगे. विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड की जनता से अपील करते हुए कहा कि यह सिर्फ कोचिंग करने वाले छात्रों या जंगली क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों का मुद्दा नहीं है, यह पूरे झारखंड का सवाल है। अगर आज हम नहीं जागे, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें माफ नहीं करेंगी।

## बेंगवरी के महिला मोर्चा का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन

**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महिला मोर्चा बेगवरी केरेडारी के तत्वावधान में एनटीपीसी के अधीनस्थ बीजीआर कम्पनी के उत्खनन एवं ट्रांसपोर्टिंग को मंगलवार के 10 बजे से बंद कर दिया है साथ ही सैकड़ो महिलाएं माइंस के अंदर धरना पर बैठ गयी है। महिलाओ ने माइंस बंद करवाने से पूर्व कम्पनी को आठ सूत्री मांग पत्र सौपा था जिस पर कम्पनी ने कोई वार्ता नही किया तब महिलाओ ने अनिश्चित कालीन माइंस को बंद करवा दिया है। मौके पर पहुँचे केरेडारी अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल एवं बीजीआर के प्रबंधक श्री निवास वार्ता के लिए पहुँचे,पर वार्ता विफल हो गया।

**क्या है मांगे :** महिलाओं ने प्रदूषण रोकने,महिलाओ एवं पुरुषों को रोजगार देने पेयजल की सुविधा बिजली शिक्ष स्वास्थ्य समेत आठ सूत्री मांग शामिल है। धरना-प्रदर्शन की अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष काजल कुमारी ने किया जबकि संचालन सुनीता देवी ने किया। मौके पर फूलमती कुमारी रेणु देवी बबिता देवी काजल देवी गीता देवी मालती देवी उमा देवी बसंती देवी सरिता देवी सारो देवी सुनीता देवी उषा देवी अनिता देवी नमिता देवी आशा देवी कविता देवी चिंता देवी मोहनी देवी पिंकी देवी राजो देवी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## पीएमएफएमई महोत्सव का उद्घाटन समारोह

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत प्रमंडल स्तरीय पीएमएफ़एमई महोत्सव का उद्घाटन समारोह आज मंगलवार 18 मार्च को स्थानीय कर्जन ग्राउंड में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री उद्योग,श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार श्री संजय प्रसाद यादव शामिल हुए। आज के इस प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में 14 जिलों के पीएमएफ़एमई के अंतर्गत 40 विभिन्न प्रकार के वित्त पोषित इकाइयों ने अपनी उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में माननीय मंत्री ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए इस कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा इस योजना का उद्देश्य खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में असंगठित रूप से कार्य कर रहे छोटे उद्यमियों को बढ़ावा देना और इस क्षेत्र में एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का निर्माण हो सके।(पीएमएफ़एमई) की मदद से, सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को वित्तीय,तकनीकी और व्यावसायिक सहायता दी जाती है। यह योजना खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को विकसित करने,उनका विस्तार करने और उनका उन्नयन करने में मदद करती है। सरकार सरकार की योजना तब तक सफल नहीं हो सकती जब तक इन योजनाओं की जानकारी आम जनों तक ना हो। उन्होंने उपस्थित लोगों विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से कहा कि वें आगे आएं,खुद का रोजगार शुरू करें। यह अच्छा अवसर है,यहां छोटे-छोटे उद्योग करने वाले इच्छुक लोगों को वित्तीय सहायता मिलेगी। झारखंड सरकार की योजना है कि युवा मुख्य धारा में आए और स्वरोजगार को अपनाए। झारखंड के लोग मेहनती हैं और मेहनत के बल पर अपना भाग्य बदल सकते हैं। हम पीछे क्यों रहे हम किसी से कम नहीं। उद्योग निदेशक सुशांत गौरव ने भी इस योजना के बारे में आमजनों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री सूक्ष्म में खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के प्रमंडल स्तरीय पीएमएफएमई महोत्सव के उद्घाटन समारोह में उपस्थित हुए तथा आम जनों को संबोधित किया उन्होंने कहा ग्रामीण स्तर पर कई स्वयं सहायता समूहों ने अच्छे काम के बदौलत अपनी एक पहचान बनाई है। सरकार छोटे-छोटे लघु उद्योगों को बढ़ावा दे रही है,जहां कुटीर उद्योगों को लघु उद्योग में परिवर्तित कर पैकेजिंग और मार्केटिंग कर अपने उत्पादों को उचित मूल्य पर बेच कर आय में वृद्धि की जा सकती है। हर उत्पादों के वैल्यू एडिशन पर उन उत्पादों को अच्छे बाजार के साथ-साथ उचित मूल्य भी मिल सकता है। किसी भी उद्योग के लिए पूंजी की आवश्यकता होती है,जिसके लिए इस योजना का भरपूर लाभ लिया जा सकता है। उद्योग विभाग इसमें अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

**उपायुक्त नैंसी सहाय ने भी आमजनों को संबोधित करते हुए इस योजना का लाभ लेने की अपील की**

उपयुक्त नैंसी सहाय ने आज के प्रमंडल स्तरीय पीएमएफएमई महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुई तथा इस कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा इस कार्यक्रम से सतत जागरूकता एवं सभी उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए एक अच्छा अवसर है। आज इस कार्यक्रम में 80 से अधिक इस योजना से लाभान्वित हुए वित्त पोषित इकाइयों ने स्टॉल के माध्यम से विभिन्न प्रकार के प्रोडक्ट की प्रदर्शनी लगाई गई है, जो निश्चय ही आर्थिक उत्थान के तरफ बढ़ते कदम का परिचायक है। उन्होंने सभी आगंतुकों से इस योजना का भरपूर लाभ उठाने तथा अपने उत्पादों को विशिष्ट पहचान दिलाने के लिए नित नए अवसर तथा उनमें नया कलेवर डाल कर उचित मूल्य व बड़े बाजार को तलाशने को लेकर प्रयत्नशील रहने की बात कही।

**इस योजना की खास बातें :**

इस योजना के तहत, प्रोजेक्ट लागत के 35त्न पर क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी का लाभ मिलता है। अधिकतम सब्सिडी 10 लाख रुपये प्रति उद्यम तक हो सकती है। लाभार्थी का योगदान न्यूनतम 10त्न होना चाहिए। शेष राशि बैंक से ऋण के रूप में ली जा सकती है। 40,000 रुपये की दर से प्रारंभिक पूंजी भी दी जाती है। इस योजना के तहत, उत्पादन, प्रसंस्करण प्रशिक्षण, और प्रदर्शन सेवाएं भी दी जाती हैं। इस योजना के तहत, सामुदायिक सेवाएं जैसे कि खाद्य परीक्षण, भंडारण सुविधाएं, उच्च कोटी की मशीनरी,प्रौद्योगिकियों, और उद्भवन सेवाओं तक पहुंच में वृद्धि की जाती है। उक्त महोत्सव में मनोज कुमार यादव, माननीय विधायक, बरही, सुशांत गौरव, उद्योग निदेशक, झारखण्ड, राँची, नैन्सी सहाय, उपायुक्त, हजारीबाग, इश्तियाक अहमद, उप विकास आयुक्त, हजारीबाग, संतोष सिंह,अपर समाहर्त्ता हजारीबाग, एवं जिला के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित हुए।

## विष्णुगढ़ में झारखण्ड आंदोलनकारियों ने की बैठक

### 24 मार्च 2025 को विधानसभा घेराव को लेकर बनाई रणनीति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड में निवास करने वाले अलग झारखंड राज्य आंदोलनकारी अपनी माँगो को लेकर अड़े है,परन्तु झारखंड की हेमन्त सरकार अब तक इसमें कोई पहल नही की है। आज 18 मार्च 2025 को विष्णुगढ इंटर कॉलेज प्राँगण में झारखंड आंदोलनकारियों की केंद्रीय कमिटी के निर्देशानुसार एक महत्वपूर्ण बैठक किया गया। बैठक में बतौर मुख्यातिथि राज्य संयोजक महमूद आलम तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष दशरथ राय की उपस्थिति में आगे की रणनीति को लेकर विशेष चर्चा की गई। गहन चर्चा के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए राज्य सरकार से मांगो को मनवाने के लिए 24 मार्च 2025 को विधानसभा घेराव के लिए कूच करने का निर्णय लिया गया। उपरोक्त बातों को प्रत्येक आन्दोलनकारियो तक इस बात को पहुँचाने एवं अधिक-अधिक तादाद में विष्णुगढ़ प्रखण्ड से राज्य की राजधानी राँची जाने को लेकर विष्णुगढ़ प्रखण्ड के चौबीसों पंचायतो में दो-दो आंदोलनकारियों का चयन किया गया जिसमे विष्णुगढ़ से दशरथ राय,चेडरा से दुलारचंद साव,भोला साव, बेड़ाहरियारा से धरमवीर यादव,खरना से सुनील सिंह,माधो महतो,भेलवारा से गांगो महतो,किशोरी महतो,नवादा से इबरार अंसारी,मेधलाल साव,कुसुम्भा से दिलीप सिंह, नीलकंठ महतो,बकसपुरा से देवनाथ महतो,सोबरन महतो,बनासो से रियाज खान,मज़बूल अंसारी,चानो से बहादुर पटेल, हेमलाल महतो,नागी से किसुन मरांडी, निर्मल महतो, खरकी से राजेन्द्र मंडल,शंकर महतो, गाल्होबार से राजू राम,रीत महतो,नरकी से कुलदीप राम,मुस्तकीम अंसारी,अलपिटो से घनश्याम पाठक, विनय पाठक, गैड़ा से लोकनाथ यादव,डीगुलाल यादव, गोविंदपुर से तुलसी महतो, जोबर से कैलाश महतो, मुनिलाल महतो, अचलजामो से चमन पासवान, अनिल राय के नाम का चयन किया गया।

## रामनवमी पर्व हर्षोउल्लास एवं धूमधाम से मनाने को लेकर ओरिया में हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर प्रखण्ड स्थित ओरिया शिवमंदिर प्रांगण में रामनवमी पर्व हर्षोउल्लास एवं धूमधाम से मनाने को लेकर मंगलवार की अहले सुबह स्थानीय ग्रामीणों की बैठक हुई। जय श्री राम के गगनभेदी जयकारा के साथ बैठक प्रारंभ हुआ जिसकी अध्यक्षता निरंजन यादव एवं राहुल गुप्ता ने किया। सर्वप्रथम कमिटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष हीरालाल कुमार, उपाध्यक्ष, फिरोज राम, सचिव संजय यादव, उपसचिव टिंकु कुमार, महासचिव जितेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष घनश्याम कुमार, उपकोषाध्यक्ष = गणपति राम, मीडिया प्रभारी विजय यादव के अलावे संरक्षक धनेश्वर रविदास, जीतु यादव, निरंजन यादव, राहुल कुमार, अशोक यादव, द्वारिका साव, प्रेम कुमार, टिंकु प्रसाद, बबलू यादव, पूजा मंत्री संजय रविदास, दिलीप कुमार साव, विजय साव, राहुल कुमार, गोविन्द यादव, बादल राउत, धर्मेन्द्र कुमार, जुलुस मंत्री हरीश कुमार गुप्ता, बादल पासवान, अनिल यादव, अमरजीत कुमार, राकेश कुमार, प्रकाश कुमार राणा, पंकज यादव, मनोज राम एवं रवि कुमार को बनाया गया। इस क्रम में पूजा- पाठ, मंगला जुलुस, सजावट एवं रामनवमी की झांकी पर विशेष बातचीत हुई। उपस्थित ग्रामीणों ने रामनवमी पर्व पूरी भव्यता एवं उत्साह के साथ मनाने पर अपना-अपना परामर्श दिया। हर वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष और बेहतर करने का संकल्प लिया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने नवगठित कमिटी को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर विशेष रूप से अभय शंकर पासवान, चमन साव, उमाशंकर पासवान, धर्मेन्द्र पासवान, दिलीप कुमार, द्वारिका साव, बाबुलाल राम, सीताराम साव, नारायण यादव, शैलेश पासवान, राजदीप कुमार, बादल पासवान, आशीष कुमार, टिंकु यादव, विक्रम कुमार, प्रकाश कुमार, सलेंद्र कुमार उर्फ गुड्डी, राजेश कुमार, रंजीत यादव, दिनेश कुमार, रिशु शर्मा, चंदन शर्मा, बादल रावत, बादल कुमार, सोनु कुमार एवं अमृतनगर ताशा मास्टर दीपक राम सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने दिवंगत मधुलता के ससुर को अभियुक्त बना गिरफ्तारी की मांग की





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झरपो निवासी अशोक पाण्डेय की पुत्री दिवंगत मधुलता देवी उम्र 20 वर्ष की मौत उसके ससुराल चतरा के दिभा मुहल्ले में हुई हो गई थी। मृतिका के पिता ने चतरा थाना में दहेज हत्या का आरोप लगाकर तथा दहेज में शादी के दौरान दो लाख पच्चास हजार रुपए नगद मोटरसाइकिल सामान दहेज में देने और बाद में मृतिका के पति राजेश दत्त ससुर रमेश दत्त सास माया देवी पर बिजनस के लिए 1 लाख रुपए की मांग किए जाने पर एक बार देने और पुनः कुछ दिनों के बाद 1 लाख रुपए की मांग करने के पर नहीं दिए जाने के बाद मृतिका मधुलता को आत्म हत्या करने को मजबूर एवं षड्यंत्र के तहत हत्या करने का आरोप लगाते हुए चतरा के सदर थाना में अभियुक्त बनाने और अविलंब कार्यवाही करने को लेकर न्याय की गुहार लगाई थी। जो अब तक पुलिस ने मृतिका के ससुर को की गिरफ्तारी नहीं की है। इस बात को लेकर अंतराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय,कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष केदारनाथ पंडा,अमरेश गणक संग झारखंड प्रदेश के संपूर्ण ब्राह्मण समाज ने नाराजगी जताते हुए पुलिस प्रशासन से अविलंब मृतिका के ससुर रमेश दत्त को गिरफ्तारी की मांग किया है। मृतिका के पीड़ित परिजनों में अशोक पाण्डेय ,बीरेंद्र कुमार पाण्डेय, रामलखन पांडेय,उमेश पाण्डेय, विनय पांडेय, महेंद्र पांडेय, महेश पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, धर्मेंद्र पाण्डेय, शिव पूजन पाण्डेय, रोहित पाण्डेय, संजय पाण्डेय,संदीप पाण्डेय, वकील पांडेय, महेश पाण्डेय, ज्योतिष पंडा ,धर्मेंद्र पाण्डेय, समेत अन्य कई ब्राह्मणों ने शोक संवेदना व्यक्त किया ।

## हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने ज़मीन अधिग्रहण में हो रही अनियमितताओं को उठाया सदन पटल पर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में हजारीबाग के सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने मंगलवार को सदन में गरीब और आदिवासी समुदाय की ज़मीन के अधिग्रहण और उचित मुआवजा न मिलने की समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सरकार और प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि एनटीपीसी और अन्य कंपनियों द्वारा ज़मीन अधिग्रहण की प्रक्रिया में भारी अनियमितताएं हो रही हैं, जिससे गरीब किसानों और आदिवासियों का शोषण हो रहा है।

**एनटीपीसी और अन्य कंपनियों पर लगाए गंभीर आरोप :** विधायक ने सदन में स्पष्ट रूप से कहा कि एनटीपीसी के आने के बाद से ज़मीन अधिग्रहण की प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी आई है। पहले सीसीएल ज़मीन अधिग्रहण के दौरान कुछ निश्चित नियमों का पालन करती थी, लेकिन वर्तमान में कंपनियां गरीब किसानों और आदिवासियों को उनका हक़ नहीं दे रही हैं। उन्होंने आगे कहा की आज भी पूरे झारखंड में गैर-मजुरवा (अराजी) ज़मीन का भुगतान नहीं हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद, कई ज़मीन मालिकों को मुआवजा नहीं मिला है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है, क्योंकि सरकार और प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**झारखंड के किसानों और आदिवासियों के साथ हो रहा अन्याय :** विधायक ने हरियाणा राज्य का उदाहरण देते हुए बताया कि 10-15 साल पहले भी वहाँ की सरकार प्रति एकड़ 58 लाख रुपये का मुआवजा दे रही थी, जबकि झारखंड के लोगों को मात्र 1 से 1.5 लाख रुपये प्रति एकड़ दिया जा रहा है। यह गरीबों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोग खुद को गरीब बना रहे हैं, क्योंकि हमारी नीतियाँ सही नहीं हैं। आज हमारी ज़मीनें कम कीमतों पर अधिग्रहित की जा रही हैं और हम अपने ही राज्य में आर्थिक रूप से कमजोर होते जा रहे हैं।

**विधायक की मुख्य माँगें :** झारखंड में न्यूनतम दर अधिनियम लागू किया जाए, ताकि ज़मीन अधिग्रहण के दौरान किसानों और आदिवासियों को उचित मुआवजा मिले। एक उच्चस्तरीय जाँच समिति का गठन किया जाए, जो अधिग्रहित ज़मीनों की स्थिति, लंबित मुआवजे और किसानों को हो रहे नुकसान की जाँच कर शीघ्र समाधान प्रस्तुत करे। गैर-मजूरा और गैर-रसीदधारी ज़मीन मालिकों को भी मुआवजे का हक़ दिया जाए, क्योंकि कई गरीब किसान दस्तावेज़ीकरण की प्रक्रिया पूरी न कर पाने के कारण अपने अधिकारों से वंचित हो रहे हैं। कंपनियों द्वारा किसानों और ज़मीन मालिकों को डराने-धमकाने की घटनाओं पर रोक लगे, और यदि कोई कंपनी इस प्रकार की हरकत करती है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। झारखंड में भूमि अधिग्रहण नीति को पुनः संशोधित किया जाए, ताकि गरीबों और आदिवासियों की ज़मीन उचित दर पर अधिग्रहित हो और उन्हें उनकी ज़मीन का सही मूल्य मिल सके।

## हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल ने संसद प्रतिनिधियों का मनोनयन किया






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल ने संसद प्रतिनिधियों का मनोनयन किया है। जिसमें भाजपा नेत्री पूनम साव को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र तथा रंजीत मेहता को बड़कागांव पश्चिमी मंडल क्षेत्र सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया गया। वही कृष्णा राम को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र सांसद सह प्रतिनिधि, कर्मचारी साव केरेडारी मंडल क्षेत्र, महेंद्र महतो बड़कागांव पूर्वी मंडल (उरीमारी) क्षेत्र, लक्ष्मण मंडल पिपरवार मंडल क्षेत्र, राजाराम प्रजापति पतरातु मंडल क्षेत्र, राकेश सिन्हा भुरकुंडा मंडल क्षेत्र, सुरेंद्र करमाली भदानीनगर मंडल क्षेत्र, राधेश्याम अग्रवाल पतरातु विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड क्षेत्र, तथा उमेश दांगी को सांसद मीडिया प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है। बधाई देने वाले में मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, आदित्य साहू सोनी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष बेचन साव, राजेंद्र गुप्ता, बैजनाथ साव, वरिष्ठ भाजपाई किशोर राणा, युवा अध्यक्ष विजय यादव, अशोक साव, ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, शिवशंकर कुमार उर्फ शिबू मेहता, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, पूर्व मुखिया भीखन महतो, पारसनाथ प्रसाद, भागीरथ ठाकुर, जागेश्वर तुरी उर्फ बढन, इंद्र भूषण, नरसिंह प्रसाद, नंदकिशोर मेहता, उदय मेहता, सुमन गिरी, सत्यजीत विद्यालंकर, अनुज यादव सहित अन्य लोग शामिल हैं।

## मिशन होस्पिटल द्वारा कटकमसांडी के रेबर पंचायत भवन में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

### - निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ जरूरतमंद तक पहुंचाना मुख्य उद्देश्य है : डॉ प्रवीण श्रीनिवास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल द्वारा कटकमसांडी स्थित रेबर पंचायत भवन में मंगलवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ एवं अनुभवी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी सेवाएं दी। रैंडम ब्लड शुगर आरबीएस, ब्लड प्रेशर चेक एवं दवाइयाँ ग्रामीणों को निशुल्क उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में मुफ्त दवाई, बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर एवं आरबीएस जांच मुफ्त हुआ। इसमें 57 जरूरतमंद का निशुल्क जांच किया गया। रेबर पंचायत वासियो ने शिविर से लाभान्वित होकर मिशन होस्पिटल परिवार का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष सह मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि वर्तमान दौर में चिकित्सा के क्षेत्र में मरीजों की परेशानी एवं आर्थिक बोझ को कम करने के उद्देश्य से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन समय-समय पर आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न विभाग के अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सा अपनी बहुमुल्य सेवाएं दें रहे हैं। उन्होंने बताया कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के मदद से कई जरूरतमंद को लाभ मिल रहा है। निशुल्क शिविर लाभ जरूरतमंद तक पहुंचाना मुख्य उद्देश्य है।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता राम लखन प्रसाद गुप्ता का हुआ निधन

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा की वरिष्ठ नेता स्वर्गीय राम लखन प्रसाद गुप्ता का निधन मंगलवार को रात्रि 12ः00 बजे अपने निवास स्थान रामगढ़ में हो गया। उनका अंतिम संस्कार अरगड्डा दामोदर नदी में किया गया। इस शोक सभा में पूर्व जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह मंडल अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी एससी मोर्चा के महामंत्री सिक्की पासवान संत राज पासवान पिंटू पटवा राजू दास मनोज रजक आदत आदित्य सोनी देवनारायण शर्मा राजा ठक्कर आदि उपस्थित थे।



## उपायुक्त द्वारा सीएसआर के तहत तीरंदाज खिलाड़ी तमन्ना वर्मा को उपलब्ध कराया गया आर्चरी किट

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को उपायुक्त, कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के अधिकारियों की उपस्थिति में पतरातू निवासी तीरंदाज खिलाड़ी तमन्ना वर्मा को सीएसआर के तहत आर्चरी किट उपलब्ध कराया गया। मौके पर उपायुक्त ने खिलाड़ी तमन्ना वर्मा को खेल में बेहतरीन प्रदर्शन करने, अपना राज्य व देश का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी। गौरतलब होकि उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड द्वारा सीएसआर के तहत आर्चरी किट उपलब्ध कराया गया।



## श्री श्री रामनवमी पूजा महा समिति द्वारा एक बैठक रखी गई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री रामनवमी पूजा महा समिति 1 अप्रैल को भव्य मंगल शोभा यात्रा की तैयारी को लेकर को लेकर डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान के दौरान प्राचीनचैती दुर्गा मंदिर सौदागर मोहल्ला में एक बैठक रखी गई बैठक में सौदागर मोहल्ला के सैकड़ो युवा रामनवमी कमेटी राम भक्त उपस्थित बैठक की अध्यक्षता प्रदीप जायसवाल संचालन चंदन ठाकुर ने किया बैठक में बतौर मुख्य अतिथि महासमिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र साव भोपाली एवम् पूर्व अध्यक्ष मुख्यसंरक्षक राजेश ठाकुर ने कहा कि इस बार की रामनवमी ऐतिहासिक आकर्षक एवं मनमोहक झांकी जुलूस के साथ रामगढ़ के सभी रामनवमी कमेटी एवं अखाड़ा अपने-अपने टोली के साथ महासमिति के शोभायात्रा में गाजे बाजे के साथ उपस्थित होंगे उन्होंने बताया कि इस बार 3 अप्रैल अस्त्र-शास्त्र अखाड़ा प्रतियोगिता फुटबॉल ग्राउंड में किया जाएगा सभी अखाड़ा समितियां से निवेदन है कि इस प्रतियोगिता में भाग ले और अपना खेल को दिखाएं अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता फुटबॉल ग्राउंड में 3ः00 बजे से होगा इस बार रामगढ़ शहर के भगवा झंडा से पूरा शहर को सजाया जाएगा रामगढ़ शहर को सजाया जाएगा इस बैठक में भारती मंडली प्राचीन महावीर मंदिर युवा संघ सौदागर मोहल्ला सैकड़ो युवा इस बैठक में उपस्थित जिसमे अमित ठाकुर नीतीश वर्मा अनूप वर्मा विक्की ठाकुर अजीत गुप्ता नवीन सोनी सूरज कुमार सुरज सनी अग्रवाल अमन मुंडा राहुल ठाकुर पिंटू विकी कुमार विकास कुमार आनंद मुंडा दावा जसवाल मनीष कुमार दीपक गुप्ता महेश कुमार तुलसी कुमार असीस गुप्ता रोहित कुमार दिलीप कुमार नीतीश विनोद रजक असीस सोनी महासमिति के एक बैठक केशरवानी समाज के साथ हुई किशोरी लाल केसरी अर्जुन प्रसाद केसरी प्रकाश प्रदीप केसरी धनंजय कुमार उर्फ पुटूस कालेश्वर केसरी बांसी प्रसाद केसरी अमित केसरी संजीव केसरी रोहित केसरी आदि लोग उपस्थित।



## सेल इफिको द्वारा पंचायत भवन मरार में निशुल्क जांच शिविर

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेल रिफ्रैक्टरीज यूनिट इफिको के सौजन्य से पंचायत भवन मरार वार्ड नंबर 9 में सीएसआर फंड के तहत निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन सेल रिफ्रैक्ट्ज यूनिट इफिको महाप्रबंधक प्रभारी विपिन बिहारी कांता के कर कमलों द्वारा हुआ ! जिसमें श्री कांता ने कहा कि सेल का लक्ष्य है कि सी एस आर का फंड को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे तथा समाज मैं सेल का भागीदारी हो , इस कार्यक्रम में सीएसआर फंड के तहत दो दिव्यांगों को व्हील चेयर दिया गया ! तथा इस शिविर के माध्यम से लगभग 100 से ऊपर लोगों का उपचार कर निशुल्क दवाएं दी गई !निशुल्क चिकित्सा जांच शीविर में मुख्य रूप से महाप्रबंधक अनुरक्षण आर के गुप्ता ,उप महाप्रबंधक एच आर आनंद सिंहा ,प्रबंधक एच आर यश श्रीवास्तव , चिकित्सक डॉक्टर दीपांकर , वार्ड पार्षद शंकर मिश्रा , संतोष सिंह , सुभाष राम ,राम जी राम,आशीष मिश्रा ,उमेश बेदिया ,संजय रजवार आदि लोग उपस्थित थे।



# पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार के द्वारा गोला थाना का किया गया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** अजय कुमार, (भा0पु0 से0), पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा गोला थाना का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर के पश्चात थाना में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों का टर्न आउट चेक किया गया। सभी का टर्न आउट उच्च कोटि का पाया गया।इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा पुलिस निरीक्षक, गोला अंचल, थाना प्रभारी, गोला एवं थाना में प्रतिनियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारियों के समक्ष निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में किट परेड, भवन, शौचालय, चाहरदिवारी, संतरी पोस्ट, सरकारी सम्पति, स्वीकृत बल, विस्फोटक अधिनियम/आयुद्ध एवं गोली-बारूद्ध भण्डार/विष अधिनियम / उत्पाद शुल्क और अफीम अधिनियम के अधीन अनुज्ञप्ति प्राप्त कारखानों / दुकानों की सूची, लंबित काण्डों की सूची, मुख्य हाट, बाजार, मेला की सूची, ग्राम पंचायत के मुखिया, सरपंच तथा प्रखंड समिति की सूची, निगरानी में रखे गये दागियों की सूची, सीमावर्ती अपराध ऑकड़ा एवं अपराधियों की सूची, अपराध मानचित्र, सरकारी अधिसूचना, जिसके अंतर्गत थाना का सृजन हुआ है, थाना में पदस्थापित पदाधिकारियों व कर्मियों का कार्य विवरणी तालिका, अपराधि निर्देशिका भाग 1, अपराध निर्देशिका भाग-02,



अपराध निर्देशिका भाग-03, एम0ओ0 इण्डेक्स, अल्फा बेटिकल इण्डेक्स, खतिया भाग-2, मालखाना पंजी, डकैती पंजी, लूट पंजी, गुण्डा पंजी, गिरोह पंजी, फिरारी पंजी, हाजत पंजी, शस्त्र पंजी, उग्रवादी पंजी, निर्गत पंजी, आगत पंजी, मासिक कार्य विवरणी एवं निजी दैनिकी, अप्राथमिकी पंजी, अप्राकृतिक मृत्यु, अपराध आंकड़ा, का समीक्षा किया गया तथा पाये गये त्रुटियों को दूर करते हुए तख्तीयों / पंजीयों को अद्यतन करने हेतु थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिया गया।थाना में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों के बीच किये गये कार्य बटवारे तथा उनके द्वारा क्या-क्या कार्य किया जा रहा है की समीक्षा किया गया तथा थाना में लंबित विशेष एवं अविशेष काण्डों की समीक्षा अनुसंधानकर्ता के समक्ष किया गया समीक्षाक्रम में वर्ष 2019, 2020, 2021, 2022 के कई काण्ड लंबित पाये गये। लंबित काण्डों के अनुसंधानकर्ता को काण्ड के निष्पादन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया तथा लंबित कार्रवाई को अविलम्ब पूर्ण करते हुए काण्ड को त्वरित गति से निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया गया।थाना प्रभारी, गोला थाना को क्षेत्र में हो रहे सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने हेतु जागरूकता अभियान चलाने, वाहन चेकिंग करने तथा जिला परिवहन पदाधिकारी, रामगढ से समन्वय स्थापित कर आवश्यक साइन बोर्ड लगाने आदि सुरक्षात्मक उपाय करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही थाना क्षेत्र में वी0आई0पी0 गतिविधि होने पर आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने, क्षेत्र में PRA INDIA LTD. के द्वारा किये जा रहे भारत माल प्रोजेक्ट सड़क निर्माण कार्य के पूर्ण होने तक आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया।अन्त में थाना प्रभारी, गोला को अपराधिक गिरोह जिनके द्वारा विकास कार्यो में बाधा उत्पन्न किया जा रहा है विधि-व्यवस्था बनाये रखने, थाना में आने वाले आम जनता के शिकायतों को गंभीरता से सुने तथा शीघ्रता शीघ्र उसका निष्पादन करने तथा आम जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने तथा अन्य आवश्यक निर्देश दिया गया।

*अपराधियों पर नकेल कसने को लगाई गए जन शिकायत पेटी को रामगढ़ एसपी ने खोला*

## जन शिकायत पेटी में सयाल से एक और सौंदा बस्ती से दो शिकायत पत्र मिला,होगी कार्रवाई :अजय कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** झारखंड के मुख्यमंत्री एवं राज्य के डीजीपी द्वारा झारखंड में अपराधिक गतिविधियों को पूरी तरह अंकुश लगाने एवं अपराधियों के मसुंबे को निरस्त करने को लेकर सभी जिलों के पुलिस पदाधिकारीयो को निर्देश दिया गया है। इसी आलोक में पतरातु पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में सौंदा बस्ती और सयाल महाप्रबंधक कार्यालय स्थित मंगलवार को अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से लगाई गई जनशिकायत पेटी को रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में खोला गया जिसमें तीन शिकायकर्ता द्वारा शिकायत पेटी में शिकायत डाली गई। जिसमें सयाल से एक और सौंदा बस्ती से दो शिकायत पत्र मिला। जिसपर पुलिस अधीक्षक ने एसडीपीओ को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। वहीं इस मौके पर पतरातु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार इंस्पेक्टर सतेंद्र कुमार,भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर रामगढ़ एसपी अजय कुमार एवं एसडीपीओ पवन कुमार ने कहा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और डीजीपी अनुराग गुप्ता द्वारा राज्य में अपराध को पूरी तरह से निरस्त करने का निर्देश जारी है,इसलिए जन शिकायत पेटी लगाई गई थी कि आम जनता निडरतापूर्वक अपनी पहचान गोपनीय रखते हुए शिकायत पेटी में गुप्त शिकायत दर्ज कर सकें, और इसपर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी और अपराधिक गतिविधियों को खत्म करने का कार्य किया जाएगा। बता दें कि विगत दिनों पुर्व ही भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सयाल महाप्रबंधक कार्यालय एवं सौंदा बस्ती एवं अन्य जगहों पर पतरातु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार के नेतृत्व में जन शिकायत पेटी लगाया गया था। जिसे सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक अजय सिंह सहित क्षेत्र वासियों ने इस कार्य का स्वागत किया था,पुलिस द्वारा अपराध मुक्त जनसमस्या निवारण के लिए पुलिस की ओर से यह सार्थक पहल है।



## सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर जिला परिवहन पदाधिकारी ने किया चुट्टूपालू घाटी एवं पुनदाग टोल प्लाजा का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत चुट्टूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर मंगलवार को जिला परिवहन पदाधिकारी रामगढ़ श्रीमती मनीषा वत्स ने चुट्टूपालू घाटी एवं पुनदाग टोल प्लाजा का निरीक्षण किया।चुट्टूपालू घाटी के निरीक्षण के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी ने उपस्थित अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा के क्रम में ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित गंडके मोड तथा ब्रेक फेल होने की स्थिति में सुरक्षा दृष्टिकोण से कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी ने टोल एवं एनएचएआई के पदाधिकारियों को घाटी के अन्य दुर्घटना संभावित स्थलों को चिन्हित कर सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों से संबंधित साइनेज बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने उपायुक्त के द्वारा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में साइन बोर्ड, स्पीड गति बोर्ड, लाइट आदि का निरीक्षण किया गया इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी ने एनएचआई के संबंधित पदाधिकारी को जल्द से जल्द बचे हुए कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा पुनदाग टोल प्लाजा पर भारी वाहन चालकों को घाटी में प्रवेश करने के पूर्व एवं घाटी में वाहन संचालन करने के दौरान ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई वहीं उन्होंने सभी चालकों को वाहन चलाने के दौरान अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट, हेलमेट का प्रयोग एवं घाटी में लगे साइन बोर्ड के मानक के अनुरूप ही वाहन को चलाने की अपील की ।



## स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यो को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ समीक्षा बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग की पूर्व में हुई समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यो की जानकारी दी गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि से मरीज को रेफर कर निजी अस्पतालों में स्वयं मरीज का इलाज करने वाले चिकित्सकों संबंधित कोई भी मामला प्रकाश में आने पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मातृत्व स्वास्थ्य व प्रसव संबंधित सुविधाओं की जानकारी लेते हुए मरीज को लाभ पहुंचाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू में मातृत्व स्वास्थ्य व प्रसव संबंधित सुविधाओं पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को मिल रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने एवं प्रभावी तरीके से आयुष्मान भारत योजना का संचालन करते हुए प्रत्येक योग्य मरीज को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया।मातृत्व स्वास्थ्य अंतर्गत विभिन्न कार्यो की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।संस्थागत प्रसव संबंधित मामलों की समीक्षा में क्रम में उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में हो रहे प्रसव आदि की जानकारी लेते हुए उपलब्ध सुविधाओं को और भी प्रभावी तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने प्रसव के दौरान गर्भवती महिलाओं अथवा बच्चों की मृत्यु से संबंधित मामलों की गंभीरता पूर्वक जांच सुनिश्चित करने एवं संबंधित मामलों में ऑटोप्सी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## डीएवी स्कूल पतरातू में पीवीयूएन के सौजन्य से बच्चों के लिए मुफ्त चिकित्सा शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** डीएवी पब्लिक स्कूल पतरातू में एनटीपीसी पीवीयूएनएल के सौजन्य से स्कूली बच्चों के लिए मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से पांचवीं तक के बच्चों की आंख और दांत की पूरी बारीकी से जांच की गई। इस शिविर में पीवीयूएनएल हॉस्पिटल के चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ तन्मय मिश्रा आंख के विशेषज्ञ की देखरेख में डॉक्टरों तथा मेडिकल की पूरी टीम ने इसमें हिस्सा लिया। जिसमें डॉ अमित कुमार डॉ रोहित कुमार रांची ने स्कूली बच्चों की दांत से संबंधित पूरी जांच की स्कूल के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा ने पुष्प गुच्छ देकर पूरी डॉक्टरों की टीम का स्कूल परिसर में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन स्कूली बच्चों के सेहत के लिए बहुत जरूरी है।बच्चों के शारीरिक जांच बहुत जरूरी है।वहीं डॉ तन्मय मिश्रा ने कहा कि डीएवी पब्लिक स्कूल में बच्चों की स्वास्थ जांच की बहुत अच्छी व्यवस्था की गई। इस जांच शिविर में सैकड़ों बच्चों की स्वास्थ्य तथा आंख और दांत की जांच की गई।मेडिकल टीम में शैलेश कुमार,मो सद्दाम,अमन कुमार आनंद कुमार शामिल थे।वही इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षकों और शिक्षिकाओ का बड़ा योगदान रहा। जिसमें रचना सिन्हा,मोनिशा घोषाल,सुमित्रा देवी,स्मिता तिवारी,आशा,नेहा,प्रीति बॉक्सला,वैष्णवी तिवारी,अनुराधा, पूजा शामिल थे।

## केशरवानी वैश्य सभा ने किया सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस का स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल जी के द्वारा भाजपा नेता धनंजय कुमार पुटूस को अपना सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) बनाए जाने पर केशरवानी वैश्य सभा रामगढ़ जिला कमिटी के द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष किशोरी लाल केशरी व संचालन उपाध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी ने किया। स्वागत समारोह में रामगढ़ जिला के विभिन्न प्रखंडों से आए पदाधिकारियों व सदस्यों ने बुके देकर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस का स्वागत किया एवं उन्हें बधाई दी। स्वागत समारोह में उपस्थित लोगों ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा धनंजय कुमार पुटूस को अपना सांसद प्रतिनिधि बनाया जाना हम लोगो के लिए गर्व की बात है। इसके लिए हम सभी मनीष जायसवाल जी को आभार व्यक्त करते हैं।उपस्थित अर्जुन केसरी,बंसी प्रसाद केसरी, राजेंद्र प्रसाद केसरी, ईश्वर केसरी, अमित केसरी, संतोष केसरी, प्रदीप केसरी, कोलेश्वर केसरी, गणेश केसरी, शंकर केसरी, सुनील केसरी आदि।

## नवनिर्मित महिला इंजीनियरिंग कॉलेज में शीघ्र पढ़ाई शुरू करने की मांग, रामगढ़ विधायक ने विधानसभा में उठाई आवाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** गोला प्रखंड के हुप्पू में नवनिर्मित महिला इंजीनियरिंग कॉलेज में जल्द से जल्द पढ़ाई शुरू कराने का मुद्दा स्थानीय विधायक ममता देवी ने प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस महत्वपूर्ण संस्थान को अविलंब क्रियाशील किया जाए, ताकि झारखंड की छात्राओं को तकनीकी शिक्षा का समुचित लाभ मिल सके और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए दूसरे राज्यों का रुख न करना पड़े।




**महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम**

विधायक ममता देवी ने कहा कि यह महिला इंजीनियरिंग कॉलेज राज्य की छात्राओं के लिए एक वरदान साबित होगा, जिससे तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में लड़कियों की भागीदारी बढ़ेगी और उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह कदम महिला सशक्तिकरण को मजबूती प्रदान करेगा, लेकिन यदि इस संस्थान को जल्द चालू नहीं किया गया, तो इसका उद्देश्य अधूरा रह जाएगा।

**बेसिक सुविधाओं को जल्द पूरा करने की मांग**

सदन में चर्चा के दौरान विधायक ने कहा कि कॉलेज में शिक्षकों की नियुक्ति, आधारभूत संरचना, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं और छात्रावास जैसी सुविधाओं को दुरुस्त कर जल्द से जल्द कक्षाएं शुरू की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉलेज भवन तो बनकर तैयार है, लेकिन जब तक शैक्षणिक सत्र प्रारंभ नहीं होगा, तब तक यह मात्र एक संरचना बनकर रह जाएगा।

**छात्राओं को होगा सीधा लाभ**

विधायक ने कहा कि झारखंड के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की कई छात्राएं इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहती हैं, लेकिन संसाधनों और आर्थिक बाधाओं के कारण वे बाहर नहीं जा पातीं। यदि यह कॉलेज जल्द शुरू हो जाता है, तो प्रदेश की हजारों छात्राओं को स्थानीय स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाली तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

**सरकार की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया**

इस मुद्दे पर राज्य के शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार कॉलेज को जल्द चालू करने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की नियुक्ति, पाठ्यक्रम निर्धारण और अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि कॉलेज में शैक्षणिक कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जा सके।

## महायज्ञ से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है, मानव समाज में धर्म के प्रति बढ़ती है आस्था : सुनीता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** चितरपुर प्रखंड अंतर्गत बड़कीपोना में श्री श्री 108 राम लखन हनुमत प्राण प्रतिष्ठा पांच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन 2 अप्रैल से शुरू होगा। मंगलवार को यज्ञाचार्य सत्येंद्र कुमार उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ स्थल पर ध्वजारोहण व भूमिपूजन किया गया। ध्वजारोहण में ग्रामीणों द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई।ततपश्चात गाजे बाजे के साथ सैकड़ो महिला पुरुष यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान नगर भ्रमण के दौरान सैकड़ों महिला-पुरुष केशरिया वस्त्र धारण कर पूरे श्रद्धा के साथ सम्मिलित हुए। उपस्थित लोगों के जय बजरंगबली और जयश्रीराम के जोरदार धार्मिक उद्घोष से पूरा पंचायत गुंजयमान रहा और भक्ति में श्रद्धालू डूबे. इस मौके पर पूर्व विधायक सुनीता चौधरी ने ध्वजारोहण कर यज्ञ की तैयारी का शुभारंभ किया, मौके पर रामगढ़ की पूर्व विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि यज्ञ से आसपास का वातावरण शुद्ध होता है व मानसिक शांति की प्राप्ति होती है. मानव समाज का कल्याण के साथ धर्म व आस्था बढ़ती है गाँव में सुख समृद्धि शांति का वास होता है, श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। बड़कीपोना दुर्गा मंदिर चौक पर अवस्थित हनुमान मंदिर का ग्रामवासियों के सहयोग से महायज्ञ का आयोजन 2 अप्रैल से शुरू होगा। यह महायज्ञ 06 अप्रैल तक चलेगा। मौके पर समिति के अध्यक्ष अमृतलाल मुंडा, मुख्य संरक्षक मुखिया अरविन्द कुमार सिंह सहित संयोजक पंसस शम्भु कुमार, सचिव विद्यासागर कुशवाहा, पंसस प्रतिनिधि प्रदीप कुमार के अलावा जीतभन महतो, रामनारायण महतो, रामध्यानी दांगी, लालकिसून महतो, नंदकिशोर दांगी, वेदप्रकाश वर्मा, अमृत कुमार, कृष्ण मुरारी, पवन कुमार, प्रदीप मुंडा, भीष्मदेव दांगी, रामचंद्र महतो, शिशुपाल कुमार, प्रीतम कुमार, सरिता देवी, प्रो. मीणा मुंडा, पुनम देवी, तारा कुमारी, विजय कुमार, पिंटू कुमार, मंटू कुमार, मिथुन कुमार, नवल दांगी, जगरनाथ राम दांगी, भयहरण दांगी, रोशन कुमार, मनोज कुमार, ओमप्रकाश कुमार, सदानंद रविदास, निर्मल कुमार, रुपेश कुमार, जीतेन्द्र कुमार, देवेश कुमार बादल, प्रकाश कुमार, संजय कुमार, दिनेश कुमार, हीरा कुमार, विकास कुमार, भोला कुमार, सागर, अंकित, अमित, संतोष सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। बताते चले कि मंदिर का जीर्णोद्धार कर एक नया आकृति दिया गया है. ग्रामीणों की मदद से अब यह मंदिर पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो गया है।



# जनता दरबार में वृद्ध महिला ने की खरीदी गई जमीन पर विक्रेता द्वारा दखल नहीं देने की शिकायत

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की समस्या सुनी और उसके निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया।जनता दरबार में मुनीडीह की एक वृद्ध महिला ने उपायुक्त को बताया कि उन्होंने टुंडी के बेहरा मौजा में चार डिसमिल जमीन खरीदी थी। जमीन की रजिस्ट्री कराकर अपने नाम से म्यूटेशन भी कराया। अंचल कार्यालय के अमीन ने जमीन की मापी कर सीमांकन भी कर दिया। इसके बाद जब वह जमीन पर दखल लेने गई तो विक्रेताओं ने उन्हें दखल करने और बाउंड्री वॉल बनाने से रोक दिया। साथ ही उनको डरा धमका कर वहां से भगा दिया। महिला ने उपायुक्त से जमीन पर दखल दिलाने और विक्रेताओं के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई। मामले पर त्वरित संज्ञान लेकर उपायुक्त ने अंचल अधिकारी टुंडी को जांच करने का निर्देश दिया।एक अन्य बुजुर्ग महिला ने उपायुक्त को बताया कि उनके पति की कुछ वर्ष पहले मृत्यु हो गई है। कुछ लोगों ने उनकी जमीन के फर्जी कागजात बनाकर जमीन बेचने का प्रयास किया। इसके बाद उन्होंने विभिन्न कार्यालयों में आवेदन देकर फर्जी कागजातों को रद्द कराया, परंतु पंजी 2 से फर्जीवाड़ा करने वाले व्यक्ति का नाम नहीं हटा है। इसके बदौलत वह व्यक्ति औने पौने दाम में जमीन बेचने का प्रयास कर रहा है। बुजुर्ग महिला ने पंजी 2 से फर्जीवाड़ा करने वाले व्यक्ति का नाम हटाने की गुहार लगाई। इस पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई करने का भरोसा दिया।वहीं तोपचांची की एक महिला ने उपायुक्त को बताया कि उन्हें सरकार द्वारा अनुदानित भूमि मिली है। भूमि की मापी कराने के लिए तोपचांची अंचल कार्यालय में आवेदन देकर सारी प्रक्रिया पूरी की है। बावजूद इसके तोपचांची अंचल कार्यालय द्वारा भूमि की मापी नहीं की जा रही है। जबकि टुंडी के मनियाडीह से आए व्यक्ति ने उपायुक्त को बताया कि राजस्व कर्मचारी, राजस्व उप निरीक्षक एवं अंचल अधिकारी द्वारा अनुशंसा करने के बाद भी वहां के कुछ दबंग भूमि की मापी करने में बाधा उत्पन्न कर रहे है। दबंगों द्वारा बांस गाड़कर जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। जनता दरबार में पाण्डरपाला की महिला ने छोटे पुत्र एवं पुत्रवधू द्वारा लड़ाई - झगड़ा, गाली - गलौज एवं मारपीट करने की शिकायत की। इसके अलावा जनता दरबार में विभिन्न तरह की अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी मौजूद थे।

# मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों से कराया अवगत

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा निर्देशों से अवगत कराया। इस अवसर पर एडीएम ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 प्रारंभ है। उन्होंने पदाधिकारियों को राजनीतिक दलों के प्रति सुलभ एवं उत्तरदायी होने के साथ-साथ पारदर्शी तरीके से कार्यक्रमों तथा राजनीतिक दलों द्वारा समय-समय पर उठाये गये मुद्दों को नियमानुसार हल करने के संदर्भ में प्राप्त निर्देश से अवगत कराया।साथ ही राजनीतिक दलों को हर मतदान केंद्र के लिए एक बूथ एजेंट बनाने का आग्रह किया। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा-निर्देश के आलोक में आम जनों को जागरूक करने एवं मतदाता सूची में अधिक से अधिक योग्य व्यक्तियों का नाम निबंधन कराने का आग्रह किया। बैठक के दौरान प्रपत्र 6, 7, 8 सहित अन्य प्रपत्रों की जानकारी दी गई।बैठक में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीसीएलआर दिलीप कुमार महतो, विभिन्न अंचल के अंचल अधिकारी, भारतीय जनता पार्टी के नरेन्द्र त्रिवेदी, आजसू के रतिलाल महतो, आम आदमी पार्टी के राजेश कुमार के अलावा इंडियन नेशनल कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल व अन्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने आयोजित किया निःशुल्क चिकित्सा शिविर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शहीद सदानंद झा शहादत मेला 2025 के अवसर पर एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने एक महत्वपूर्ण पहल के तहत निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया, जिससे मेले में आने वाले कई लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिला। शिविर में एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने उपस्थित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का निःशुल्क इलाज प्रदान किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शहीद सदानंद झा की शहादत को श्रद्धांजलि अर्पित करना और मेले मे आऐ लोगो को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराना था।इस शिविर में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य देखभाल के साथ-साथ चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया गया, जिससे क्षेत्रीय लोगों को अपनी सेहत के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें उचित उपचार प्राप्त करने का मौका मिला। एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित यह निःशुल्क शिविर एक बड़ा समाजिक कदम था, जो समाज में स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने और लोगों को सस्ती और सुलभ चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान साबित हुआ।

## इनफॉरमेशन सिक्योरिटी एजुकेशन एंड अवेयरनेस पर तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर कार्यशाला का किया जाएगा आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 25 मार्च से 27 मार्च तक बैंक मोड़ स्थित गुरु नानक कॉलेज में इनफॉरमेशन सिक्योरिटी एजुकेशन एंड अवेयरनेस (आइ.एस.ई.ए.) पर तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के इनफॉरमेशन सिक्योरिटी एजुकेशन एंड अवेयरनेस के तहत सी-डैक, पटना द्वारा तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों, शिक्षकों, प्रशिक्षकों एवं साइबर कर्मियों के बीच निर्णय क्षमता और कौशल को बढ़ाना तथा उन्हें साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करना है।

## ओल्ड एज होम में मना मंगलाकांत लाला की प्रथम पुण्यतिथि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मंगलवार को सबलपुर सहयोगी नगर स्थित ओल्ड एज होम में समाजसेवी मंगलाकांत लाला की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर दिवगंत के परिजनों एवं वृद्धजनों ने ओल्ड एज होम में संयुक्त रूप से उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट के लिए मौन रखा। स्व. मंगलानंद लाला के परिजन सूर्यालैंड कर्माटांड़ निवासी राजमोहन कुमार सिन्हा ने बताया कि दिवगंत की पुण्यतिथि मनाने व श्रद्धांजलि देने के लिए वृद्धजनों की सेवा स्थल से उपयुक्त स्थान दूसरा नहीं हो सकता जहां सेवा के बदले आशीर्वाद बरसते हैं। पुण्यतिथि पर आश्रम में भोजन की व्यवस्था की गई थी। वृद्धा आश्रम के बुजुर्गो ने सभी को अपना आशीर्वाद दिया।

## सांसद प्रतिनिधि बनने पर प्रशांत बनर्जी का हुआ स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मैथन :** धनबाद के सांसद ढुलू महतो के द्वारा वरिष्ठ नेता प्रशांत बनर्जी को निरसा विधानसभा का सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किए जाने पर मैथन भाजपा कार्यालय एवं कालीमाटी पंचायत स्थित सूरज ढाबा में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रशांत बनर्जी को अंगवस्त्र देकर एवं मिठाईयां खिला कर स्वागत किया गया। इससे पुरे निरसा विधानसभा क्षेत्र में एक खुशी की लहर दौड़ गई। मौके पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि रविंद्र साहनी, मैथन मंडल अध्यक्ष दीनबंधु महतो, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ साहू, ओबीसी मोर्चा पूर्व अध्यक्ष मिथिलेश, युवा मोर्चा सदस्य सुरेश, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र पासवान, बिजय पंडित, सूरज, सुखमय मंडल, सचिन रजक, कालीचरण राय, प्रकाश सिंह, सरोज सिंह, कमलेश मिश्रा, दीपक पासवान, सूरज सिंह, राकेश कुमार, रवि श्रीवास्तव, मंटू शर्मा, योगेश सिंह एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।


# जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना हेतु द्वितीय आवेदन आमंत्रण सूचना

मत्स्य निदेशालय के पत्रांक 148, दिनांक 29.01.2025 के आलोक में खूँटी जिला के जनजातीय समुदाय के सदस्यों/मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार द्वारा केन्द्र प्रायोजित योजना–प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अधीन जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा **"धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान" (Dharti Aaba Janjatiya gram Utkarsh Abhiyan-DAJGUA)**– नई योजना वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2028–29 के लिए प्रारम्भ की गयी है। इसमें केन्द्र प्रायोजित – प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के समन्वित दृष्टिकोण और अभिषरण के माध्यम से बुनियादी ढाँचे, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और आजीविका में महत्वपूर्ण अंतराल को दूर करके जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों के व्यापक विकास की परिकल्पणा की गयी है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य जनजाति बहुल गाँवों और आकांक्षी प्रखण्डों (Aspirational Blocks) में जनजाति परिवारों का अधिकाधिक कवरेज करते हुए उनकी सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार करना है।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (Dharti Aba Janjatiya Gram Utkarsh Abhiyan - DAJGUA)* अंतर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के ही कुछ कम्पोनेंट्स का इकाई लागत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के समान ही है। इस योजना के तहत् जनजातीय लाभुक जनित योजनाओं जिसमें Community Forest Resoures (CFR) Holders of Tribal भी सम्मिलित किये गये हैं, में सरकार का अनुदान कुल इकाई लागत का 90 प्रतिशत(केन्द्रांश 60: राज्यांश 40) तथा शेष 10 प्रतिशत लाभुक का अंशदान है। उपरोक्त योजना में लाभुकों के चयन की प्रकिया प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के समान ही जिला स्तर पर DLC एवं राज्य स्तर पर SLAMC के माध्यम से किया जाना है। राज्य की अधिकाधिक जनजाति आबादी को DAJGUA के तहत् मात्स्यिकी से जोड़ने एवं रोजगार सृजन के उद्देश्य से खूँटी जिला के 06 प्रखण्डों के कुल 403 गाँवों को इस योजना हेतु चिन्हित किया गया है। आवेदन इन्हीं गाँवों के जनजातीय लोगों से स्वीकार किया जाएगा। किसी भी कार्य दिवस पर आवेदन पत्र कार्यालय में आकर निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। दिनांक 26.03.2025 तक आवेदन वांछित दस्तावेजों के साथ जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी में समर्पित कर सकते हैं। दस्तावेजों की सूची(आवश्यकता अनुसार):–जमीन का अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत/सत्यापित भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, आवेदक के साथ जमीन का GPS फोटो, वंशावली, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय/स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, मत्स्य विभाग से प्रशिक्षण प्राप्त करने का प्रमाण पत्र इत्यादि।

लाभुक जनित योजनाएँ निम्नांकित हैं:–

| क्र० सं० | योजना का नाम | इकाई | इकाई लागत (लाख रू० में) | सरकारी अनुदान की विवरणी(लाख रू० में) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 90% सरकारी अनुदान | 10% लाभुक अंशदान |
| 1 | कार्प हैचरी अधिष्ठापन कार्य | सं० में | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 2 | नए रियरिंग तालाब का निर्माण (नर्सरी/बीज रियरिंग तालाब) | हे० में | 7.00 | 6.30 | 0.70 |
| 3 | नये ग्रो आउट तालाब का निर्माण | | 7.00 | 6.30 | 0.70 |
| 4 | मिश्रित मत्स्य पालन, पंगेशियस एवं तिलापिया एवं स्कैम्पी पालन आदि के लिए इनपुट (उपरोक्त अंकित नये निर्मित ग्रो–आउट तालाबों में) | | 4.00 | 3.60 | 0.40 |
| 5 | बायोफ्लॉक तालाबों का निर्माण(4 लाख रू0 प्रति प्रति यूनिट इनपुट सहित) | 0.1 हे० | 14.00 | 12.60 | 1.40 |
| 6 | Bivalve पालन (Bivalve Cultivation- Mussels, clams, pearl etc.) | सं० में | 0.20 | 0.18 | 0.02 |
| 7 | बैक्यार्ड ऑर्नामेंटल फिष रियरिंग यूनिट | सं० में | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 8 | मीडियम स्केल ऑर्नामेंटल फिष रियरिंग यूनिट | | 8.00 | 7.20 | 0.80 |
| 9 | मीडियम आकार वाले 06 टैंक आर०ए०एस०(RAS) की स्थापना (न्यूनतम 30मी³ प्रति टैंक क्षमता एवं 10 टन प्रति कॉप उत्पादन क्षमता) | | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 10 | 4 मी० व्यास एवं 1.5 मी० ऊँचाई वाले बायोफ्लॉक 25 टैंक की स्थापना (कुल क्षमता लगभग 360मी०³) | | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 11 | छोटे आकार वाले 1 आर०ए०एस०(RAS) का अधिष्ठापन (न्यूनतम 100मी³ टैंक क्षमता) | | 7.50 | 6.75 | 0.75 |
| 12 | 4 मी० व्यास एवं 1.5 मी० ऊँचाई वाले बायोफ्लॉक 7 टैंक की स्थापना | | 7.50 | 6.75 | 0.75 |
| 13 | बैक्यार्ड मिनी आर०ए०एस०(RAS) का अधिष्ठापन | | 0.50 | 0.45 | 0.05 |
| 14 | जलाषयों में केजों का अधिष्ठापन | | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 15 | खुले जलक्षेत्र (Open Water Bodies) में पेन कल्चर का अधिष्ठापन | हे० में | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 16 | कम से कम 10 टन क्षमता वाले शीत गृह/आईस प्लॉन्ट का निर्माण | सं० में | 40.00 | 36.00 | 4.00 |
| 17 | रेफ्रिजेरेटेड वाहन (6–10 मी०टन क्षमता) | | 25.00 | 22.50 | 2.50 |
| 18 | इन्सुलेटेड वाहन (6–10 मी०टन क्षमता) | | 20.00 | 18.00 | 2.00 |
| 19 | आईस बॉक्स के साथ मोटरसाईकिल (मत्स्य विपणन हेतु) | | 0.75 | 0.67 | 0.075 |
| 20 | आईस बॉक्स के साथ साईकिल (मत्स्य विपणन हेतु) | | 0.10 | 0.09 | 0.01 |
| 21 | आईस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहन(मत्स्य विपणन हेतु) | | 3.00 | 2.70 | 0.30 |
| 22 | लाईव फिष वेंडिंग सेंटर | | 20.00 | 18.00 | 2.00 |
| 23 | मिनी फिष फीड मिल(2 टन प्रतिदिन उत्पादन क्षमता) | सं० में | 30.00 | 27.00 | 3.00 |
| 24 | फिष कियोस्क का निर्माण (ऑर्नामेंटल/रंगीन मछली/अक्वेरियम सहित) | | 10.00 | 9.00 | 1.00 |
| 25 | Traditional Fishermen के लिए नाव (replacement) एवं जाल | | 5.00 | 4.50 | 0.50 |

खूँटी जिला के चिन्हित गाँवों की सूची निम्नलिखित है जहाँ से **अनुसूचित जनजाति** के सदस्यों से आवेदन आमंत्रित है:–

| | जिला– खूँटी | | |
|---|---|---|---|
| | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम |
| 1 | KARRA | BAKASPUR | Barka Regre |
| 2 | | BAKASPUR | Bakaspur |
| 3 | | BAKASPUR | Lappa |
| 4 | | BAKASPUR | Chhotka Regre |
| 5 | | BAKASPUR | Gari |
| 6 | | URIKEL | Jojodag |
| 7 | | URIKEL | Chanpi |
| 8 | | URIKEL | Urikel |
| 9 | | JARIA | Timra |
| 10 | | URIKEL | Bhusur |
| 11 | KARRA | LIMRA | Samundar |
| 12 | | LIMRA | Gumru |
| 13 | | LIMRA | Dumari |
| 14 | | SUNGI | Bala |
| 15 | | SUNGI | Sungi |
| 16 | | LARTA | Kanti |
| 17 | | LARTA | Larta |
| 18 | | LIMRA | Limra |
| 19 | | DAHKELA | Dehkela |
| 20 | | URIKEL | Jamhar |
| 21 | | GOVINDPUR | Gusa Toli |
| 22 | | GOVINDPUR | Rehargara |
| 23 | | GOVINDPUR | Jalanga |
| 24 | | DAHKELA | Barwadag |
| 25 | | SUNGI | Jabra |
| 26 | | JURDAG | Jurdag |
| 27 | | JURDAG | Tungaon |
| 28 | | JURDAG | Jaltanda |
| 29 | | JURDAG | Pargaon |
| 30 | | SUNGI | Jane |
| 31 | KARRA | LARTA | Madhugama |
| 32 | | BAMARJA | Diuri |
| 33 | | DAHKELA | Tilmi |
| 34 | | DAHKELA | Masko |
| 35 | | BAMARJA | Bamarja |
| 36 | | BAMARJA | Timra |
| 37 | | KARRA | Loyongkel |
| 38 | | KARRA | Kosambi |
| 39 | | KUDLUM | Erahatu |
| 40 | | KUDLUM | Sonmer |
| 41 | | KUDLUM | Dhanamunji |
| 42 | | KUDLUM | Kudlum |
| 43 | | KUDLUM | Kalamuchia |
| 44 | | KARRA | Masmano |
| 45 | | KARRA | Hansbera |
| 46 | | KARRA | Kudda |
| 47 | | BAMARJA | Kasira |
| 48 | | BAMARJA | Pahar Toli |
| 49 | KARRA | DUMARGADI | Taski |
| 50 | | DUMARGADI | Birda |
| 51 | | BAMARJA | Sangor |
| 52 | | KARRA | Garke |
| 53 | | MEHA | Meha |
| 54 | | MEHA | Malgo |
| 55 | KARRA | KUDLUM | Chaldanu |
| 56 | | GHUNSULI | Ghunsuli |
| 57 | | GHUNSULI | Dadi |
| 58 | | GHUNSULI | Chanpi |
| 59 | | GHUNSULI | Sirka |
| 60 | | KACCHABARI | Chiur |
| 61 | | KACCHABARI | Bingaon |
| 62 | | MEHA | Rolagutu |
| 63 | | DUMARGADI | Sahilong |
| 64 | | DUMARGADI | Gungunian |
| 65 | | DUMARGADI | Manpur |
| 66 | | DUMARGADI | Dumargari |
| 67 | | CHAATA | Sawra |
| 68 | | CHAATA | Chhata |
| 69 | | CHAATA | Kurse |
| 70 | | HAKAJANG | Sarwadag |
| 71 | KARRA | KACCHABARI | Kachabari |
| 72 | | KACCHABARI | Chandapara |
| 73 | | LODHMA | Murhu |
| 74 | | LODHMA | Kulhutu |
| 75 | | HAKAJANG | Hakajang |
| 76 | | LODHMA | Lohagara |
| 77 | | HAKAJANG | Padampur |
| 78 | | HAKAJANG | Ronhi |
| 79 | | HAKAJANG | Jiputoli |
| 80 | | JARIA | Nagra |
| 81 | | JARIA | Muruchkel |
| 82 | | JARIA | Hochor |
| 83 | | URIKEL | Ethe |
| 84 | | URIKEL | Bikuadag |
| 85 | | URIKEL | Nidhia |
| 86 | | URIKEL | Mitkora |
| 87 | | URIKEL | Gara Toli |
| 88 | | LIMRA | Deswali |
| 89 | | LIMRA | Chanho |
| 90 | KARRA | LIMRA | Chiddi |
| 91 | | URIKEL | Kasira |
| 92 | | LIMRA | Hutub |
| 93 | | JARIA | Churle |
| 94 | | JARIA | Jariya |
| 95 | | LIMRA | Soteya |
| 96 | | LIMRA | Tirla |
| 97 | | LIMRA | Katsimla |
| 98 | | SUNGI | Palsa |
| 99 | KARRA | LARTA | Suari |
| 100 | | DAHKELA | Runju |
| 101 | | URIKEL | Kurid |
| 102 | | JARIA | Nauringa |
| 103 | | GOVINDPUR | Gobindpur |
| 104 | | DAHKELA | Kotlo |
| 105 | | DAHKELA | Jorko |
| 106 | | LARTA | Jaltanra |
| 107 | | LARTA | Burka |
| 108 | | LARTA | Merle |
| 109 | | LARTA | Chorpinda |
| 110 | | SUNGI | Tikki |
| 111 | | SUNGI | Asanmanri |
| 112 | | JURDAG | Amjora |
| 113 | KARRA | JURDAG | Ganaloya |
| 114 | | JURDAG | Tuiu |
| 115 | | JURDAG | Bichagara |
| 116 | | KARRA | Kasira |
| 117 | | SUNGI | Ludru |
| 118 | | SUNGI | Pora |
| 119 | | DAHKELA | Sarlo |
| 120 | | BAMARJA | Siankel |
| 121 | | BAMARJA | Dumari |
| 122 | | KARRA | Karra |
| 123 | | KUDLUM | Chorwadag |
| 124 | | KUDLUM | Haruhapa |
| 125 | | KUDLUM | Ethe Toli |
| 126 | | KARRA | Urikel Chhotka |
| 127 | | BAMARJA | Sardulla |
| 128 | | BAMARJA | Baragain |
| 129 | | BAMARJA | Palsa |
| 130 | | DUMARGADI | Burhiroma |
| 131 | | DUMARGADI | Jhapra |
| 132 | | DUMARGADI | Hisri |
| 133 | | DUMARGADI | Silma |
| 134 | KARRA | DUMARGADI | Duphu |
| 135 | | MEHA | Lota |
| 136 | | MEHA | Kone |
| 137 | | KUDLUM | Digadon |
| 138 | | GHUNSULI | Ghasibari |
| 139 | | GHUNSULI | Guni |
| 140 | | KACCHABARI | Tumna |
| 141 | | KACCHABARI | Hesla |
| 142 | | KACCHABARI | Bandu |
| 143 | KARRA | KACCHABARI | Patra Toli |
| 144 | | MEHA | Ronhe |
| 145 | | MEHA | Tapingsara |
| 146 | | MEHA | Tunel |
| 147 | | CHAATA | Setahuru |
| 148 | | CHAATA | Korkotakadal |
| 149 | | CHAATA | Belsiring |
| 150 | | CHAATA | Galiondar |
| 151 | | CHAATA | Pandra |
| 152 | | HAKAJANG | Barango |
| 153 | | CHAATA | Goso |
| 154 | | KACCHABARI | Barigara |
| 155 | | KACCHABARI | Darangkel |
| 156 | | LODHMA | Katamkuku |
| 157 | KARRA | LODHMA | Changa Toli |
| 158 | | LODHMA | Lodhma |
| 159 | | LODHMA | Tiga |
| 160 | | HAKAJANG | Guyu |
| 161 | | HAKAJANG | Jariya |
| 162 | | HAKAJANG | Galalong |
| 163 | | LODHMA | Kansili |
| 164 | | HAKAJANG | Silapat |
| 165 | | HAKAJANG | Hardigara |
| 166 | | HAKAJANG | Bankuli |
| 167 | | HAKAJANG | Mutpa |
| 168 | | HAKAJANG | Ata |
| 169 | | CHAATA | Kedu |
| 170 | TORPA | OKRA | Okra |
| 171 | | OKRA | Pandra |
| 172 | | OKRA | Japud |
| 173 | | OKRA | Angarabari |
| 174 | | DORMA | Dorma |
| 175 | | BARKULI | Kudari |
| 176 | | BARKULI | Raisimla |
| 177 | | BARKULI | Jari |
| 178 | | BARKULI | Jagu |
| 179 | | BARKULI | Manmani |
| 180 | | BARKULI | Kasmar |
| 181 | | BARKULI | Barkuli |
| 182 | | DIYANKEL | Manhatu |
| 183 | TORPA | DORMA | Chandarpur |
| 184 | | SUNDARI | Sundari |
| 185 | | JARIA | Sonpurgarh |
| 186 | | JARIA | Jariya |
| 187 | TORPA | JARIA | Patpur |
| 188 | | HUSIR | Husir |
| 189 | | JARIA | Tirla |
| 190 | | SUNDARI | Kokeya |
| 191 | | DIYANKEL | Paira |
| 192 | | HUSIR | Gopla |
| 193 | | DIYANKEL | Patrauyur |
| 194 | | DIYANKEL | Diyankel |
| 195 | | KAMRA | Digri |
| 196 | | BARKULI | Jhatnitola |
| 197 | | UKRIMARI | Tati |
| 198 | | UKRIMARI | Ukrimanri |
| 199 | | UKRIMARI | Icha |
| 200 | | AMMA | Kulda |
| 201 | | URIKELA | Ulihatu |
| 202 | TORPA | URIKELA | Nichitpur |
| 203 | | KAMRA | Birta |
| 204 | | KAMRA | Kamra |
| 205 | | HUSIR | Ronhe |
| 206 | | HUSIR | Latauli |
| 207 | | FATKA | Phatka |
| 208 | | FATKA | Derang |
| 209 | | FATKA | Kalet |
| 210 | | FATKA | Gutuhatu |
| 211 | | TAPKARA | Kocha |
| 212 | | URIKELA | Urikel |
| 213 | | AMMA | Kanakloiya |
| 214 | | AMMA | Amma |
| 215 | | AMMA | Satal |
| 216 | | MARCHA | Karra |
| 217 | TORPA | MARCHA | Banabira |
| 218 | | MARCHA | Marcha |
| 219 | | MARCHA | Turigara |
| 220 | | FATKA | Lohajimi |
| 221 | RANIA | BANAI | Dembukel |
| 222 | | BANAI | Koynara |
| 223 | | KHATANGA | Digri |
| 224 | | BANAI | Manhatu |
| 225 | | BANAI | Doengar |
| 226 | | BANAI | Itam |
| 227 | | BANAI | Banai |
| 228 | | KHATANGA | Korakel |
| 229 | | JAIPUR | Japut |
| 230 | | JAIPUR | Garhsidam |
| 231 | RANIA | JAIPUR | Jaipur |
| 232 | | JAIPUR | Balankel |
| 233 | | KHATANGA | Khatanga |
| 234 | | KHATANGA | Kulhai |
| 235 | | KHATANGA | Token |
| 236 | | DAHU | Kotanger |
| 237 | | DAHU | Loa |
| 238 | | DAHU | Dahu |
| 239 | | TAMBA | Raniya |
| 240 | | TAMBA | Sarbo |
| 241 | | TAMBA | Harasuku |
| 242 | | TAMBA | Tamba |
| 243 | RANIA | SODE | Beghiya |
| 244 | | SODE | Tutikel |
| 245 | | KHATKHURA | Karakel |
| 246 | | KHATKHURA | Chalgida |
| 247 | | KHATKHURA | Belkidura |
| 248 | | KHATKHURA | Khatkhura |
| 249 | | KHATKHURA | Kainbanki |
| 250 | MURHU | INDIPIRI | Gaigai |
| 251 | | INDIPIRI | Indipiri |
| 252 | | INDIPIRI | Sarigaon |
| 253 | | INDIPIRI | Gumpuru |
| 254 | | BINDA | Binda |
| 255 | | BINDA | Sidu |
| 256 | | KEWDA | Kewra |
| 257 | | HETHGOA | Gutigara |
| 258 | | HETHGOA | Buruma |
| 259 | | GODATOLI | Selda |
| 260 | | GODATOLI | Maliada |
| 261 | | KORAKEL | Bande |
| 262 | | MURHU | Durri |
| 263 | | GODATOLI | Goratoli |
| 264 | | GODATOLI | Surunda |
| 265 | | HETHGOA | Hethgowa |
| 266 | | HETHGOA | Chichigara |
| 267 | | HETHGOA | Sirka |
| 268 | | KURAPURTI | Jilingkel |
| 269 | MURHU | KURAPURTI | Kudapurti |
| 270 | | GUTUHATU | Bari |
| 271 | | KURAPURTI | Kitahatu |
| 272 | | KUDA | Kudda |
| 273 | | KUDA | Jiuri |
| 274 | | KUDA | Kotna |
| 275 | MURHU | KUDA | Otongora |
| 276 | | KUDA | Balanga |
| 277 | | KUDA | Burju |
| 278 | | KUNJLA | Kundibartoli |
| 279 | | DIGRI | Digri |
| 280 | | DIGRI | Salga |
| 281 | | GUTUHATU | Gutuhatu |
| 282 | | GUTUHATU | Salehatu |
| 283 | | BICHNA | Pandu |
| 284 | | KUNJLA | Kunjla |
| 285 | | KUNJLA | Ithe |
| 286 | | KUNJLA | Charid |
| 287 | | HANSA | Hassa |
| 288 | | HANSA | Gajgaon |
| 289 | | HANSA | Perka |
| 290 | MURHU | BICHNA | Bichna |
| 291 | | GANALOYA | Biramkel |
| 292 | | GANALOYA | Gangira |
| 293 | | GANALOYA | Oskeya |
| 294 | | GANALOYA | Balo |
| 295 | | KORAKEL | Bamhani |
| 296 | | BINDA | Konowa |
| 297 | | BINDA | Bundu Mamail |
| 298 | | RUMUTKEL | Rumutkel |
| 299 | | RUMUTKEL | Gulu |
| 300 | | RUMUTKEL | Koyangsar |
| 301 | | RUMUTKEL | Kumhardih |
| 302 | KHUNTI | BARUDIH | Poseya |
| 303 | | BARUDIH | Chalam |
| 304 | | BARUDIH | Chalmbartoli |
| 305 | | BARUDIH | Anigara |
| 306 | | BARUDIH | Barudih |
| 307 | | BARUDIH | Dargama |
| 308 | | TIRLA | Simbhukel |
| 309 | | TIRLA | Budhudih |
| 310 | | TIRLA | Tirla |
| 311 | | TIRLA | Torangkel |
| 312 | | BHANDRA | Dokar |
| 313 | | BHANDRA | Hesahatu |
| 314 | | BHANDRA | Bhanrra |
| 315 | | BHANDRA | Jilinga |
| 316 | | BHANDRA | Jamri |
| 317 | | BHANDRA | Poseya |
| 318 | | BHANDRA | Barbanda |
| 319 | KHUNTI | MARANGHADA | Gadigaon |
| 320 | | LANDUP | Patratoli |
| 321 | | MARANGHADA | Bhut |
| 322 | | TIRLA | Saridkel |
| 323 | | MARANGHADA | Maranghada |
| 324 | | LANDUP | Jojohatu |
| 325 | | LANDUP | Chandor |
| 326 | | LANDUP | Landup |
| 327 | | LANDUP | Bichagutu |
| 328 | | LANDUP | Buruhatu |
| 329 | | LANDUP | Bandih |
| 330 | | LANDUP | Sirum |
| 331 | | DADIGUTU | Garamara |
| 332 | KHUNTI | TILMA | Karora |
| 333 | | TILMA | Hakaduba |
| 334 | | DADIGUTU | Darigutu |
| 335 | | TILMA | Tilma |
| 336 | | TILMA | Tarub |
| 337 | | TILMA | Kujram |
| 338 | | TILMA | Sandasom |
| 339 | | SILADON | Irud |
| 340 | | MURHI | Hatudami |
| 341 | | FUDI | Nehaldih |
| 342 | | FUDI | Argori |
| 343 | | FUDI | Kalamati |
| 344 | | FUDI | Dungra |
| 345 | | FUDI | Dandaul |
| 346 | | FUDI | Silda |
| 347 | | FUDI | Phuddi |
| 348 | | MURHI | Murhi |
| 349 | KHUNTI | GUTJORA | Dugdugiya |
| 350 | | GUTJORA | Chalangi |
| 351 | | GUTJORA | Kanadih |
| 352 | | GUTJORA | Jiarapa |
| 353 | | GUTJORA | Ghaghra |
| 354 | | BIRHU | Siladon |
| 355 | | BIRHU | Dumardaga |
| 356 | | BIRHU | Manhu |
| 357 | | GUTJORA | Hutar |
| 358 | ARKI | TODANG | Badani |
| 359 | | BOHANDA | Bohonda |
| 360 | | BOHANDA | Sake |
| 361 | | KOCHANG | Kochang |
| 362 | | KOCHANG | Sinjuri |
| 363 | ARKI | TIRLA | Tubil |
| 364 | | MADHATU | Chalkad |
| 365 | | MADHATU | Madhatu |
| 366 | | MADHATU | Katui |
| 367 | | BOHANDA | Kurunga |
| 368 | | BIRBANKI | Birbanki |
| 369 | | BIRBANKI | Ghaghra |
| 370 | | TODANG | Sinjani |
| 371 | | TODANG | Todang |
| 372 | | BIRBANKI | Chuklu |
| 373 | | TINTILA | Bagri |
| 374 | | TIRLA | Hadlama |
| 375 | | KOCHANG | Kuria Katola Tobag |
| 376 | | TIRLA | Tirla |
| 377 | | TINTILA | Dolda |
| 378 | | TINTILA | Tintila |
| 379 | | TINTILA | Koa |
| 380 | | BADINIJKEL | Marangburu |
| 381 | ARKI | BADINIJKEL | Barinijkel |
| 382 | | BADINIJKEL | Ulihatu |
| 383 | | TODANG | Lebed |
| 384 | | TODANG | Korwa |
| 385 | | PURNANAGAR | Doriya |
| 386 | | SINDRI | Sirkadih |
| 387 | | SINDRI | Bandu |
| 388 | | SINDRI | Tetebandu |
| 389 | | PURNANAGAR | Gitilbera 1 |
| 390 | | SOSOKUTI | Sonpur |
| 391 | | SOSOKUTI | Jaranga |
| 392 | | HUNTH | Rumchu |
| 393 | | HUNTH | Hunth |
| 394 | ARKI | HUNTH | Baruhatu |
| 395 | | HUNTH | Serenghatu |
| 396 | | SOSOKUTI | Sosokuti |
| 397 | | SOSOKUTI | Masanga |
| 398 | | UPAR BALALONG | Heth Balalong |
| 399 | | UPAR BALALONG | Sigid |
| 400 | | SARGEYA | Sargeya |
| 401 | | SARGEYA | Kota |
| 402 | | SARGEYA | Maipa |
| 403 | | SARGEYA | Barigara |

PR 348628 (Fish) 24-25 (D)

जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूँटी।

# सांसद सुखदेव भगत ने संसद में गुमला में रेलवे लाइन बनाने की मांग को प्रमुखता से उठाया साथ ही

## इटकी में फुट ओवर ब्रिज बनाने, नगजुआ, आकाशी स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव फिर से चालू करने की किया मांग

➲ छात्रों, सीनियर सिटीजन, खिलाड़ियों को पहले की तरह रेलवे में मिलने वाली सुविधा दिया जाए : सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नई दिल्ली में चल रहे संसद के बजट सत्र में केंद्रीय बजट वर्ष 2025-26 के लिए रेल मंत्रालय के लिए लाये गए अनुदानों की मांगों पर चर्चा में भाग लेकर अपनी बातों को प्रमुखता से रखते हुए लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत लांसनायक परमवीर अल्बर्ट एक्का के जन्मस्थली जिला गुमला है जहां आजादी के इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक यहां रेलवे लाइन नहीं बना है। गुमला जिला में भगवान हनुमान का जन्म स्थान है, आदिवासियों को सबसे बड़ा धार्मिक स्थल सिरा सीता नाला है,महादेव का प्राचीन मंदिर टांगीनाथ है। यह क्षेत्र पांचवी अनुसूचित में भी आता है इसलिए लोहरदगा से गुमला होते हुए कोरबा तक नई रेलवे लाइन इसी वित्तीय वर्ष में बनाने की मांग को सांसद ने संसद में प्रमुखता से रखें। साथ ही रांची के इटकी में सबसे बड़ा यक्ष्मा आरोग्यशाला (ट्यूबरक्लोसिस) का अस्पताल है यहां के स्टेशन का फाटक को बंद कर दिया गया है जिससे जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए इटकी में फूट ओवरब्रिज बनाया जाए। लोहरदगा जिला के नागजुआ, आकाशी स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेन पहले रूकता था। कोरोना काल में इसे बंद कर दिया गया था उसे फिर से चालू किया जाए। इसके अलावा सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि मोदी सरकार रेल में फेल है। 10 साल में 638 रेल दुर्घटनाएं हुई है ।रेलवे में वर्कफोर्स की भारी कमी है। रेलवे में लाखों पद अभी भी खाली है बेहद अफसोस की बात है कि मोदी सरकार में रेलवे में रोजगार के अवसर को सीमित कर दी जा रही है। कैग(ष्ट्त) की रिपोर्ट में बताया गया कि मोदी सरकार राष्ट्रीय रेल संरक्षा कोष का पैसा फुट मसाज, क्रॉकरी और फर्नीचर जैसे चीजों में खर्च किया जा रहा है। सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि छात्रों, सीनियर सिटीजन,खिलाड़ियों को पहले की तरह रेलवे में मिलने वाली सुविधा दिया जाए।

## उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा आज ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रेमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त द्वारा सभी उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई और मतदाता सूची से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई। साथ ही निर्वाचन संबंधित सुझाव भी मांगे गए। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, कोषागार पदाधिकारी,भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव व प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## आगामी सरहुल पूर्व संध्या समारोह के सफल आयोजन को लेकर किशोर उरांव की अध्यक्षता में हुई बैठक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदिवासी कर्मचारी समिति लोहरदगा द्वारा आगामी सरहुल पूर्व संध्या समारोह के सफल संचालन हेतु आज आवश्यक बैठक किशोर उरांव की अध्यक्षता में समाहरणालय मैदान लोहरदगा में की गई। जिसमें मुख्य रूप से यह चर्चा की गई की दिनांक 30 मार्च 2025 को न्यू नगर भवन लोहरदगा में उक्त कार्यक्रम पूरे विधि विधान एवं आदिवासी संस्कृत के अनुसार 10:00 बजे सुबह से शाम 5:00 बजे तक कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ बाघमरे प्रसाद कृष्णा उपायुक्त, लोहरदगा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला स्तर के अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहेंगे। साथ ही साथ प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष का सरल पूर्व संध्या समारोह बहुत ही भव्यता के साथ मनाया जाएगा। एक विशेष अपील एवं अनुरोध किया गया कीसमारोह में उपस्थित होने वाले सभी लोग आदिवासी वेशभूषा एवं आदिवासी वाद्य यंत्र के साथ शामिल हो।आज के इस बैठक में मुख्य रूप से समिति के सम्मानित सचिव विनोद उरांव, मुख्य संरक्षक बिफाई उरांव, कोषाध्यक्ष अभिषेक एक्का, मीडिया प्रभारी सुधीर उरांव, संरक्षक सुश्री अंजू कुजूर, उपाध्यक्ष सत्यदेव भगत, उप कोषाध्यक्ष अरविंद उरांव, वरिष्ठ सदस्य सुनील मिंज, वरिष्ठ सदस्य अजय भगत, वरिष्ठ सदस्य दिनकर टाना भगत, वरिष्ठ सदस्य सुरेंद्र उरांव, युवा सदस्य धनंजय भगत, प्रीतिपल्लवी तिग्गा, ज्योति उरांव एवं अन्य उपस्थित थे।

# दिव्यांग उपकरण के लिये आवेदन दे सामग्री का मांग करें : बॉबी कुमारी नायक

## दिव्यांग व्यक्तियों के बीच उपकरण का वितरण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार के बाल विकास परियोजना कार्यालय स्थित प्रांगण में महिला पर्यवेक्षिका बॉबी कुमारी नायक द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के बीच उपकरण का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सभी दिव्यांगों को अपने अपने आवश्यकता अनुसार यंत्र की आवश्यकता है। वैसे लाभुक अपने निकटतम आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से सीडीपीओ कार्यालय में आवेदन दें उन सभी दिव्यांग लाभुकों को लाभ दिया जायेगा। साथ ही आंगनबाड़ी सेविकाओं को निर्देश देते हुए कहा गया की सभी सेविका अपने अपने क्षेत्र के योग्य लाभुकों को दिव्यांगों को बैशाखी, ब्लाइंड छड़ी, व्हील चेयर सहित अन्य उपकरणों का लाभ दिलाने का प्रयास करें उसी निमित मंगलवार को प्रखंड के चार दिव्यांग व्यक्तियों को लाभ दिया गया। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका बॉबी कुमारी नायक विजय कुमार, मंसूर अंसारी, महेश उरांव समेत अन्य उपस्थित थे।

## क्रेशर प्लांट के गोदाम का ताला तोड़ 45 लाख का सामान हुआ चोरी

# चोरी घटना में संलिप्त तीन नाबालिक बच्चों को पुलिस ने हिरासत में लेते हुए भेजा बाल सुधार गृह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** क्रेशर प्लांट परिसर के गोदाम का ताला तोड़ कर चोरी करने के आरोप पर पुलिस ने तीन नाबालिक लड़कों को गिरफ्तार कर भेजा बाल सुधार गृह गुमला। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के कल्हेपाट ग्राम में संचालित क्रेशर प्लांट में बीते 17 मार्च 2025 को रात्रि करीब 9¬15 बजे गोदाम का ताला तोड़ चोरी कर डीजल मशीन सहित अन्य सामान का चोरी हुआ था। जिससे स्थानीय पुलिस को अवगत कराते हुए क्रेशर मालिक जयनाथ साहू ने बताया कि मैं और क्रेशर प्लांट देखरेख कर्ता साजिद अंसारी क्रेशर परिसर कल्हेपाट पहुंचा तो देखा कि मोटरसाइकिल जे एच 01 एफ एन 3630 में ट्रैक्टर का नया आइबिम तीन बोरा पाइप कलेम्पू लेकर दो लड़के मोटरसाइकिल में बैठे हुए थे। जबकि तीसरा लड़का गोदाम के तरफ था। उसी दौरान तीनो लड़का को पकड़ बारी बारी से पूछा गया तो तीनों ने जुर्म कबूल करते हुए बताया कि एक सप्ताह पूर्व से चोरी कर रहें है। और चोरी का सामना भड़गांव स्थित कबाड़ी दुकान ऐनुल अंसारी के पास बेचते हैं। वही बताते हुए क्रेशर मालिक ने अन्य सामानों का चोरी की सूची तैयार करते हुए 45 लाख का सामान चोरी होने की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी को देते हुए चोरी घटना से अवगत कराया गया। क्रेशर में चोरी होने की सूचना आवेदन के माध्यम से प्राप्त होते ही सेन्हा थाना कांड संख्या 33/25 दर्ज कर चोरी घटना में संलिप्त नाबालिक आरोपियों में पूसो थाना क्षेत्र के लरंगो चांपी निवासी सत्यनारायण लोहरा का 15 वर्षीय पुत्र अंकित लोहरा सेन्हा थाना क्षेत्र के कोराम्बे गोरा टोली निवासी जोगेंद्र उराँव का 15 वर्षीय पुत्र विकास उराँव तथा भाल सिंह उर्फ भोला सिंह के नाबालिक पुत्र अर्जुन सिंह के विरुद्ध नियम संगत कारवाई करते हुए पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया तो चोरी घटना की पुष्टि होने के उपरांत विधिवत कानूनी प्रकिया के अनुसार तीनो नाबालिक आरोपियों को बाल सुधार गृह गुमला भेजा गया। साथ ही चोरी का सामान ट्रैक्टर आइबिम, होंडा जनरेटर, हाइड्रोलिक जैक, पाइप कलेम्पू सहित मोटरसाइकिल जे एच 01एफ एन 3630 को जप्त किया गया है।

## लोहरदगा में मईया सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने पर लाभुक परेशान

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले भर में मईया सम्मान योजना की राशि जारी होने बाद बहुत से महिलाएं खुश है तो कुछ लोग नाराज दिख रहे है। जबकि कई हजार लोगों को मईया सम्मान योजना की राशि नही मिलने पर महिलाएं काफी परेशान नजर आ रही है।राज्य सरकार द्वारा चलाए गए महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत मईया सम्मान योजना की 7500 रु वाली किस्त बहुत से महिलाओ के खाते में नही आया है जिसे महिलाओ में भारी नाराजगी के साथ भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।बताते चलें की मईया सम्मान योजना की 7500 रु वाली किस्त आने के बाद बहुत से महिलाओ के खाते में पैसा नही आया जिसके बाद महिलाएं बैंक, प्रज्ञा केंद्र, ब्लॉक कार्यालय से लेकर नया दफ्तरों के चक्कर काटते नजर आ रहे है देखा जाए तो इन दिनों बैंक ब्लॉक एवं अन्य दफ्तरों में पैर रखने को भी जगह नहीं है।इस दौरान कई महिलाओ ने बताया है की खाते में केवाईसी तथा डीबीटी लिंक इत्यादि को लेकर राशि नही मिलने की बात कही जा रही है।जिसके सुधार के लिए लोग दिन दिन भर छोटे छोटे बच्चे को लेकर दफ्तरों के चक्कर काट रहे है।वही इस मामले के बाद डीबीटी और केवाईसी के नाम पर सरकारी दफ्तरों के साथ साथ प्रखंड क्षेत्र के कई प्रज्ञा केंद्रो में सुधार कराने को लेकर पैसे की उगाही की जा रही है किसी से 500 रु तो किसी से 1000 रु की मांग भी की जा रही है और लोग खुशी से पैसे देकर जश्न मना रहे हैं। वही पिछले साल में जो किस्त जारी हुई थी।जिसमे महिलाओ के पैसे बैंक खाते तथा आईएफएससी कोड में गड़बड़ी हुई वैसे महिलाओ के भी पैसे खाते में आ गए परंतु जिन लोगों के सब कुछ सही थे वैसे महिलाओ के पैसे नही मिल पाए है। बता दे कि राज्य सरकार द्वारा चलाई गई योजना में लाभुको ने पंचायत प्रतिनिधियों पर भी आरोप लगाया हैं की उन लोगो ने आम लोगो के साथ मिलकर महिलाओ के नाम काट दिया गया है तथा पैसे की उगाही करने में लगे है। बता दे की मामला यही खत्म नहीं होता कई महिलाएं इन दिनों साइबर क्राइम के भी चपेट में आ चुके है और उन्हें लोभ लालच के झांसे में लाकर उनके बैंक खाते से पैसे भी गायब कर चुके है जिसको लेकर भी लोग काफी हैरान परेशान नजर आ रहे हैं।

# बीडीओ ने किया मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक दिये कई निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने मंगलवार को मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक में मनरेगा कर्मियों को कई निर्देश दिए। तो वहीं अबुआ आवास में तेजी से कार्य करवाने की बात एवं सर्वे करने की बात बिडियो ने कहा। तथा पुरानी योजनाओं को बंद करने की बात कही है।साथ ही साथ कुप में नहीं हो रहे भुगतान को जल्द से जल्द भुगतान करने की बात कही है। आम बागवानी जैसे कार्यों में तेजी से कार्य करने की बात कही है। बैठक में उपस्थित बीपीओ रामकुमार सिंह पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय चितरंजन शर्मा उज्जवल कुमार सिंह रोजगार सेवक निर्मल कुमार दांगी सत्येंद्र कुमार प्रदीप कुमार शालिनी भारती कुमारी कंप्यूटर ऑपरेटर अभिनंदन कुमार अभय कुमार सिंह व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक 19 मार्च को

# केन्द्रीय समिति के प्रधान महासचिव, जिला संयोजक सहित कई वरीय पदाधिकारी व नेता लेंगे भाग : अमर किन्डो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक 19 दिसंबर दिन बुधवार को 11:00 बजे से समाहरणालय के यूक्लिप्टस मैदान में होगी। उक्त आशय की जानकारी मंगलवार को झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमर किन्डो, सचिव विशेषण भगत ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर दी है। नेताओं ने कहा है कि जिला समिति की इस बैठक का मुख्य बिंदु 1 बापू वाटिका में किए गए सामूहिक उपवास कार्यक्रम की समीक्षा, 2. बाकी बचे साथियों का चिन्हितीकरण, 3. आंदोलनकारियों की समस्याओं का निराकरण आदि शामिल हैं। इस बैठक में केन्द्रीय प्रधान महासचिव कयूम खान, सलाहकार समिति सदस्य प्रो. विनोद भगत सहित कई गण्यमान्य नेता भाग लेंगे। नेताओं ने जिले के विभिन्न प्रखंडों व शहरी क्षेत्र के (चिन्हित अथवा अचिन्हित) सभी आंदोलनकारियों से अपील किया है कि निर्धारित स्थान पर ससमय पहुंच कर बैठक को सफल बनाएं। कार्यकारी अध्यक्ष श्री किन्डो ने कहा कि जल्द ही एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड आंदोलनकारी महासभा के प्रतिनिधि मंडल मिल कर 11 सूत्री मांगों पर विमर्श करेंगे। आंदोलनकारी साथियों की जल्द से जल्द चिन्हितीकरण, नियोजन और पेंशन तथा बकाए पेंशन राशि का भुगतान आदि के बारे में विशेष चर्चा की जाएगी।

## बीडीओ ने बैठक आयोजित कर ससमय आवास पूरा कराने का दिया निर्देश



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभगार में पंचायत सचिव और जनसेवकों के साथ बीडीओ की अध्यक्षता बैठक आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री आवास और अबुवा आवास के बारे में पंचायत वार समीक्षा करते हुए सभी पंचायत सचिव व जनसेवकों को निर्देश देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू द्वारा निर्देश गया की अपने अपने पंचायत क्षेत्र में भ्रमण कर सभी पंचायत सचिव और जनसेवक क्षेत्र में प्रधानमंत्री व अबुवा आवास योजना का निरीक्षण करते हुए लाभुकों से समय सीमा के अंदर आवास निर्माण कार्य को पूर्ण करायें। साथ ही बताया गया? की प्रखंड कार्यलय से किश्तवार राशि सभी लाभुकों के खाते में पहुंच रहा है। सभी पंचायत सचिव और जनसेवक प्रत्येक दिन पंचायत का भ्रमण कर लाभुकों आवास निर्माण के लिये प्रोत्साहित कर जल्द से जल्द प्रधानमंत्री और अबुवा आवास को पूर्ण करायें साथ ही प्रखंड द्वारा संचालित आम बागवानी, सिंचाई कूप सहित अन्य विकास योजनाओं के बारे में भी समीक्षा किया गया।

# पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू पार्टी कार्यालय दिल्ली में किया प्रभारी के.राजू से मुलाक़ात कहा

## झारखण्ड में पार्टी संगठन को और धारदार बनाया जाएगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मंगलवार को झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश,पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू ने दिल्ली कोटला रोड स्थित नये पार्टी कार्यालय इंदिरा भवन में झारखण्ड प्रभारी के.राजू से संयुक्त रूप से मुलाक़ात की एवं आने वाले समय में झारखंड में कांग्रेस पार्टी की नींव को और अधिक मज़बूत करने के लिए एवं पार्टी कार्यक्रमों की नई और प्रभावी रूपरेखा तैयारी को लेकर विशेष बातचीत की गई ताकि राज्य में कांग्रेस पार्टी और अधिक मज़बूत हो सके। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने बताया कि झारखंड में पार्टी संगठन को और अधिक धारदार बनाया जाएगा। कांग्रेस पार्टी हमेशा से दबे कुचले लोगों एवं आमजनों की आवाज को हमेशा से बुलंद करता रहा है। आगे भी पार्टी कार्यक्रम प्रभावी एवं युद्धस्तर पर किया जाएगा जिसमे गाँवों, वार्ड, पंचायत, एवं प्रखंड स्तर तक कार्यक्रम चलाये जाएँगे।

# केंद्रीय महावीर मण्डल की बैठक विपुल तमेडा की अध्यक्षता में हुआ संपन्न

## विपुल तमेडा 2025-26 के लिये चुने गए अध्यक्ष

➲ सांप्रदायिक सौहार्द के सभी प्रयासों का महावीर मण्डल समर्थन करेंगी : ओह्म प्रकाश सिंह

➲ घर का अभिभावक मजबूत होता है तो घर परिवार मजबूत सम्बल होता है : विपुल तमेडा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला केंद्रीय महावीर मण्डल की आम सभा अध्यक्ष विपुल तमेडा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में विभिन्न सारंक्षक मंडली एवं पूर्व अध्यक्ष महासचिव द्वारा दिए गए अपने विचारों के उपरांत सर्वसम्मति से विपुल तमेड़ा को पुनः सत्र 2025-26 के लिए अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर केंद्रीय महावीर मण्डल के सारंक्षक ओह्म प्रकाश सिंह ने कहा की गत वर्ष डीजे बजने के कारण बड़ा हादसा हो गया था इस निमित्त भी और ध्वनिप्रदुषण के कारण एवं सामाजिक रूप से डीजे बजाना स्वास्थ्य हीत में भी उचित नहीं माना जाता है इसलिए केंद्रीय महावीर मण्डल ने निर्णय लिया की इस बार डीजे का उपयोग रामनवमी जुलुस में नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा की सांप्रदायिक सौहार्द के लिए किये जा रहे प्रयास का महावीर मण्डल समर्थन करता है। उन्होंने बताया की पूर्व में रामनवमी हो या मुहर्रम सभी कार्यों में हिन्दू मुस्लिम मिलजुल कर कार्य करते थे उस समय के मुस्लिम भाई चाहे कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष स्वर्गीय फ़क़ीर मुहम्मद हो या ग्रामीण क्षेत्रों के मुस्लिम हिन्दू सबका पहनावा धोती कुर्ता होता था जिससे लोग हिन्दू मुस्लिम की पहचान नहीं कर पाते थे इससे भी आपसी सौहार्द की भावना मजबूत होती थी लेकिन आजकल ड्रेस से ही हिन्दू मुस्लिम के बीच पहचान होने लगी है आजकल सांप्रदायिक माहौल भी नई पीढ़ियों में ज्यादा पनप रहा है जो भविष्य के लिए खतरा हो सकता है। केंद्रीय महावीर मण्डल की बैठक में सारंक्षक संदीप गुप्ता, परमेश्वर साहू, राजकिशोर महतो, रितेश साहू, सुनील अग्रवाल, मोहन दुबे ने भी अपने अपने विचार देते हुए कहा की जुलुस में शराब का सेवन करना निषेध किया जाय जो भी शराब का नशा करेगा उसे जुलुस में शामिल नहीं किया जाना चाहिए। साथ ही मोहन दुबे ने कहा की आजकल रामनवमी में अस्त्र शस्त्र परिचालन का प्रयोग कम और ढ़ोल नगाड़ा बाजा का ज्यादा होता है इसलिए सभी मोहल्ले के अखाडा में अस्त्र शस्त्र चालन निमित्त ट्रेनर रखा जाना चाहिए। बैठक में ये भी विचार मंथन किया गया की सरना सनातन के बीच दूरियां बढ़ाने की साजिश रचि जा रही है, जिससे पूर्व के सरना सनातन समाज एक दूसरे के हमेशा सहयोगी रहे है।आज भी सहयोग करते है जबकि बिरसा भगवान के अनुयायी सनातन सरना भाई भाई होते थे इसे मजबूत करने पर बल दिया गया। 30 मार्च को शांति आश्रम में सनातन संगम कार्यक्रम में सभी सनातन भाग लेंगे। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष विपुल तमेडा ने कहा की महावीर मण्डल द्वारा सभी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व दिया जायेगा ताकि सनातन एकता मजबूत हो सके। अंत में पूर्व केंद्रीय महावीर मण्डल के अध्यक्ष या पदाधिकारी के निधन पर दो मिनट का मौन रख कर प्रार्थना किया गया उनमे स्वर्गीय राधारमण प्रसाद, जुगल किशोर पोद्दार, वैधनाथ जायसवाल, रघुवर मिश्रा थे। बैठक में प्रदीप राणा, निश्चय वर्मा, राजकुमार वर्मा,रिंकू वर्मा, प्रेम किशोर प्रजापति, देवाशीष कार, सुमित रॉय, रोहित साहू, कपिल देव मिश्रा, हिमांशु केसरी, रोहित ओझा, सुनील अग्रवाल, बिनोद तमेडा, रमेश राम, अशोक रजक, नागेंद्र प्रजापति, शंकर वर्मा, प्रदीप साहू, रितेश साहू, आदित्य साहू, कँवलजीत सिंह, संजय रवानी, अशोक काँस्याकार, पवन तिग्गा, निखिल कुमार, आशुतोष पाठक, गुंजन वर्मा, रमेश साहू,अजय पंकज, दीपक सर्राफ, मनोज गुप्ता सहित सैकड़ो उपस्थित थे मंच संचालन प्रमोद प्रजापति द्वारा किया गया।

## चलते चलते एक नजर

### हिमाचल को कर्ज के जाल में धकेल रही वर्तमान सरकार : जयराम ठाकुर

**शिमला :** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा है कि सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार के कार्यकाल में हिमाचल कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है। उन्होंने विधानसभा में मंगलवार को वर्ष 2025-26 के आम बजट पर चर्चा की शुरुआत करते हुए आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार मात्र दो वर्षों में 27 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज ले चुकी है जो पूर्व भाजपा सरकार के पांच वर्षों में लिए गए कुल 28,744 करोड़ रुपये के ऋण के लगभग बराबर है। जयराम ठाकुर ने कहा कि अगर वर्तमान सरकार की यही वित्तीय नीतियां जारी रहीं, तो हिमाचल जल्द ही एक लाख करोड़ रुपये के कर्ज का आंकड़ा पार कर जाएगा। उन्होंने दावा किया कि इस ऐतिहासिक कर्ज की जिम्मेदारी सीधे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर आएगी। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में वित्तीय अनुशासन का पालन किया था और कभी भी कर्ज की सीमा का उल्लंघन नहीं किया, जबकि मौजूदा सरकार हर बार इस सीमा को लांघ रही है। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार पर यह आरोप भी लगाया कि वह केंद्रीय योजनाओं से मिले धन का उपयोग प्रदेश के कर्मचारियों के वेतन और पेंशन के भुगतान के लिए कर रही है, जिससे विकास कार्य बाधित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार आर्थिक नीतियों को लेकर पूरी तरह दिशाहीन है, और इसका खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ रहा है।

### 2026 तक बस्तर होगा नक्सल मुक्त : उप मुख्यमंत्री

**रायपुर :** उपमुख्यमंत्री अरुण साव आज मंगलवार को रायपुर निवास कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा में कहा कि, औरंगजेब एक क्रूर आक्रमणकारी रहा है। पूरी दुनिया जानती है कि उसने हिंदुओं पर अत्याचार किया है, इसलिए उस क्रूर हमलावर के प्रति किसी को भी सम्मान और सहानुभूति नहीं रखनी चाहिए।उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गृह मंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक देश और बस्तर को नक्सलवाद मुक्त करने का कदम उठाया है, उस दिशा में राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ में लगातार नक्सलियों का आत्मसमर्पण हो रहा है। लोगों में शांति और सद्भावना बनाने के लिए, लोगों में जागरूकता लाने के लिए बस्तर ओलंपिक, बस्तर पंडुम जैसे कार्यक्रम किए जा रहे हैं। दूसरी तरफ बस्तर में विकास के काम भी लगातार किए जा रहे हैं। दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। इस दौरान उन्होंने नक्सलवाद के मुद्दे पर निश्चित ही चर्चा की होगी और हमने जो नक्सल पुनर्वास राहत नीति बनाई है, उसके बारे में भी जानकारी दी होगी। आगामी सरकार की हमारी क्या योजनाएं हैं, उन पर भी जरूर चर्चा हुई होगी।कानून व्यवस्था पर साव ने कहा कि, कौन पर्दे के पीछे साजिश और षडयंत्र रच रहा है। प्रदेश में कौन कानून व्यवस्था बिगाड़ रहा है, इसे जनता जान चुकी है। उन्होंने कहा कि, राज्य सरकार पूरी तरह कानून व्यवस्था दुरुस्त करने में सक्षम है। उन्होंने कांग्रेस की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक पर तंज कसते हुए कहा कि, उनकी बैठक से जनता को कोई लाभ नहीं होगा। ये पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव में मिली हार की एक दूसरे पर ठीकरा फोड़ेंगे।

# सांसद ने सोन नदी पर पुल निर्माण कराने से संबंधित मामले को सदन में उठाया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मेदिनीनगर :** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पलामू जिला (झारखंड) के हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत देवरी कला सूर्य मंदिर के सामने एवं दूसरी तरफ रोहतास जिला (बिहार) के नौहट्टा प्रखंड के ग्राम देवीपुर में झारखंड एवं बिहार को जोड़ने वाली सोन नदी पर अंतरराज्जीय कनेक्टिविटि के तहत पुल निर्माण कराने से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया।श्री राम ने कहा कि उक्त पुल के निर्माण से यात्रियों के यात्रा समय में काफी कमी आएगी और झारखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। विदित है कि जपला सीमेंट फैक्ट्री बंद होने के बाद हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में कोई उद्योग या वैकल्पिक व्यापार का रास्ता नहीं है।

यहॉ के मजदूर भारी संख्या मे बिहार एवं उत्तर प्रदेश में आना-जाना करते है। इस पुल के निर्माण से आवागमन में सुविधा होगी, इलाज, शिक्षा, बाजार, उद्योग समेत अन्य जरूरतों के लिए प्रतिदिन आवागमन करने वाले लोगों की सुविधायें बढ़गी। गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही साथ वामपंथी उग्रवाद पर अंकुश लगेगा एवं लोगों को नए-नए रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके अतिरिक्त बिहार के डेहरी पुल पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और औरंगाबाद-सासाराम शहरों को जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी।सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध है कि उक्त पुल का निर्माण अंतरराज्जीय कनेक्टिविटी परियोजना के तहत कराने की कृपा की जाय। उक्त पुल की मांग झारखंड एवं बिहार सीमावर्ती जिलों के बीच आवागमन करने वाले लोगों की लंबे समय से रही है।

## अश्लीलता किसी भी रूप में क्षम्य नहीं : डीजीपी

**पटना :** महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं सम्मान विषय पर मंगलवार को बिहार पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में संवादात्मक सत्र उड़ान का आयोजन किया गया।इस मौके पर डीजीपी विनय कुमार ने कहा कि अश्लीलता किसी भी रूप में क्षम्य नहीं है, सबको मिलकर आगे आना होगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद डीजीपी विनय कुमार ने कहा कि समाज में फैली अश्लीलता के खिलाफ सबको मिलकर आगे आना होगा। तिलक जैसे कार्यक्रम में वल्गर गाने पर नाच हो रहा है, ऐसा इसलिए होता है कि उस क्षेत्र के लोग सुनना चाहते हैं। महिलाएं अगर घर से बाहर निकलकर ऐसे गाने बजाने पर रोक लगाने की बात करें, तो सब बंद हो जाएंगे। कहीं स्टेज पर डांस हो रहा है और कोई महिला के गाल पर नोट साट रहा है, ऐसी घटनाएं किसी भी रूप में क्षम्य नहीं है।

# जायंट्स के तत्वावधान में मेगा मेडिकल कैम्प 23 को



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा द्वारा अगामी 23 मार्च को सेंटेवीटा अस्पताल, रांची तथा जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के संयुक्त तत्वधान में होने वाले मेगा मेडिकल कैंप को लेकर स्थानीय ज्ञान निकेतन स्कूल के सभागार में ग्रुप अध्यक्ष राकेश केशरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में शिविर को सुचारु रूप से संचालन हेतु विचार विमर्श किया गया। साथ ही सफल आयोजन हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया। इस मेगा मेडिकल कैम्प में राँची के डॉ आर एस दास के नेतृत्व में विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी निःशुल्क सेवा प्रदान करेंगे। इस अवसर पर जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन के स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी,फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, विनोद कमलापुरी एवं एम पी केशरी, फेडरेशन 8 के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज केशरी, फेडरेशन पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, ग्रुप अध्यक्ष राकेश केशरी, निवर्त्तमान अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान, आन्तरिक उपाध्यक्ष अवधेश कुशवाह, पूर्व अध्यक्ष ध्रुव केशरी, डॉक्टर वीरेंद्र कुमार, दीपक तिवारी, अशोक गुप्ता, संतोष कुमार मेहता, मनोज केशरी(सन रेडियो), विनोद गुप्ता, मनदीप प्रसाद, अरुण सोनी, विजय केशरी (विजय जनरल), अजय केशरी, उमेश कुमार केशरी आदि उपस्थित थे।

# स्मार्ट फैशन छतरपुर के विकास में स्टोन माईल साबित होगा : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मेदिनीनगर :** नगर पंचायत छतरपुर अंतर्गत बारा में स्मार्ट फैशन के नए प्रतिष्ठान का उद्घाटन झामुमो युवा नेता सह संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने रेड रिबन काट कर किया। नारियल फोड़ कर गृह प्रवेश किया।तत्पश्चात रेडीमेड वस्त्र उद्योग के मशीन को मुआयना किया। स्मार्ट फैशन के प्रोपराइटर राजमोहन प्रजापति अंगवस्त्र पुष्पगुच्छ और फूलमाला देकर स्वागत किया। उद्घाटन मौके पर आए लोगों को श्री देव ने बताया कि स्मार्ट फैशन एक दिन छतरपुर से निकल कर पलामू प्रमंडल के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। रेडीमेड गारमेंट्स का कार्य महानगरीय क्षेत्र में होता था किंतु वहां से हुनर लेकर कोई युवा अपने इलाके में वस्त्र उद्योग का फैक्ट्री लगाया है तो निश्चित ही उसका सोच बहुत ही दूरगामी और अपने इलाके के तरक्की का सोच है। अगर हर युवा अपना स्किल लेकर खुद का स्टार्टअप खड़ा कर ले तो कोई बेरोजगार नहीं रहेगा। पलायन भी रुकेगा और देश का सकल घरेलू उत्पाद भी बढ़ेगा। हम ऐसे कार्य करने वाले को प्रशंसा एवं प्रोत्साहन भी करते हैं। खुशी है कि राजमोहन प्रजापति नौकरशाही से ऊपर उठ कर नौकरी देने वालों की श्रेणी में खड़ा हो गए हैं। स्मार्ट फैशन एवं स्मार्ट फैशन फैमिली के उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। हम भरोसा देते हैं हमसे जो सहयोग की अपेक्षा होगा हर कदम आपके साथ खड़े हैं। इस मौके पर मेदिनीनगर सिविल कोर्ट के सीनियर एडवोकेट ओंकारनाथ तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। ओंकारनाथ जी ने नारियल फोड़ कर शुभकामनाएं दी। नथुनी प्रजापति, सुदर्शन प्रजापति, जगदीश प्रजापति, मुन्ना प्रजापति, लालमोहन प्रजापति उदघाटन समारोह में मौजूद रहे।

# अस्ट्रेलिया निर्मित पिस्टल से वीपिन मिश्रा पर गोली चलवाने वाले छह अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा ने पत्रकारों को बताया कि बीते सात मार्च को बरियातु रोड स्थित पेवल वे कटिंग के पास घर ग्रीन पार्क से चेशायर होम रोड ऑफिस जाने के क्रम में कोयला व्यवसायी विपिन कुमार मिश्रा पर अज्ञात तीन बाईक सवार लड़को ने गोली मार कर हत्या करने का प्रयास किया। बिपिन कुमार मिश्रा अपराधियों के गोली बारी से जख्मी हो गए तथा इनका चालक भी हल्का जख्मी हुआ था। दोनो का ईलाज अविलम्ब मेडीका अस्पताल में हुआ और दोनों अभी स्वस्थ्य है और अस्पताल से निकल कर अपने-अपने घर चले गये हैं। इस घटना के संबंध में बरियातु थाना कांड सं0- 63/2025, 7.03.2025, धारा-109/3(5) बी0एन0एस0 एवं 27 आर्म्स एक्ट अज्ञात अपराधकर्मियों के विरुद्ध दर्ज किया गया । कांड के अनुसंधान के क्रम में पाया गया कि बिपिन कुमार मिश्रा कोयला व्यवसायी है, जिन्हें अपराधकर्मी अमन साहु के नाम पर मयंक सिंह उर्फ राहुल सिंह के द्वारा बीपीएन नम्बर से रंगदारी मांगी जा रही थी। तथा इस घटना को उसी क्रम में अंजाम दिया गया है। दिन दहाड़े शहर में गोली बारी की घटना को लेकर वरीय पदाधिकारीयों ने गंभीरता से लिया और नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता के नेतृत्व में 06 पुलिस उपाधीक्षक के साथ अन्य पुलिस पदाधिकारी को शामिल करते हुए एसआईटी टीम का गठन किया गया। शहर के सीसीटीवी को खंगाला जाने लगा। घटना के कई दिन पूर्व एवं बाद के सीसीटीवी को देखते हुए इस घटना में शामिल अपराधकर्मियों की पहचान की जाने लगी।इसी क्रम में घटना के दौरान रेकी करने वाले वाहन यामहा आर15 रजिस्ट्रेशन न0-जेएच 01एफएम 7763 को चिन्हीत किया गया, जिसके ऑनर करन उराँव को पुछताछ हेतु लाया गया, जिन्होंने घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्तों के संबंध में बताया। करन उराँव के निशानदेही पर इस घटना में प्रयोग में लाये गये यामहा ऋ15 रजिस्ट्रेशन न0- जेएच 01एफएम 7763 को कांके थाना क्षेत्र के ग्राम होचर में जगदीप सिंह उर्फ जग्गु के घर से बरामद किया गया तथा इनकी निशानदेही पर बरियातु थाना पर एदलहातु स्थित राम कृष्ण इन्कलेव अपार्टमेंट के आठवें तल्ले में स्थित गेस्ट हाउस से शुटर अविनाश कुमार ठाकुर उर्फ सिल्लु तथा मकसुदन उर्फ सोभित सिंह ,प्रेम प्रकाश पाण्डेय और रहमान अंसारी को गिरफ्तार किया गया तथा इन सभी के पास से दो 09 एम एम ऌस्ख्रष्ट्य लोडेड पिस्टल, एक रेगुलर 09 एम एम पिस्टल एवं एक 7.62 बोर का पिस्टल एवं गोली बरामद किया गया। जिनका उपयोग इस घटना में किया गया है। पुलिस करन उरॉव को पकड़ ली और करन उराँव के साथ लेकर जहाँ मोहराबादी में रह रहा था वहाँ पहुँच गयी और करन उरॉव के निशानदेही पर रहमान, सिल्लु, मकसूदन, को घेर ली। पुलिस ने चारो तरफ से घिर जाने के कारण घटना में प्रयुक्त दोनो ऌद्यश्रष्द्म-2 पिस्टल एवं गोली एवं अन्य दो पिस्टल और गोली को पुलिस के द्वारा सर्च करने से कमरे में दो पिस्टल और बरामद किया गया। पुलिस के द्वारा कागजात मांगने पर प्रेम पांडेय एवं अन्य लोगों के द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। पुलिस ने चारों पिस्टल और गोली को विधिवत जप्त करते हुये मुझे रहमान, सिल्लु, मकसुदन को गिरफ्तार कर लिया गया।

**बरामदगी:** दो 09 एम एम लोडेड पिस्टल, एक रेगुलर 09 एम एम पिस्टल,एक 7.62 एम एम पिस्टल,कुल 06 मैगजीन,कुल 09 एम एम का 18 जिंदा गोली,07.62 एम एमका दो जिंदा गोली,घटना में प्रयुक्त यामहा ऋ15 रजिस्ट्रेशन न0जेएच 01एफ एम 7763 जब्त किए गए।

**छापामारी दल:** संजीव कुमार बेसरा, पुलिस उपाधीक्षक, (सदर), प्रभात बेक, परि0 पुलिस उपाधीक्षक, राँची,दुसरू बानसिंह, परि0 पुलिस उपाधीक्षक, अरमानुल हक, परि0 पुलिस उपाधीक्षक, विनित किण्डो, परि0 पुलिस उपाधीक्षक, प्राणरंजन, पुलिस उपाधीक्षक, एस.आई.टी, श्रीनिवास, पुलिस उपाधीक्षक, साईबर अपराध थाना, पुनि आदिकांत महतो, थाना प्रभारी, कोतवाली, पुनि मनोज कुमार-3, थाना प्रभारी बरियातू थाना,पुनि रंजीत कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी टाटीसिल्वे, पुनि दिग्विजय सिंह, थाना प्रभारी जगनाथपुर,पुनि रुपेश कुमार सिंह, थाना प्रभारी लालपुर,पुनि कुलदीप कुमार, थाना प्रभारी सदर,पुनि अनिल तिवारी, थाना प्रभारी ओरमाँझी,पुनि प्रकाश कुमार रजक, तमाड़ अंचल,पुनि सतीश कुमार गोराई, साईबर अपराध थाना, अनि सतीश कुमार-1, सीसीआर,पुअनि संजीव कुमार, ओपी प्रभारी, बीआईटी मेसरा, अनि चन्द्रशेखर सिंह, थाना प्रभारी, खेलगांव , अनि मनीष कुमार, ओपी प्रभारी, पण्डरा ओपी,पुअनि अभय कुमार 01, थाना प्रभारी पिठौरिया थाना,अनि विश्वजीत कुमार, बरियातु, पुअनि, पंकज कुमार, साईबर अपराध थाना, पुअनि भानु कुमार भारती, बरियातु थाना,पुअनि अक्षय कुमार, बरियातु थाना,सअनि बलेन्द्र कुमार, तकनीकी शाखा,सअनि भीम सिंह, खादगढ़ा टीओपी, 28. सअनि शाह फैसल, तकनीकी शाखा, आ अजमत, तकनीकी शाखा, राँची ।

# छत्तीसगढ़ : सदन में अधूरे सड़क निर्माण का मामला उठा

एजेंसी



**रायपुर :** विधानसभा में मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान विधायक विक्रम उसेंडी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पखांजूर से मायापुर तक सड़क निर्माण का मामला उठाया।उन्होंने सरकार से सवाल किया कि बरसात से पहले सड़क निर्माण पूरा करने की घोषणा के बावजूद अब तक कार्य अधूरा क्यों है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस पर जवाब देते हुए कहा कि 26 जुलाई 2024 को इस सड़क की मरम्मत व सुदृढ़ीकरण की घोषणा की गई थी और कार्य पूरा करने का प्रयास भी किया गया। लेकिन महाराष्ट्र सीमा से जुड़े होने और भारी ट्रैफिक की वजह से कुछ कठिनाइयाँ आईं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस कार्य को पूरा किया जाएगा। विधायक उसेंडी ने आगे सवाल किया कि जब बरसात से पहले कार्य पूरा करने की घोषणा की गई थी, तो अब तक कम से कम पैच रिपेयरिंग का कार्य क्यों नहीं शुरू हुआ? उन्होंने पूछा कि क्या 15 जून से पहले सड़क बन पाएगी? इस पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि 26 जुलाई 2024 के ध्यानाकर्षण में मैने स्ट्रेंथनिंग की घोषणा की थी, और कार्य की पूरा करने की कोशिश भी की गई थी। चूंकि महाराष्ट्र का बॉडर जुड़ गया है तो काफी हैवी ट्रैफिक थी, जिसकी वजह से थोड़ी परेशानी आई, लेकिन इसे जल्द ही कर लिया जाएगा।इस पर विधायक ने कहा कि कम से कम बरसात के बाद आपने काम शुरू करने की बात की थी, उस लिहाज से अब तक तो पैच रिपेयर का काम शुरू करना चाहिए था। क्या 15 जून के पहले तक सड़क बन पाएगी? इस पर उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि बजट प्रावधान के तहत इसे पूरा किया जाना था, लेकिन 15 जून तक कार्य संभव नहीं है।

विधायक ने कहा कि अपने पास समय भी था कि अनुपूरक में इसका लगभग कार्य किया जा सकता था, क्या इसे बरसात के पहले पूरा कर लिया जाएगा? इस पर अध्यक्ष ने कहा कि कम से कम माइनर रिपेयर का काम हो जाए और सड़क चलने लायक हो जाए।

# किसी की कब्र को नुकसान पहुंचाना सही नहीं है : मायावती



एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र में मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को हटाने की कुछ दक्षिणपंथी संगठनों की मांग के बीच बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने मंगलवार को कहा कि किसी की कब्र को नुकसान पहुंचाना सही नहीं है, क्योंकि इससे राज्य में शांति और सद्भाव खराब हो रहा है. मायावती ने कहा कि सरकार को ऐसे उपद्रवी तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए. उन्होंने हिंसा प्रभावित नागपुर में भी असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की.

शिवसेना की राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने भी नागपुर में सोमवार को हुई हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधा. चतुर्वेदी ने दावा किया कि महाराष्ट्र को रणनीतिक रूप से निवेश के लिए अनाकर्षक बनाने की दिशा में ले जाया जा रहा है, ताकि पड़ोसी राज्य गुजरात को लाभ उठाने में मदद मिल सके.अधिकारियों ने बताया कि सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे मध्य नागपुर के चिटनिस पार्क इलाके में तब हिंसा भड़क उठी जब अफवाह फैली कि औरंगजेब की कब्र को हटाने के लिए एक दक्षिणपंथी संगठन द्वारा किए गए आंदोलन के दौरान एक समुदाय का धर्मग्रंथ जलाया गया है. इस दौरान पुलिस पर पथराव किया गया, जिससे छह आम नागरिक और तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए. पुलिस ने नागपुर के महाल क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में तलाशी अभियान के दौरान 15 लोगों को गिरफ्तार किया है.मायावती ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा,महाराष्ट्र में किसी की भी कब्र व मजार आदि को क्षति पहुंचाना व तोड़ना ठीक नहीं है, क्योंकि इससे वहां आपसी भाईचारा, शांति और सौहार्द आदि बिगड़ रहा है. सरकार ऐसे मामलों में खासकर नागपुर के अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करे वरना हालात काफी बिगड़ सकते हैं, जो ठीक नहीं होगा.

# इन 7 तरह की महिलाओं को नहीं मिलेंगे मंईयां सम्मान योजना के 7500 रुपये

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने मंईया सम्मान योजना के तहत पहले चरण में 38 लाख महिलाओं के बैंक खातों में 7500 रुपये की राशि जमा कर दी है। हालांकि, सरकार ने अब स्पष्ट रूप से कहा है कि कुछ खास श्रेणियों की महिलाओं को इस योजना से बाहर कर दिया गया है।

**इन महिलाएं हैं, जिन्हें मंईया सम्मान योजना का लाभ नहीं मिलेगा:** राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि मंईया सम्मान योजना का लाभ सिर्फ 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को दिया जाएगा। अगर किसी महिला की उम्र 1 मार्च 2025 तक 50 वर्ष से अधिक हो चुका है, तो उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

**रोजगार से जुड़ी महिलाएं:** जो महिलाएं पहले से किसी नौकरी या व्यवसाय से जुड़ी हुई हैं और उन्हें हर महीने नियमित रूप से वेतन मिल रहा है, उन्हें मंईया सम्मान योजना का लाभ नहीं मिलेगा। मंईया सम्मान योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को सहायता देना है। जिन महिलाओं के पास पहले से आय का स्रोत है, उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

**पेंशन योजना की लाभार्थी महिलाएं:** अगर कोई महिला पहले से ही किसी अन्य सरकारी पेंशन योजना (जैसे कि विकलांग या विधवा पेंशन) का लाभ ले रही है, तो उसे मंईया सम्मान योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

**सरकारी नौकरी वाले परिवार की महिलाएं:** अगर लाभार्थी महिला के परिवार का कोई भी सदस्य सरकारी नौकरी कर रहा है या सेवानिवृत्त होने के बाद पेंशन ले रहा है, तो ऐसी महिलाओं को मंईया सम्मान योजना का लाभ नहीं मिलेगा। सरकारी नौकरी वाले परिवार पहले से ही आर्थिक रूप से सक्षम होते हैं, इसलिए ऐसी महिलाओं को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।




**जनप्रतिनिधियों के परिवार की महिलाएं:** अगर लाभार्थी महिला के परिवार में कोई भी सदस्य सांसद, विधायक या अन्य जनप्रतिनिधि रह चुका है, तो ऐसी महिलाओं को मंईया सम्मान योजना से बाहर कर दिया गया है। सरकार का मानना है कि जनप्रतिनिधियों के परिवार पहले से ही आर्थिक रूप से सक्षम होते हैं, इसलिए उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

**आयकर दाता के परिवार की महिलाएं:** अगर लाभार्थी महिला के परिवार का कोई भी सदस्य आयकर देता है, तो उसे मंईया सम्मान योजना से बाहर कर दिया जाएगा। जो परिवार आयकर देता है, वह आर्थिक रूप से सक्षम होता है और उसे सरकारी सहायता की आवश्यकता नहीं है। इसलिए आयकर दाता के परिवार की महिलाओं को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

**ईपीएफ धारक महिलाएं:** जो भी महिलाएं कर्मचारी भविष्य निधि की सदस्य हैं, उन्हें मंईया सम्मान योजना का लाभ नहीं मिलेगा। ईपीएफ धारकों को पहले से ही सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिलता है। जो महिलाएं पहले से ईपीएफ का लाभ ले रही हैं, उन्हें मंईया सम्मान योजना से बाहर कर दिया जाएगा।

**7500 रूपये कब तक मिलेगा:** मिली जानकारी के अनुसार जिन महिलाओं का सत्यापन पूरा हो चुका है और दस्तावेज सही हैं, उनके बैंक खाते में 31 मार्च 2025 तक 7500 रुपये की राशि ट्रांसफर कर दी जाएगी। जिन महिलाओं के दस्तावेज अधूरे हैं या जिनका भौतिक सत्यापन नहीं हुआ है उन्हें लाभ नहीं मिलेंगे। अगर आपने अभी तक अपने दस्तावेज जमा नहीं किए हैं या सत्यापन प्रक्रिया पूरी नहीं की है, तो इसे जल्द से जल्द पूरा करें ताकि आपको मंईया सम्मान योजना का लाभ मिल सके।